सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,087 |
| निफ्टी | 24,620 |
| सोना | 96,747 |
| चांदी | 1,00,980 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



हिमाचल में कानून-व्यवस्था बदहाल बेखौफ घूम रहे अपराधी: डॉ. बिंदल

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 5 जून 2025 | 23 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 157, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# सरकारी अस्पतालों में अब पर्ची के कटेंगे 10 रुपए

## कई मुफ्त टेस्ट भी रद्द, निशुल्क जांच और एक्स-रे सुविधा भी समाप्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अब मरीजों को पर्ची बनवाने के लिए 10 रुपए का परामर्श शुल्क चुकाना होगा। यह निर्णय रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं जैसे स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और उपकरणों के रखरखाव को बेहतर बनाने के लिए लिया गया है। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार पहले जहां पर्ची के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, वहीं अब सरकार ने 14 श्रेणियों को दी जा रही निशुल्क डायग्नोस्टिक जांच और एक्स-रे की सुविधा भी वापस ले ली है। इन श्रेणियों में कैंसर व किडनी मरीज, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग (60 साल से अधिक), टीबी मरीज, दिव्यांग, मानसिक रोगी, जेल बंदी, एचआईवी पॉजिटिव रोगी सहित अन्य संवेदनशील वर्ग शामिल थे। अब करीब 133 टेस्टों के लिए भी मरीजों को भुगतान करना होगा। हिमाचल की कांग्रेस सरकार का कहना है कि प्रदेश के गंभीर आर्थिक संकट के कारण यह फैसला लिया गया है।

**133 टेस्टों के लिए भी मरीजों को करना होगा भुगतान**

### शुल्क लगाने के पीछे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने दिया था यह तर्क



**शुल्क** लगाने के पीछे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने बीते माह तर्क दिया था कि मुफ्त पर्ची को लोग संभालकर नहीं रखते, इससे डॉक्टरों को भी परेशानी होती है। पर्ची बनाने के 10 रुपए लगेंगे तो लोग इसे संभालकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि पीजीआई चंडीगढ़ में भी यह शुल्क लिया जाता है।

### हिमाचल में कांग्रेस सरकार छीन रही मुफ्त इलाज का अधिकार : जयराम ठाकुर

# शुल्क की सरकार का असहाय मरीजों पर दोहरा वार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एक तरफ 'अमृत काल' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को 'फ्री ड्रग पॉलिसी' के तहत निशुल्क उपचार और 'फ्री डायग्नोस्टिक इनिशिएटिव सर्विसेज' के तहत निशुल्क जांच की सुविधा देकर देशवासियों का मौलिक अधिकार सुनिश्चित किया है। वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार, जिसे सुक्खू सरकार कहा जाता है, असहाय मरीजों पर दोहरा वार कर रही है। यह सरकार प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद लोगों से मुफ्त इलाज और जांच का उनका संवैधानिक अधिकार छीन रही है। ये आरोप लगाते हुए शिमला से जारी अपने बयान में हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। अगर कोई बीमार व्यक्ति अस्पताल पहुंचता है, तो उसे सबसे पहले 'शुल्क की सरकार' को पैसा देना पड़ता है, भले ही उसे डॉक्टर मिले या न मिले।

### लोगों पर नए-नए शुल्क थोपे जा रहे

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार सुविधाओं को दुरुस्त करने की बजाय लोगों पर नए-नए शुल्क थोपने में व्यस्त है। जब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के माध्यम से केंद्र सरकार इन जांचों का पूरा खर्च उठा रही है, तो फिर 'सुख की सरकार' प्रदेशवासियों से यह मौलिक अधिकार क्यों छीन रही है?

## न्यूज शॉर्ट्स

### यशस्वी राष्ट्रपति की पहली महिला एडीसी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर यशस्वी सोलंकी को राष्ट्रपति का एड-डी-कैंप (एडीसी) नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति आर्म्ड फोर्सेज का सुप्रीम कमांडर होता है। यह पहला मौका है जब नौसेना की किसी महिला अफसर को सुप्रीम कमांडर के एड-डी-कैंप का पद दिया गया है। राष्ट्रपति को 5 एडीसी दिए जाते हैं। इनमें से 3 थल सेना से, 1 वायुसेना और 1 नौसेना से होता है। इसके लिए राष्ट्रपति खुद ही अफसरों का चयन करते हैं। यशस्वी सोलंकी हरियाणा की रहने वाली हैं। साल 2012 में उन्होंने शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत नौसेना जॉइन की थी। यहां 5 से 7 साल तक सेवाएं देने के बाद अब उन्हें राष्ट्रपति का एडीसी बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### जासूसी : पंजाब का एक और यूट्यूबर गिरफ्तार



**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब से एक और यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी जसबीर सिंह रूपनगर के महलां गांव का रहने वाला है और उसके यूट्यूब चैनल 'जान महल' पर 10 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं। वह 3 बार पाकिस्तान जा चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि वह आईएसआई एजेंट शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा के संपर्क में था। (अनंत ज्ञान)

### स्टारलिंक को भारत में लाइसेंस जल्द : सिंधिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एलन मस्क की स्टारलिंक को सैटेलाइट इंटरनेट प्रोजेक्ट के लिए जल्द ही भारत में ऑपरेटिंग लाइसेंस मिलने वाला है। यह बात कम्युनिकेशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कही है। स्टारलिंक को डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन ने पहले ही लेटर ऑफ इंटेंट दे दिया है। अब स्टारलिंक को सिर्फ आईएन-स्पेस से फाइनल अप्रूवल मिलना बाकी है। सिंधिया ने कहा कि अभी फिलहाल दो कंपनियों- वनवेब और रिलायंस को सैटेलाइट कनेक्टिविटी के लिए लाइसेंस मिले हैं। (अनंत ज्ञान)

### पटना में जहाज में बम की सूचना से हड़कंप

**एजेंसी, पटना।** पटना में इंडिगो की फ्लाइट में बुधवार को बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। लैंडिंग से 8 मिनट पहले इंडिगो के स्टेशन मैनेजर को विमान में बम होने का मैसेज मिला। एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई। विमान को दोपहर 12:53 बजे पटना एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाइट में कुल 195 यात्री सवार थे। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- देश के मुद्दों को उठाता रहूंगा: प्रेम कौशल — पेज 2
- हिमाचल में अब 9 महीने बाद ही होंगे शिक्षकों के तबादले — पेज 3
- सुक्खू ने देहरा में किए 233 करोड़ की उद्घाटन-शिलान्यास — पेज 5
- बोलेरो पिकअप से देवदार के 29 अवैध स्लीपर जब्त — पेज 9
- आपदा से बचाव के लिए 6 जून को काजा में मॉक ड्रिल — पेज 10

# आरसीबी की विक्ट्री परेड में भगदड़, 11 लोगों की मौत

## सीएम सिद्धारमैया बोले- स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग पहुंचे, हम तैयार नहीं थे

**एजेंसी, बेंगलुरु**



बेंगलुरु में बुधवार शाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री परेड में भगदड़ मचने से 11 लोग मारे गए, जबकि 47 घायल हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची, तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे, जबकि स्टेडियम की कैपासिटी 35000 थी। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया।

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा,- 'लाखों की भीड़ मौजूद थी। हम अभी स्थिति को सामान्य करने में जुटे हैं।'

टीम जब एयरपोर्ट पहुंची तब वहां हजारों फैंस मौजूद थे। विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी प्लेयर्स का सम्मान किया। इसके बाद चिन्ना स्वामी स्टेडियम में भी कार्यक्रम हुए।

**पीड़ितों की जितनी मदद हो सकेगी करेंगे : राजीव शुक्ला**

बीसीसीआई के वाइस प्रेजिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि मृतकों और घायलों की जितनी मदद हो सकती है, हम करेंगे। हम कर्नाटक सरकार से भी बात कर रहे हैं। इसके साथ ही आईपीएल फ्रेंचाइजी से भी बात हो रही है। यह कोई पॉलिटिक्स की बात नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**प्रधानमंत्री** मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदानाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।

### जिंदगी की कीमत पर जीत का जश्न नहीं

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'जीत का जश्न कभी लोगों की जिंदगी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। मैं इस हादसे से हैरान हूं। जिन्होंने अपनों को खोया है, मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। कर्नाटक सरकार को तुरंत हालात की समीक्षा करके जरूरी कदम उठाने चाहिए।'

# राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना से पीछे हटने वाली नहीं : मुख्यमंत्री

## सुक्खू बोले- ग्रीन एनर्जी में हिमाचल बनेगा देश का मार्गदर्शक

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**ढलियारा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला कांगड़ा के राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में आयोजित दो दिवसीय 32वीं हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार हमें बार-बार यूपीएस लागू करने को कह रही है, लेकिन राज्य सरकार ओपीएस से पीछे हटने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश देश का मार्गदर्शक बनेगा। देश के बाकी राज्य हिमाचल का अनुसरण करेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। इस कार्यक्रम में 12 जिलों से आए लगभग 600 बाल वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। सीएम ने साइंस क्विज, मैथेमेटिकल ओलंपियाड, इनोवेटिव साइंस मॉडल, साइंस स्किल, निबंध लेखन तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



ढलियारा में राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### धर्मशाला में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय धर्मशाला में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर चक्षु चक्र का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थित विकसित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) चक्षु चक्र का उद्घाटन किया। इस परियोजना के अंतर्गत शहर के 89 चिन्हित महत्वपूर्ण स्थानों पर कुल 229 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 7 साइट पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत कैमरे लगाए गए हैं। यह परियोजना स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत वित्तपोषित है, जो नागरिक केंद्रित शहरी विकास के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अत्याधुनिक केंद्र 2.72 करोड़ की लागत से स्थापित किया गया है।

# आतंकवाद पर भारत का हित पार्टी लाइन से ऊपर : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विदेश गए प्रतिनिधिमंडल के साथ सांसद अनुराग सिंह ठाकुर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत की ओर से सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अंतर्गत चार देशों कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथोपिया व मिस्र के सफल दौरे में विभिन्न आधिकारिक बैठकों के दौरान भारत का पक्ष रखते हुए आतंकवाद पर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब किया। अनुराग ने कहा, 'विविधता में एकता सदा से भारत की पहचान रही है। भारत एक बहुसांस्कृतिक, बहु भाषी व बहुत सी धार्मिक मान्यताओं को मानने वाला देश है। हम विविधता का सम्मान करते हैं, मगर हमारी सहृदयता को हमारी कमजोरी समझने की भूल न करें। आतंकवाद मानवता के लिए अभिशाप है और आतंकवाद पर लगातार प्रहार अब भारत का न्यू नॉर्म है। भारत आतंकवाद को पालने पोसने वाली सरकार और आतंक के आकाओं में कोई फर्क नहीं करेगी। पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है, भारत के पास इसके पर्याप्त सबूत हैं।'

बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले पर भारत की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता व आतंक को पालने वाली पाकिस्तानी नीति को दुनिया के सामने उजागर करने के लिए भारत की ओर से 7 समूहों ने कई देशों की अपनी सफल यात्रा के दौरान तथ्यों के साथ पाकिस्तान में चल रहे आतंकी कैंपों में पाकिस्तान सरकार और सेना की मिलीभगत को दुनियाभर में बेनकाब किया है।

# 'सरेंडर' कांग्रेस की डिक्शनरी और डीएनए में : जेपी नड्डा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'नरेंद्र सरेंडर' वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार किया है। नड्डा ने बुधवार को एक्स पर दो पोस्ट किए। इसमें उन्होंने राहुल गांधी से कहा- 'राहुल गांधी, सरेंडर आप करते होंगे, क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है। भारत कभी सरेंडर नहीं करता। सरेंडर आपकी पार्टी कांग्रेस की डिक्शनरी में है, आपके डीएनए में है।' नड्डा ने लिखा, 'पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के सरेंडर की बात कर रहे हैं। उनको पता होना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा सरकार ने नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अधिकारियों ने की थी।' जेपी नड्डा ने कहा 'जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचाई, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी वह कहने की हिम्मत नहीं की, जो राहुल गांधी बोल रहे हैं। उन्होंने जो कहा, वह देशद्रोह से कम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

**कहा, राहुल गांधी का बयान देशद्रोह से कम नहीं**

# कार पर पलटा ट्रक नौ लोगों की मौत

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के मेघनगर इलाके में एक मारुती सुजुकी ईको कार पर सीमेंट से लदा ट्रक पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई है। हादसा बुधवार सुबह तीन से चार बजे के करीब हुआ है। ईको कार में कुल 11 लोग सवार थे, जो कि शादी से लौट रहे थे। इनमें से एक ही परिवार के नौ लोग थे। हादसे में 2 लोग घायल हुए हैं, जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। (अनंत ज्ञान)

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है। सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के 'स्पेशल सेशन' की मांग के बीच किया है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में अगले साल जातीय जनगणना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार देश में जातीय जनगणना 1 मार्च, 2027 से कराने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जातीय जनगणना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले 4 पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में कराई जाएगी। यहां 1 अक्तूबर, 2026 से इसकी शुरुआत होगी। केंद्र ने 30 अप्रैल को देश में आजादी के बाद पहली बार जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है।

इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

**उत्तराखंड, लद्दाख व जम्मू-कश्मीर में भी होगी**

# बाली ने दिल्ली में रखी हिमाचल को पर्यटन हब बनाने की बात

## केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से की भेंट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**




हिमाचल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रैंक एवं पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने मंगलवार को देश की राजधानी दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात शेखावत के निवास पर हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच हिमाचल में पर्यटन की असीम संभावनाओं को लेकर गहन चर्चा हुई।

बाली ने जानकारी देते हुए कहा, 'हिमाचल प्रदेश के पर्यटन पर विस्तृत बातचीत हुई। मैंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा को 'हिमाचल की पर्यटन राजधानी' घोषित किया है। इसी क्रम में मैंने उन्हें हिमाचल, विशेषकर कांगड़ा आने का आमंत्रण भी दिया है।' बाली ने दोनों सरकारों के सहयोग को अहम बताते हुए कहा कि इस बैठक में यह भी चर्चा हुई कि केंद्र और राज्य मिलकर कैसे हिमाचल में पर्यटन विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री शेखावत ने हिमाचल को भारत की पर्यटन पहचान का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए उत्साहपूर्वक सहयोग का भरोसा दिलाया है। बाली ने कहा कि इस भेंट से हिमाचल में पर्यटन विकास को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीदें और प्रबल हो गई हैं।

**एहतियात** | हिमाचल में लौटा कोरोना, सिरमौर में मामला सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# अस्पतालों में मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** देश के विभिन्न हिस्सों में कोविड-19 के मामलों में एक बार फिर इजाफा देखने को मिल रहा है और अब इसकी आंच हिमाचल प्रदेश तक भी पहुंच गई है। सिरमौर जिले के नाहन में एक महिला बुजुर्ग के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद हिमाचल प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है।



संक्रमण के संभावित खतरे को देखते हुए, विभाग ने राज्यभर में एक नई और सख्त कोविड एडवाइजरी जारी की है, जिसमें आम जनता और स्वास्थ्य संस्थानों के लिए कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया गया है। यह नियम न केवल मरीजों पर लागू होगा, बल्कि उनके साथ आने वाले तीमारदारों को भी इसका पालन करना होगा। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये वर्ग संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। सार्वजनिक स्थानों पर सोशल सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार बाजारों, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लोगों से उचित शारीरिक दूरी बनाए रखने का आग्रह किया गया है। खांसी,

### अस्पतालों को जरूरी निर्देश

**स्वास्थ्य** विभाग ने एक सप्ताह पहले ही सभी अस्पतालों को अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। इसमें ऑक्सीजन प्लांट की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पर्याप्त टेस्टिंग किट्स का स्टॉक रखना, आईसीयू बेड की तैयारी और पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता शामिल है।

### लोग घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क रहें

**स्वास्थ्य** विभाग ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की घबराहट में न आएं, लेकिन साथ ही पूरी सतर्कता बरतें। कोविड संक्रमण से बचाव के लिए पूर्व में सुझाए गए उपाय, जैसे मास्क पहनना, हाथों की नियमित सफाई करना और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचना, अब भी उतने ही महत्वपूर्ण और प्रभावी हैं। इसलिए, इन सावधानियों का पालन करके ही इस चुनौती का सामना कर सकते हैं।

### विभाग ने सख्त कोविड एडवाइजरी की जारी

बुखार या जुकाम जैसे किसी भी कोविड-19 से मिलते-जुलते लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराने की सख्त हिदायत दी गई है।

राज्य के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओएस), सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों और अस्पताल अधीक्षकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्हें स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर रोकथाम के उपायों को तुरंत और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## बिझड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाल विकास परियोजना बिझड़ी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मतझ्याणा और कनोह-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा, जबकि, आंगनबाड़ी केंद्र खंगालता, कठुलना, कुलेहड़ा, छेब, ब्याड़कलां, चरचेहड़ी, बदलोई, बढ़नी, राणा ब्राह्मणा, मैहरे-1, मैहरे-2, दांदड़ू, सेर टिल्लू, नाईल-1, घंगोट खुर्द और कल्वाल में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। बिझड़ी के बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए पात्र महिला उम्मीदवार 23 जून शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बिझड़ी में सादे कागज पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदक की आयु 23 जून 2025 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। आवेदक कम से कम 12वीं पास हो और उसके परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न हो। इन पदों के लिए साक्षात्कार 2 जुलाई को सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी में होंगे। साक्षात्कार के लिए अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। साक्षात्कार के समय आवेदक को सभी मूल प्रमाण पत्रों साथ लाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत या सीडीपीओ कार्यालय बिझड़ी में संपर्क किया जा सकता है।

## आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में आज लगेगा शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में 5 जून को निशुल्क स्पिरोमेट्री शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में सांस से संबंधित रोगी निशुल्क उपचार और परामर्श का लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी डॉ. अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि हमारे आसपास का पर्यावरण दूषित हो गया है, ऐसे में सांस के मरीजों में सांस फूलने, अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य लोगों को इन बीमारियों के बारे में समय रहते जागरूक करना है। शरीर के अंगों को ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और यह ऑक्सीजन फेफड़ों के द्वारा खून से शरीर के अंगों तक पहुंचती है। सेहतमंद रहने के लिए श्वसन तंत्र और फेफड़ों के कार्यों की जांच करना बेहद जरूरी होता है। अगर आपको भी सांस लेने में समस्या या सांस की बीमारी से संबंधित कोई लक्षण हैं तो आप ज्यादा से ज्यादा इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## विधायक लखनपाल ने सड़क का किया निरीक्षण

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत लखनपाल ने गांव भारत में श्मशानघाट तक बनने वाली सड़क का स्थल निरीक्षण किया। आजकल विधायक लखनपाल विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं और क्षेत्र में विधायक निधि से करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों को विकास आत्मिक कार्य करवाते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना को कहा गया। बहुप्रतीक्षित सड़क ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसका जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूरा किया जाएगा।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विकासखंड कार्यालय सुजानपुर में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी किशोरी लाल जसवाल द्वारा की गई। इस मौके पर विकासखंड की 7 ग्राम पंचायतों बनाल, री, टीहरा, जोल, जंगल, खैरी व रंगड़ के प्रधान-उपप्रधान व पंचायत सचिव उपस्थित रहे। कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता मॉडल उपनियम 2025 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई व आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पंचायतों में वार्ड स्तर पर कार्य योजना को जागरूक करने हेतु उप ग्रामसभा का आयोजन करने के निर्देश दिए। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर विस्तृत एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई। पंचायतों में प्लास्टिक कचरा के एकत्रीकरण पर कैसे कार्य किया जाए, इस पर कार्य योजना बनाई गई। गौरतलब रहे पनोह पंचायत में विकास खंड का प्लास्टिक कचरा प्रबंधन यूनिट स्थापित किया गया है।

## वाणिज्य प्रवक्ता यशपाल ने की छात्रों की सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बदारन में कार्यरत वाणिज्य प्रवक्ता यशपाल चंदेल ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने अपने स्कूल में वाणिज्य विषय के 42 छात्रों को अपनी ओर से वाणिज्य की पुस्तक और वर्क बुक देकर एक मिसाल पेश की है। यशपाल चंदेल पिछले कई सालों से बदारन विद्यालय में वाणिज्य प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं और उनका प्रयास छात्रों के प्रति उनकी समर्पण भावना को दर्शाता है। इस पहल से न केवल छात्रों को आर्थिक रूप से राहत मिली है, अपितु उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के स्कूलों में वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों की संख्या कम हो रही है, लेकिन यशपाल चंदेल के प्रयासों से उनके स्कूल में इस विषय के विद्यार्थियों की संख्या संतोषजनक है। स्थानीय अभिभावकों ने यशपाल चंदेल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि यह स्पष्ट है कि वह न केवल एक अच्छे शिक्षक हैं, बल्कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उनकी इस पहल से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने छात्रों के लिए इसी तरह के प्रयास करेंगे।



## मनोहर बने बाहन्वीं सहकारी सभा के अध्यक्ष

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** उप भोरंज की दी बाहन्वीं कृषि सहकारी सभा कमेटी के चुनाव बुधवार को सहकारी सभाएं निरीक्षक राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसमें मनोहर लाल शर्मा को अध्यक्ष व बदलेव दास शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा किशन चंद, हंसराज शास्त्री व कश्मीर सिंह को कमेटी के सदस्य निर्वाचित किया गया।

## पनसाई में छबील के साथ लगाया भंडारा



**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** नादौन उपमंडल के पनसाई गांव में बुधवार को छबील के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्रांति युवक मंडल पनसाई के सदस्य सहित मोनू, अजीत, हरीश, अशोक, रिपल, रिक्की, संजीव व रामू सहित गांव के अन्य लोगों के अलावा बुजुर्ग भी उपस्थित रहे।

## सुजानपुर में फेंटे जा रहे कर्मचारी-अधिकारी : भाजपा



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में दिन के समय अधिकारी कर्मचारी ऑन ड्यूटी होते हैं और शाम को जब घर वापसी होती है तो उन्हें पता चलता है कि उनका तबादला कहीं और कर दिया गया है। सुजानपुर में कर्मचारी ट्रांसफर किए जा रहे हैं। यह बात सुजानपुर एवं टौणी देवी भाजपा मंडलों के दोनों अध्यक्षों प्रो. विक्रम राणा और जसवंत ठाकुर ने सुजानपुर पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। भाजपा नेताओं ने कहा कि क्रिटिकल केयर यूनिट जो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा सांसद अनुराग ठाकुर और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के प्रयासों से उन्होंने सुजानपुर के लिए स्वीकृत किया है, उसका झूठा श्रेय विधायक लेने की लगातार कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई क्या है, यह सब को पता है। भाजपा मंडल उनसे क्रिटिकल केयर यूनिट को लेकर पत्र सार्वजनिक करने के लिए मांग करता है।

## नादौन विकास खंड की 59 टीमें करेंगी बीपीएल सर्वे



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन विकास खंड की 59 पंचायतों में बीपीएल के लिए चयनित किए जाने वाले परिवारों का सर्वे 59 टीमें करेंगी। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने एक विशेष बातचीत के दौरान दी। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि एसडीएम नादौन की अध्यक्षता में गठित इन 59 टीमों में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हल्का पटवारी मुख्य रूप से सदस्य होंगे, जो बीपीएल चयन के लिए आवेदनकर्ताओं के घर-घर जाकर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों का सर्वेक्षण करेंगे और सर्वे के बाद उनके द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट की छटनी की जाएगी। इस छटनी में उन्हीं आवेदनकर्ताओं के आवेदन को मान्य माना जाएगा, जो प्रदेश सरकार द्वारा बीपीएल परिवार के चयन के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हो। अधिकारी ने बताया कि उसके उपरांत सर्वे टीम द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट की छटनी रिपोर्ट को जुलाई महीने के पहले सप्ताह में विकास खंड कार्यालय में जमा करवाना होगा, ताकि उस रिपोर्ट को जुलाई महीने में होने वाली ग्रामसभा की बैठक में समस्त पंचायत वासियों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

# देश के मुद्दों को उठाता रहूंगा : कौशल

### बोले-मैं कोई साधु तो हूं नहीं; महत्वाकांक्षाएं तो रहती ही हैं, भाजपा करती है भ्रम की राजनीति

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता से अनंत ज्ञान की
**विशेष बातचीत**

**हमीरपुर।** प्रदेश में कांग्रेस संगठन को लेकर पिछले 6 महीनों से माथापच्ची चल रही है। सत्ता के ढाई साल बीत चुके हैं। क्या संगठन में ईमानदारी से काम करने वालों को तवज्जो नहीं मिल रही या फिर वे पिछड़ रहे हैं। क्या ईमानदारी से काम करने वाले मायूस हैं। हिमाचल कांग्रेस के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल से अनंत ज्ञान ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने बेबाकी के साथ अपनी बात भी रखी और संगठन को आगे ले जाने के लिए निष्ठावान और ईमानदारी से काम करने वालों को आगे लाने की जरूरत महसूस की। उनका कहना है कि राहुल गांधी इसी एजेंडे पर चल रहे हैं। शायद इसी की वजह से प्रदेश में संगठन के गठन को लेकर थोड़ी देरी हुई है।

कांग्रेस के भीतर विरोधियों से लड़ने वाले नेता और कार्यकर्ता क्या अनदेखी की वजह से कहीं पीछे छिपे हुए हैं। कौशल का कहना था कि भाजपा के दुष्प्रचार को हैंडल करने के लिए कांग्रेस के मीडिया विभाग को और मजबूत करना होगा। इसका ब्लॉक स्तर पर गठन होना चाहिए। इसमें समर्पित और विजनरी लोगों को लेना चाहिए, जो सेल्फलेस तरीके से लड़ाई लड़ सकें। लालसा और महत्वाकांक्षा रखने वालों से पार्टी को बचना होगा। राहुल गांधी खुद कह रहे हैं कि रेस के घोड़े को आगे लाया जाएगा। बारात के घोड़े की कांग्रेस की आवश्यकता नहीं। राहुल गांधी इसी सोच पर चल रहे हैं। शायद हिमाचल के संगठन में भी गठन को लेकर जो देरी हुई है, उसके पीछे यही सोच मकम्मल तौर पर काम कर रही है, लेकिन अब उम्मीद है, बहुत जल्द संगठन का ढांचा तैयार होने वाला है।

हमीरपुर सीएम का जिला है, यहां संगठन को लेकर कौशल का कहना है कि निश्चित रूप में हमीरपुर और मजबूत होना चाहिए। यहां काम करने वालों को आगे लाया जाना चाहिए, लेकिन यह स्थिति हमीरपुर ही नहीं, पूरे प्रदेश में जरूरी है। जिले में तो मुख्यमंत्री विकास के पहिये को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। कोई कसर नहीं छोड़ रहे। संगठन की दृष्टि से भी मकम्मल तौर पर प्रयास प्रदेश स्तर पर होने की उम्मीद है। संगठन के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के भाजपा के नेताओं पर हमला करने में कौशल से जब पूछा गया तो उनका कहना था कि राहुल गांधी जिस विजन से संगठन को खड़ा करने की सोच पाले हुए हैं, भाजपा नेताओं के झूठे प्रचार को टैकल करने के लिए कांग्रेस में भी वैसे ही मजबूत लोगों को अब नई ऊर्जा के साथ तैयार होना चाहिए, शायद इसी में राहुल गांधी लगे हुए हैं। संगठन में तो मुख्य प्रवक्ता का ओहदा रहा है, लेकिन क्या सरकार में किसी तरह की कोई भागीदारी नहीं मिलने की कौशल को कोई टीस है? उनका कहना था कि इंतजार का कोई प्रश्न नहीं है, मैं भी कोई साधु नहीं हूं, मेरी भी महत्वाकांक्षाएं रहती हैं, मैं भी इंसान हूं, मगर मैं समझता हूं सकारात्मक सोच की कीमत कभी ना कभी उठानी पड़ती है।

समय रियल वर्क करने की बजाए स्मार्ट वर्क करने का है। कई बार रियल वर्क करने वाले पिछड़ जाते हैं, स्मार्ट वर्क करने वाले आगे निकल जाते हैं, मगर मुझे इस बात की खुशी है कि ईमानदारी और निष्ठा से देश के मुद्दों को मैं लगातार उठता रहता हूं। कांग्रेस के विचार को पूरी कमिटमेंट के साथ आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना। मुख्यमंत्री सब जानते हैं, वह मेरी कार्यप्रणाली को सराहते भी हैं। यही मेरे लिए-मान सम्मान है। कांग्रेस के लिए काम करते रहना मेरा पैशन है और किसी तरह की कोई टीस उन्हें है, इसका प्रश्न नहीं उठता। 1985 से छात्र राजनीति से करियर की शुरुआत की थी, कांग्रेस के पास विजन है और भाजपा झूठ के माध्यम से भ्रम की राजनीति करती है। इसी से कांग्रेस को टैकल करना है।

# पर्यावरण, योग, आपातकाल और बलिदान दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**जिला भाजपा का जून में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी**

भारतीय जनता पार्टी, जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जून माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी किया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत का अमृत काल-सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष थीम पर जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक विभिन्न आयोजन होंगे। इस क्रम में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से शुरू होगा, जिसकी अवधि 45 दिन तक चलेगी। इसके तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा।

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन होगा। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस से लेकर 6 जुलाई तक अखंड भारत के रूप में बूथ स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसी श्रृंखला में जिला स्तर पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश स्तर से आए वक्ता विचार साझा करेंगे। 25 जून को आपातकाल के 50वें वर्ष को काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर भी कार्यक्रम होंगे। सभी कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए दो समितियों का गठन किया गया है। पर्यावरण, योग दिवस व आपातकाल कार्यक्रमों के लिए संयोजक वीरेंद्र ठाकुर (पूर्व मंडल अध्यक्ष सुजानपुर), सहसंयोजक पवन शर्मा, होशियार सिंह व विपिन अग्निहोत्री रहेंगे। संकल्प से सिद्धि के 11 वर्ष व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कार्यक्रमों के संयोजक देवराज शर्मा, सहसंयोजक अजय रिंटू शर्मा, चमन ठाकुर व सुरेश सोन, ये दोनों समितियां 5 जून को पार्टी कार्यालय दीपकमल, शिमला में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में भाग लेंगी। इसके उपरांत 7 जून को जिला स्तरीय कार्यशाला गसोता महादेव के सराय भवन में आयोजित होगी, जिसमें सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा और अलग-अलग समितियों का गठन भी किया जाएगा ताकि कार्यक्रम संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप सफल हो सकें।

जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सभी मंडलों को कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मंडल स्तर पर अलग-अलग रणनीतियां तैयार की जा रही हैं ताकि सभी आयोजन जनहितकारी व प्रभावी सिद्ध हों।

## सहकारिता विभाग आज निकालेगा पैदल मार्च

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर सहकारिता विभाग वीरवार सुबह हमीरपुर में पैदल मार्च आयोजित करेगा। सहकारी सभाओं के रजिस्ट्रार डॉ. आरके पुर्थी वीरवार सुबह करीब 7:30 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर से इस पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सहायक रजिस्ट्रार ने बताया कि इस वर्ष को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के रूप में मनाया जा रहा है और इस उपलक्ष्य पर सहकारिता विभाग कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में वीरवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर हमीरपुर में पैदल मार्च निकाला जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह पैदल मार्च उपायुक्त कार्यालय से आरंभ होगा और अणु, हीरानगर तथा डांग क्वाली से होते हुए वापस उपायुक्त कार्यालय परिसर में समाप्त होगा। सहायक रजिस्ट्रार ने सभी हमीरपुरवासियों से इस मार्च में भाग लेने की अपील की है।

# अवैध शराब कारोबार व विमल नेगी केस पर राणा ने उठाए गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह न केवल अपने खास मित्रों को लूट की खुली छूट दे रही है, बल्कि अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की मिसाल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि गलत नीतियों की वजह से यह सरकार ठन-ठन गोपाल हो चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को संरक्षण दे रही है और मुख्यमंत्री कार्यालय स्वयं पुलिस और प्रशासन पर दबाव बना रहा है कि असली दोषियों को बचाया जाए। बुधवार को निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राणा ने सिरमौर जिले के काला अंब में स्थित एक शराब फैक्टरी पर हाल ही में हुई छापेमारी का हवाला देते हुए कहा कि वहां हजारों लीटर अवैध शराब मिलने के बावजूद फैक्टरी मालिक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे, पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, क्योंकि मुख्यमंत्री कार्यालय से स्पष्ट निर्देश थे कि असली आरोपियों को बचाया जाए।

वहीं, पूर्व विधायक ने राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इंजीनियर विमल नेगी की रहस्यमयी मौत की सीबीआई जांच को लेकर सरकार क्यों घबरा रही है? उन्होंने कहा कि जब हिमाचल हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी, तो सरकार बेचैन हो गई और शिमला के एसपी संजीव गांधी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में अपने ही वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए गए आरोपों पर भी चुप्पी साध ली। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुजानपुर के मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार और महामंत्री सुरेश कुमार भी मौजूद थे।

# प्रेस क्लब हमीरपुर मनाएगा रजत जयंती समारोह



प्रेस क्लब हमीरपुर ने रजत जयंती समारोह को लेकर बैठक का आयोजन किया और विभिन्न कमेटियों का गठन किया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रेस क्लब हमीरपुर रजत जयंती समारोह मनाएगा। प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित क्लब की बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश कंवर ने बताया कि रजत जयंती समारोह में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, पूर्व विधायकों, जिला प्रशासन के अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब हमीरपुर के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रजत जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जा रहा है, जिसमें सभी पत्रकारों को उत्तरदायित्व सौंपे जा रहे हैं।

इस बैठक में प्रेस क्लब की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव सदस्यों की सहमति से किया गया, जिसमें सुरेंद्र कटोच को महासचिव, राजकुमार सूद को कोषाध्यक्ष और रणवीर ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष विक्रम ढटवालिया को रजत जयंती समारोह कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा उन्हें रजत जयंती समारोह कमेटी के सदस्य व सब कमेटियां बनाने के लिए अधिकृत किया गया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में प्रेस क्लब हमीरपुर के पूर्व अध्यक्ष विजय शामा, कपिल बस्सी, अश्विनी वालिया, अनिरुद्ध डोगरा, रजनीश शर्मा, राजीव चौहान, नवनीत बत्ता, रविंद्र कुमार , अनिल कुमार, शिल्पा शर्मा, मीनाक्षी, विजय कुमार, संदीप, मोहिंदर, पवन, राजकुमार, सुनील कुमार, मोहिंदर सिंह, नीलम राय व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## 'श्रेष्ठा' स्कीम के नाम पर झांसे में न आएं आवासीय स्कूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने जिले के प्राइवेट आवासीय स्कूलों के संचालकों से अपील की है कि वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही स्कीम फॉर रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन हाई स्कूल्स इन टारगेट एरिया (श्रेष्ठा) के संबंध में किसी भी तरह के झांसे में न आएं। उपायुक्त ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से प्राप्त पत्र के अनुसार इस योजना के तहत पंजीकरण के नाम पर कुछ व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा पैसे की उगाही के मामलों का पता चला है, इसको देखते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 'श्रेष्ठा' योजना के अंतर्गत पंजीकरण के लिए मंत्रालय पात्र प्राइवेट आवासीय स्कूलों की सूची सीधे सीबीएसई से लेता है।

इस योजना में किसी भी स्कूल के स्वतंत्र पंजीकरण का प्रावधान ही नहीं है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से इस योजना के तहत किसी भी नए स्कूल या किसी स्वयंसेवी संस्था के हॉस्टल के लिए वित्तीय मदद के प्रावधान की अनुमति भी नहीं है। इसके बावजूद अगर कोई व्यक्ति या संस्था 'श्रेष्ठा' योजना के तहत पंजीकरण करवाने की एवज में धनराशि की डिमांड करती है तो उसे ठगी का मामला माना जाए। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के बारे में किसी भी तरह की जानकारी के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट सोशल जस्टिस.जीओवी.इन पर लॉग इन किया जा सकता है।

# आशीष ने पंचायतों के विकास कार्यों के लिए जारी की विधायक निधि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**2025-26 की पहली किस्त विभिन्न विकास कार्यों के लिए की आवंटित**



सदर के विधायक आशीष शर्मा ने विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली किस्त जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास और जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना उनका हमेशा से ध्येय है। विपरीत परिस्थितियों और सरकार से कोई सहायता न मिलने के बावजूद वह लगातार क्षेत्र के विकास एवं जन समस्याओं के हल में लगे हैं। उन्होंने बताया चालू वित्तीय वर्ष की पहली किस्त के रूप में आए कुल 55 लाख रुपए विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर-38 में विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी किए हैं।

**किस पंचायत को कितनी राशि की जारी**

आघार पंचायत के चैकड़ गांव में निर्माण संपर्क सड़क बौड़ी से श्मशानघाट की ओर 2 लाख रुपए, धरोग पंचायत के केहडरू गांव में महिला मंडल भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु 3 लाख, धरोग पंचायत के धरोग गांव में महिला मंडल भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु अढाई लाख, बरोहा पंचायत में वार्ड नंबर एक ऊपरी बरोहा में मेन रोड से गांव की ओर रास्ते का निर्माण 2 लाख रुपए, पंचायत चमनेड़ के सरली खारट गांव में संपर्क मार्ग के कार्य को पूर्ण करने हेतु 150000 रुपए, अमरोह पंचायत के खुआल गांव में लिंक रोड से निर्मला देवी के घर की ओर संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 200000 रुपए, पंचायत धरोग के गहलियां गांव में महिला मंडल भवन के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, पंचायत नारा के मंडियानी गांव में राज कुमार के घर से मंदिर की ओर रास्ते के निर्माण के लिए 100000 रुपए, पंचायत नाल्टी के कल्याणा गांव में मुख्य सड़क से जगदीश चंद के घर की ओर रास्ते के निर्माण के लिए 150000 रुपए जारी किए हैं।

इसके अलावा पंचायत गसोता के गसोता गांव में मुख्य सड़क से पृथी सिंह, सागरी देवी के घर की तरफ संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 180000 रुपए, पंचायत ताल के दियोट गांव में पीपल वृक्ष से मेहर सिंह की घर की ओर रास्ते के लिए 150000 रुपए, पंचायत चमनेड़ के सरली गांव में प्यार चंद के घर से चमनेड गांव की ओर लिंक रोड की मरम्मत के लिए 150000 रुपए, पंचायत बोहनी के बोहनी गांव में राजेश कुमार के घर के पास रास्ते व डंगे के निर्माण के लिए 100000 रुपए, पंचायत ललीन के डेहरन गांव में पुली से लेकर अनंत राम के घर की ओर संपर्क मार्ग निर्माण के लिए 200000 रुपए, पंचायत ललीन के झगड़ियानी गांव में आयुष हेल्थ सेंटर की पहली मंजिल निर्माण के लिए 300000 रुपए, पंचायत ललीन के झगड़ियानी पटवार घर से कोटला की ओर रास्ते के निर्माण के लिए 200000 रुपए, पंचायत ललीन के टुकलेड़ा गांव में जुल्फी राम की भूमि पास मंदिर प्रांगण के नजदीक रास्ते व डंगे के लिए 150000 रुपए जारी किए हैं।

इसके अलावा पंचायत ललीन के टुकलेड़ा गांव में वर्षा के पानी के चैनेलाइजेशन हेतु हेम राज, देव राज के घर के पास नाली निर्माण हेतु 150000 रुपए, पंचायत दड़ूही के मट्टानी गांव में रवि कुमार के घर से गांव की ओर रास्ते के लिए 200000 रुपए, पंचायत बोहनी के वार्ड नंबर पांच में बोहनी छियोड़ी सड़क से प्रेम चंद के घर की ओर रास्ते के निर्माण के लिए 200000 रुपए, पंचायत साहनवीं के ककूण गांव में ज्ञान चंद के घर से ब्यासा देवी के घर की तरफ रास्ते के लिए 55000 रुपए, पंचायत पंधेड़ के जीवीं गांव में सामुदायिक भवन की कार्य पूर्ति हेतु 50000 रुपए, पंचायत बलोह के नुहाड़ा गांव में महिला मंडल भवन की कार्य पूर्ति हेतु 150000 रुपए, ग्राम पंचायत ब्राहलडी के डूढाना लोहियां गांव में संसार चंद के घर से ओंकार चंद के खेतों की ओर संपर्क सड़क के लिए 250000 रुपए, पंचायत डिडवीं टिक्कर के टिक्कर कटोचा गांव में एनएच 103 से हैंडपंप की ओर संपर्क मार्ग के लिए 200000 रुपए, पंचायत धलोट के बरोटी गांव में सामुदायिक पार्क के निर्माण के लिए 100000 रुपए, पंचायत बरोहा के बरोहा सियानी महिला मंडल निर्माण के कार्य पूर्ति हेतु 200000 रुपए जारी किए हैं।

इसके अतिरिक्त पंचायत दड़ूही के मट्टानी गांव में सत्या देवी के घर के पास नाले के चैनेलाइजेशन व पुली के निर्माण हेतु 150000 रुपए, पंचायत धनेड़ के तलाशी कलां गांव में मुख्य सड़क से ख्याली राम के घर की ओर रास्ते के निर्माण के लिए 200000 रुपए, पंचायत ललीन के बड्डू गांव में कृष्ण चन्द की जमीन पर रास्ते व डंगे के निर्माण हेतु 150000 रुपए, पंचायत बलोह के दशमल महिला मंडल की कार्यपूर्ति हेतु 50000 रुपए, महावीर एवेन्यू कॉलोनी मट्टन सिद्ध में संपर्क मार्ग में पेवर ब्लॉक्स हेतु 125000 रुपए जारी किए हैं।

**गतिविधि** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट 2025 ग्रुप-ए का हो रहा आयोजन

# हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन मेजबान विद्यालय का रहा दबदबा



अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट 2025 ग्रुप-ए के दौरान विभिन्न टीमों के खिलाड़ी गणमान्यों के साथ।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट 2025 (ग्रुप-ए) का दूसरा दिन पूरी तरह से मेजबान विद्यालय सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के नाम रहा।

विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की और अपने प्रतिद्वंदी विद्यालयों को हर पहलू में पछाड़ते हुए सभी मैच अपने नाम किए। बुधवार को खेले गए मुकाबलों में, अंडर-15 लड़कों के वर्ग में सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने सैनिक स्कूल नगरोटा को 4-1 से हराया, जबकि अंडर-17 लड़कों के वर्ग में भी सुजानपुर टिहरा ने नगरोटा को 1-0 से पराजित किया।

अन्य मुकाबलों में, अंडर-15 लड़कों के वर्ग में सैनिक स्कूल कपूरथला ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 1-0 से हराया, वहीं अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा और सैनिक स्कूल नगरोटा के बीच मुकाबला 0-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, बीते दिन की संध्या में हुए एक रोमांचक मुकाबले में अंडर-15 लड़कों के वर्ग में सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 3-0 से हराया था।

वहीं, सैनिक स्कूल नगरोटा और सैनिक स्कूल कपूरथला के बीच खेला गया मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में सैनिक स्कूल कपूरथला ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा को 1-0 से पराजित किया था। सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की प्राचार्या ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने विद्यालय के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि खिलाड़ी आगामी मैचों में भी इसी तरह का अनुशासन और उत्कृष्टता बनाए रखेंगे। ज्ञात हो कि सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा इस वर्ष अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट 2025 ग्रुप-ए की मेजबानी कर रहा है, जिसमें कुल 5 सैनिक स्कूल भाग ले रहे हैं।

सैनिक स्कूल नगरोटा (जम्मू-कश्मीर), सैनिक स्कूल कपूरथला (पंजाब), सैनिक स्कूल कुंजपुरा (हरियाणा), वुड्स पार्क सैनिक स्कूल, हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) और मेजबान सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा (हिमाचल प्रदेश)। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष पहली बार बालिका कैडेट्स भी इस हॉकी टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं।

# छात्रों ने रैली, नुक्कड़ नाटक से दिया तंबाकू छोड़ने का संदेश



डीएवी पब्लिक स्कूल लझयानी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों की शृंखला आयोजित।

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

डीएवी पब्लिक स्कूल लझयानी ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों की एक सशक्त श्रृंखला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल परिसर में शांति और मनोभावनाओं को जागृत करने वाले वैदिक भजनों के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने मंच पर आकर तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों परकेंद्रित विचारोत्तेजक भाषण प्रस्तुत किए। इसके साथ ही एक प्रभावशाली लघु नाटिका का मंचन किया गया जिसमें दिखाया गया कि कैसे तंबाकू की लत व्यक्ति और उसके परिवार को बर्बादी की ओर ले जाती है।

कार्यक्रम का दूसरा चरण एक सशक्त जनजागरूकता रैली के रूप में सामने आया। छात्रों ने तंबाकू छोड़ो जीवन संवारो जैसे नारे लगाते हुए उन्होंने आम जनता को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। इस अवसर पर तहसीलदार भोरंज नायब तहसीलदार जाहू पंचायत प्रधान उपप्रधान एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से हिमाचल के तीन दिवसीय दौरे पर

**स्टूडेंट्स और संकाय सदस्यों के करेंगे संवाद**



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार, 5 जून से तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शिमला और सोलन का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, धनखड़ 5 और 6 जून को शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास छराबड़ा में ठहरेंगे। इसके पश्चात, 7 जून को वे सोलन के डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने बताया कि उपराष्ट्रपति लगभग दो घंटे तक छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर शिमला और सोलन जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### जेबीटी-टीजीटी संस्कृत विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा 7 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जेबीटी और टीजीटी संस्कृत विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा 7 जून को संचालित की जाएगी। जेबीटी विषय की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक 51 केंद्रों में होगी, जिनमें 5,730 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसी तरह से टीजीटी संस्कृत विषय की परीक्षा का संचालन 13 केंद्रों में दोपहर 2 से सायं साढ़े 4 बजे तक होगा, जिसमें 1,046 अभ्यर्थी भाग लेंगे। शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इसके साथ ही 8 जून को टीजीटी नॉन-मैडीकल और टीजीटी हिंदी विषयों की परीक्षा का संचालन किया जाएगा। टीजीटी नॉन-मैडीकल के 6,744 परीक्षार्थियों के लिए 55 केंद्र बनाए गए हैं और परीक्षा सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक होगी, जबकि टीजीटी हिंदी के लिए 44 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 2,432 अभ्यर्थी दोपहर 2 से सायं साढ़े 4 बजे तक परीक्षा देंगे।

### नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 29 जुलाई तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को प्रातः 11.30 बजे विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए पात्र विद्यार्थी 29 जुलाई तक वेबसाइट नवोदय.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान हमीरपुर जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई समस्या आ रही है तो उनकी सुविधा के लिए विद्यालय में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8219482550 और 8954039120 पर संपर्क किया जा सकता है।

# हिमाचल में अब 9 महीने बाद ही होंगे शिक्षकों के तबादले

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बड़ा फैसला, आपातकालीन मामलों पर होगा विचार

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के स्कूल और कॉलेज शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने 5 जून से शिक्षकों के तबादलों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह प्रतिबंध चालू शैक्षणिक सत्र यानी 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेगा, जिसका अर्थ है कि इस अवधि के दौरान शिक्षकों के सामान्य तबादले नहीं किए जाएंगे।

**शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद**




जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग द्वारा जारी इस आदेश का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक सत्र की निरंतरता बनाए रखना और छात्रों की पढ़ाई में किसी भी तरह के व्यवधान को रोकना है। अकसर, सत्र के बीच में होने वाले तबादलों से स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की कमी या बदलाव के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस नए प्रतिबंध से शिक्षकों को एक स्थान पर अधिक समय तक अपनी सेवाएं देने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षण कार्य में स्थिरता आएगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार यह निर्णय हिमाचल प्रदेश सरकार की शिक्षा क्षेत्र में सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले भी, शिक्षा विभाग ने विभिन्न शैक्षणिक नीतियों और निर्णयों के माध्यम से राज्य में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास किया है।

हालांकि, आपातकालीन या विशेष परिस्थितियों में, सरकार द्वारा विशेष मामलों पर विचार किया जा सकता है, लेकिन सामान्य प्रक्रिया के तहत अब 31 मार्च, 2026 तक कोई भी तबादला नहीं होगा।

### शैक्षणिक वर्ष के अंत तक बने रहना होगा

**इस** फैसले का शिक्षकों पर भी सीधा असर पड़ेगा। उन्हें अब अगले शैक्षणिक वर्ष के अंत तक अपनी वर्तमान पदस्थापन पर बने रहना होगा। यह कदम न केवल छात्रों के हित में है, बल्कि यह शिक्षकों को भी अपने वर्तमान स्कूल या कॉलेज में बेहतर ढंग से स्थापित होने और अपनी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभाने का अवसर प्रदान करेगा। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में यह एक बड़ा नीतिगत बदलाव है, जो राज्य के शैक्षणिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह प्रतिबंध स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षण प्रक्रिया को किस प्रकार और कितनी सकारात्मकता से प्रभावित करेगा। हालांकि स्थानांतरण के लिए लगातार कोशिश होती रहती है, फिलहाल अब अगले आदेश तक, इसमें अस्थायी रोक लग गई है।

## सीएम ने क्रिकेट मैच का उद्घाटन कर जगाई नशाखोरी के खिलाफ अलख



देहरा में क्रिकेट मैच के उद्घाटन के दौरान बल्लेबाजी करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कांगड़ा जिले के देहरा में नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। यह मैच जिला पुलिस देहरा द्वारा शुरू किए गए कानून विद्यालय जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी बल्लेबाजी का भी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने युवाओं में खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देने में खेलों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, बल्कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभावी मंच के रूप में भी काम करती है। इस मैच का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवन शैली जीने का एक मजबूत संदेश देना है।

**कहा- मैच का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशा मुक्त जीवन शैली जीने का संदेश**

पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि देहरा पुलिस भविष्य में भी इस पहल को आगे बढ़ाती रहेगी। पुलिस नशीली दवाओं के दुरुपयोग, साइबर अपराध, कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए ग्राम पंचायतों, छात्रों और टैक्सी चालकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट मैच और अन्य ऐसी गतिविधियां मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और निर्देशों के तहत आयोजित की जा रही हैं।

## लीट परीक्षा परिणाम घोषित बिलासपुर का आयुष प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा 25 मई को संचालित करवाए गए लेटरल एंट्रैंस टैस्ट (लीट) का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया है।

बोर्ड सचिव अशोक पाठक ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कुल 400 अंकों की थी। परीक्षा में कुल 1763 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। इस प्रवेश परीक्षा में बिलासपुर जिले के आयुष नड्डा पुत्र अमीं चंद ने 221 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, मंडी जिले की तारा देवी पुत्री विजय कुमार ने 212 अंक प्राप्त कर द्वितीय व सोलन जिले के आर्यन ठाकुर पुत्र कुलदीप सिंह ने 209 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है।

**मंडी की तारा देवी दूसरे स्थान पर**

उपरोक्त परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थी बोर्ड की अधिकारिक साइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं, साथ ही अपना रिजल्ट कार्ड अपने पंजीकरण और पासवर्ड के साथ लॉगिन करके डाऊनलोड कर सकते हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि वे दाखिले के शेड्यूल के लिए समय-समय पर बोर्ड की वेबसाइट जांचते रहें।

## शिमला में 70वीं अखिल भारतीय नाटक और नृत्य प्रतियोगिता कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मशहूर अभिनेता और अखिल भारतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष रोहिताश्व गौड़ ने घोषणा की है कि 70वीं वार्षिक अखिल भारतीय नाटक और नृत्य प्रतियोगिता 6 से 10 जून तक शिमला में आयोजित की जाएगी। यह प्रतिष्ठित आयोजन शहर के कालीबाड़ी सभागार और गेयटी थिएटर में होगा। शिमला में एक पत्रकार वार्ता में गौड ने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश के 20 राज्यों से नृत्य कलाकार और 13 राज्यों से नाटक टीमें हिस्सा लेंगी, जो भारत की विविध और समृद्ध कलात्मक परंपराओं को प्रदर्शित करेंगी। यह आयोजन सात दशकों की सांस्कृतिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय एकता का जश्न मनाता है, जिसमें हर साल 1,000 से अधिक कलाकार भाग लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अखिल भारतीय कलाकार संघ 'स्वच्छ शिमला, हरित शिमला' पहल का समर्थन करता है। संघ रंगमंच के माध्यम से स्वच्छता और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत करेगा।

## वित्त विभाग की लाचारी कर्मचारियों पर पड़ रही भारी : टीजीटी कला संघ

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** प्रदेश में कर्मचारियों के वेतन आयोग और महंगाई भत्ते की बड़ी अदायगी लंबित है। वित्त विभाग इसे देने की कोई स्कीम आज तक नहीं बना सका। यह अदायगी अब करीब 12 हजार करोड़ बन चुकी है।

इतनी बड़ी देनदारी चुकाने में लाचारी कर्मचारियों के आर्थिक हितों पर भारी पड़ रही है, ऐसे में प्रदेश सरकार को इस अदायगी को चुकाने के लिए नए फार्मूले खोजने होंगे। मासिक किस्तों में अगर उक्त देनदारी देने की योजना बनाई जाए तो जिन कर्मचारियों का सेवाकाल 5 वर्ष से कम शेष है, उनका डीए, डीए एरियर और वेतन आयोग एरियर देने का सूत्र मासिक किस्तों में तय होना चाहिए।

जिन कर्मचारियों का सेवाकाल 5 वर्ष से अधिक है, उनके लिए विशेष इंक्रीमेंट्स की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि इन इंक्रीमेंट्स के जरिए तय राशि का भुगतान शेष सेवाकाल अवधि अनुसार किया जा सके। कर्मचारी को उतनी स्पेशल इंक्रीमेंट्स दे दी जाएं, जिनके मिलने से उसका लंबित वेतन आयोग एरियर ब्याज सहित मिल जाएगा।

डीए के एरियर का भुगतान अगले वेतन आयोग से पहले किया जाए और अब हर माह एक 6 प्रतिशत डीए बढ़ोतरी की स्कीम पर राज्य सरकार को कैबिनेट में मंजूरी देनी चाहिए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने प्रदेश मुख्यमंत्री से की है।

### पीटीएफ से वार्ता करें मुख्यमंत्री : संघ

**टीजीटी** कला संघ ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि प्राथमिक शिक्षक संघ को वे वार्ता हेतु बुलाकर उनकी मांगों पर अंतिम निर्णय लें। वार्तालाप से मामला हल किया जाना चाहिए। हर युद्ध और आंदोलन का अंत आपसी वार्ता से ही होता है।

## हिमाचल में कानून-व्यवस्था बदहाल बेखौफ घूम रहे अपराधी : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**



हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि प्रदेश में इस समय अपराधियों का बोलबाला है। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कही।

बिंदल ने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों में हिमाचल प्रदेश में जिस प्रकार अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। उससे प्रदेश के लोग सहमे हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि प्रदेश में माफियाराज चल रहा है और आए दिन हत्या के मामले सामने आ रही हैं, जो देवभूमि को शर्मसार कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नाहन के बर्मा पापड़ी क्षेत्र में हुई युवक हत्या मामले को लेकर आज मीडिया से रू-ब-रू हुए।

बिंदल ने कहा कि नाहन के सीमावर्ती क्षेत्र में युवक की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है और 5 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठता है।

उन्होंने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर मामले में सभी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है, तो ग्रामीणों द्वारा पुलिस प्रशासन का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सीमावर्ती क्षेत्रों में आपराधिक वारदात को अंजाम देकर अपराधी फरार हो जाते है, क्योंकि उन्हें कानून का कोई डर नहीं है।

### बोले-हिमाचल में चल रहा गुंडाराज

**बिंदल** ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है और यही कारण है कि पिछले अढ़ाई साल में प्रदेश के भीतर लगातार हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला माफियाओं का अड्डा बन चुका है। यहां खनन माफिया, वन माफिया और नशा माफिया लगातार अपने पांव पसार रहा है मगर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है और यह सब सरकार के संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंबा से लेकर सिरमौर तक आए दिन आपराधिक वारदातें सुनने को मिलती हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि जब से सुक्खू सरकार आई है तब से प्रदेश में न तो मां बेटियां सुरक्षित हैं और न ही आम जनमानस। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय गुप्ता, राकेश गर्ग, प्रताप ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## माता चिंतपूर्णी के दरबार में मोगा के मोनू ने लगाया आकर्षक झूमर

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** बुधवार को जय रथ लाइट मोगा के मालिक मोनू ने चिंतपूर्णी मंदिर में एक आकर्षक और चमकदार झूमर लगाया है। यह झूमर मंदिर के मुख्य द्वार के पास लगाया गया है और मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है।

मोनू ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से हर साल माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में झूमर लगा रहे हैं और यह उनके द्वारा तीसरा झूमर है। माता के दरबार में उनकी आस्था है और माता की कृपा से उनकी मोगा में स्थित जय रथ लाइट एंड डीजे को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। मोनू ने बताया कि 3 वर्ष पहले उन्होंने मां के दरबार में एक झूमर लगाया था, जिसके बाद उनके कारोबार में वृद्धि होती चली गई। अब लगातार तीसरे वर्ष मोनू द्वारा मां के दरबार में झूमर लगाया गया है, जो काफी आकर्षक और सुंदर है।



चिंतपूर्णी मंदिर में लगे सुंदर झूमर।

### श्रद्धालुओं की आस्था

**मंदिर** में झूमर की शोभा से श्रद्धालुओं को काफी आनंद मिल रहा है और यह झूमर मंदिर की सुंदरता को और भी बढ़ा रहा है। जय रथ लाइट के मालिक मोनू की इस पहल की सराहना की जा रही है और श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। चिंतपूर्णी मंदिर में रोजाना श्रद्धालु आते हैं और माता के दरबार में अपने कारोबार, पुत्र, पौत्र, विदेश जाने के लिए मां के दरबार में प्रार्थना करते हैं। माता रानी सच्चे मन से आए भक्तों की प्रार्थना भी कबूल करती है और उनकी मनोकामना भी पूर्ण करती है।

## हिमाचल में सेब सीजन की तैयारी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में आगामी सेब सीजन की तैयारियों को लेकर बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने 12 जून को शिमला में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में सेब बागवानी से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक जैसे बागवान, आढ़ती, ट्रक ऑपरेटर और कार्टन विक्रेता शामिल होंगे।

**12 जून की बैठक में समस्याओं और सुझाव पर होगी चर्चा**

यह बैठक न्यू आर्म्सडेल भवन के सभागार में होगी, जहां बागवानों और अन्य संबंधित पक्षों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बागवानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिले और वे समय पर अपने माल को बाजार तक पहुंचा सकें। हिमाचल में जल्द पकने वाली सेब की किस्में जून के अंत तक बाजार में आनी शुरू हो जाएंगी, जबकि आधिकारिक सेब सीजन 15 जुलाई के बाद शुरू होगा। हिमाचल प्रदेश में सेब बागवानी का वार्षिक कारोबार लगभग 5,000 करोड़ रुपए का है। इस बार शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम की प्रतिकूलता के कारण फसल प्रभावित हुई है, लेकिन निचले क्षेत्रों और कुल्लू-मंडी जिलों में फसल की स्थिति ठीक बताई जा रही है, हालांकि कुछ स्थानों पर ओलों और अंधड़ से नुकसान भी हुआ है।



## खेतों में काम कर रही मां बेटी पर रंगड़ों का हमला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के द्राहल क्षेत्र में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेतों में काम कर रही मां-बेटी पर रंगड़ों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं।

**महिला टांडा रेफर**

घटना द्राहल स्कूल के पास की बताई जा रही है, जहां 42 वर्षीय निशा देवी और उनकी 65 वर्षीय मां शुकरी देवी खेतों में काम कर रही थीं। अचानक झाड़ियों से निकले रगड़ों ने उन पर हमला कर दिया। घायलावस्था में महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। दोनों घायल महिलाओं को तत्काल सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया गया, जहां आपातकालीन चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के चलते शुकरी देवी को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल : ठाकुर गुलाब सिंह



पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह, साथ हैं अन्य।

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने बुधवार को लडभड़ोल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार नीतियों के अभाव में पूरी तरह विफल साबित हुई है और उसकी प्रशासनिक पकड़ भी खत्म होती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावटी बनकर रह गई है और जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हो रहा। जोगिंद्रनगर और लडभड़ोल में उनके कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए विकास कार्य अब पूरी तरह ठप पड़ चुके हैं। उन्होंने सड़कों की बदहाल स्थिति, जल आपूर्ति व्यवस्था की बदइंतजामी और अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को लेकर सरकार की तीखी आलोचना की।

**लडभड़ोल में पूर्व मंत्री ने साधा निशाना, विकास कार्य ठप होने का लगाया आरोप**

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में दो पुल बनने के बावजूद बसों की आवाजाही आज भी सुचारु नहीं हो सकी है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की उदासीनता के चलते क्षेत्रवासी खुद को 'लावारिस' महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है और जनता के हितों की अनदेखी की जा रही है।

**आइडिया**

### 1870 में एक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन आरसी ने कुल्लू में लगाया था सेब का पहला बगीचा

# हिमाचल में सबसे पहले कुल्लू जिले के बंदरोल से हुआ था सेब का सूत्रपात

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** हिमाचल के सेब की महक आज देश और दुनिया के कोने कोने में फैल रही है। सेब वर्तमान समय में हिमाचल की आर्थिकी का सबसे सबसे बड़ा स्तंभ बन गया। हिमाचल में सेब की खेती का सूत्रपात कुल्लू जिले के बंदरोल में हुआ था। यहां सन् 1870 में एक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन आरसी ने सेब का पहला बगीचा लगाया था। उन्होंने इस बगीचे का नाम बंदरोल ऑर्चर्ड रखा। सेब के पौधे इंग्लैंड से मंगवाए थे, जो कि अंग्रेजी और अन्य यूरोपीय वैरायटियों के थे। कैप्टन आरसी ली ने बंदरोल में 33 एकड़ जमीन खरीदी थी।



कुल्लू जिला में 19वीं शताब्दी में लगाए गए सेब के पौधे। ( फाइल फोटो)

**अनंत ज्ञान खास खबर**

उन्होंने कुल्लू में सेब की आठ प्रजातियां लगाईं। वाल्डविन, स्टेफैड, पिपिन, वाइन सेब, उथलो, न्यूटन, ग्रीन स्मिथ और विंटर। इसके अलावा नाशपाती में विलियम फेवरेट, वार्टलेट, ईस्टर वेवर, डैनी ड्यू कॉमिस आदि किस्में थीं। वहीं स्थानीय लोगों ने सबसे पहले उपाध्याय लक्ष्मीकांत ( वरिष्ठ नेता स्व. धर्मवीर धामी के पिता) ने करीब 30 बीघा एरिया में सेब के बगीचा लगाया। 1896 में उन्होंने सेब का बगीचा रजिस्टर करा दिया था।

खास बात यह है कि जिस क्षेत्र में पाधा बंसी लाल ने सेब का बगीचा लगाया था, बाद में उसका नाम सेउबाग पड़ गया। आज भी इस क्षेत्र को सेउबाग के नाम से ही जाना जाता है और सेब की फसल यहां आज भी काफी मात्रा में होती है।

1866 के आसपास आरसी ली के मित्र कैप्टन एटी बेनिन ब्रिटिश भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति लेने के बाद कुल्लू आए। इस आयरिश ने 60 बीघा जमीन खरीदी, डेवोनशायर से सेब के 200 पौधे लाए और मनाली में लगाए। इसके बाद अन्य ब्रिटिश नागरिक मानिकिन, मैकी, हेनरी डोनाल्ड और कर्नल रोएनिक ने आरामगढ़ (रायसन), मनाली, कुटबाई (नग्गर), बजौरा में सेब के बाग लगाए। ये सब बाग 19वीं सदी में लग गए थे और कुल्लू का एरिया सेब के फलों के लिए मशहूर हो चुका था। उस समय सड़क की सुविधा नहीं थी ऐसे में फलों को खच्चरों और कुलियों द्वारा बाहर भेजा जाता था।कुल्लू जिला में वर्तमान समय में 31 हजार हेक्टेयर भूमि में सेब की पैदावार होती है। सेब जिला के बागवानों की आर्थिकी की रीढ़ है। हालांकि, जिला में अब प्लम, जापानी फल सहित अन्य उत्पादों की भी पैदावार हो रही है, लेकिन सेब ही यहां के लोगों की आर्थिकी का साधन है।

> अंग्रेजों ने सबसे पहले कुल्लू में सेब का बगीचा लगाया था। वहीं, उसके बाद स्थानीय लोगों में सबसे पहले उपाध्याय लक्ष्मीकांत ने करीब 30 बीघा एरिया में सेब का बगीचा लगाया था। अब 31 हजार हेक्टेयर में कुल्लू जिला में सेब की पैदावार हो रही है।
>
> -उत्तम पराशर, उपनिदेशक उद्यान विभाग जिला कुल्लू

### स्व. स्टोक्स का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं

**बहुत** से लोगों की यह धारणा थी कि सेब की बागवानी हिमाचल में स्व. सत्यानंद स्टोक्स द्वारा शुरू की गई थी, जो कि सही नहीं है। हालांकि स्व. स्टोक्स का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। स्टोक्स अमरीकन थे इसलिए उन्होंने सेब के पौधे अमरीका की नर्सरियों से मंगवाए। उन्होंने यह काम वर्ष 1916 में किया था। उनके द्वारा मंगवाई गई सेब की वैरायटियों में गोल्डन, रैड और रॉयल डिलीशियस भी थीं जो हिमाचल की जलवायु के बहुत ही अनुकूल निकलीं और लोकप्रिय हो गईं।



# तिब्बत पर चीनी हस्तक्षेपों के खिलाफ 29 देश एकजुट

## तिब्बती संस्कृति और भाषा खत्म करने का चीनी सरकार पर लगाया आरोप



जापानी संसद के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हॉल में आयोजित सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागी।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** तिब्बत में लगातार चीन सरकार की ओर से किए जा रहे हस्तक्षपों व वहां के मौलिक अधिकारों के हनन को लेकर विश्व के 29 देशों ने मंथन किया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के हवालों से मिली जानकारी के अनुसार, जापानी संसद के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हॉल में तिब्बत पर 9वें विश्व सांसदों के सम्मेलन (डब्ल्यूपीसीटी) की शुरुआत हुई, जिसमें 29 देशों से 142 प्रतिभागी शामिल हुए।

यह सम्मेलन निर्वासित तिब्बती संसद की ओर से तिब्बत के लिए जापान संसदीय सहायता समूह के सहयोग से आयोजित किया गया। सत्र में मुख्य अतिथि अकीको सैंटो, हाउस ऑफ काउंसिलर्स के सदस्य और पूर्व अध्यक्षय विशेष अतिथि मैडम अकी अबे, जापान की पूर्व प्रथम महिला और रेव. चोजुन ओहतानी, हिगाशी होंगवानजी मंदिर के 25वें मुख्य मठाधीश ने अपने संबोधन दिए। स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी और संयुक्त राज्य अमेरिका के कांग्रेसी माइकल मैककॉल के वीडियो संदेश, निर्वासित तिब्बती संसद के अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल और तिब्बत के लिए जापान संसदीय सहायता समूह की अध्यक्ष एरिको यामातानी के संबोधन भी शामिल थे। मुख्य अतिथि अकीको सैंटो ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट सरकार तिब्बती संस्कृति और भाषा को दबाना जारी रखती है, जिससे उन्हें पूरी तरह से खत्म होने का खतरा है। उन्होंने स्वतंत्रता और शांति की खोज में तिब्बती लोगों के लिए सामूहिक समर्थन का आग्रह किया। उन्होंने तिब्बती मुद्दे का समर्थन करने और तिब्बत-चीन संघर्ष के समाधान में योगदान देने में पश्चिमी सांसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की गलत सूचनाओं का मुकाबला करने व चुनौतियों का समाधान करने पर एक पैनल की अध्यक्षता की गई, जिसकी अध्यक्षता नेशनल चुंग ह्सिंग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और ताइवान फाउंडेशन फॉर डेमोक्रेसी के उपाध्यक्ष डॉ. मुमिन चेन ने की।

## नागरिक चिकित्सालय शाहपुर में बनने जा रहे सेप्टिक टैंक को लेकर विवाद

# ग्रामीण बोले- आबादी वाली जगह नहीं दूसरे स्थान पर बनाया जाए सेप्टिक टैंक

**30 परिवारों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) शाहपुर से की शिकायत**

**कोहली, अनंत ज्ञान**



**शाहपुर।** नागरिक चिकित्सालय शाहपुर में बनने जा रहे सेप्टिक टैंक विवादों में आ गया है। इसके आसपास रहने वाले करीब 30 परिवारों ने इस संबंध में उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहपुर को लिखित शिकायत दी है कि सेप्टिक टैंक को आबादी के साथ न बनाया जाए। इससे पहले भी जो सेप्टिक टैंक बनाया गया है, उससे भी लीकेज होती है और जो वहां पर ट्रीटमेंट प्लांट चला रखा है, उसका बेस्ट पानी जो है, वह भी साथ लगती कूहल में डाला जाता है।

### लीकेज होने पर बीमारियों का पैदा होगा खतरा

**लोगों** ने कहा कि अब यह सेप्टिक टैंक यहां बन जाने से इसकी लीकेज से बीमारियों आदि का खतरा पैदा हो जाएगा। साथ ही इसके 100 मी करीब ट्यूबवेल लगा हुआ है, जिसका पानी करीब दो-तीन किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों को पीने के लिए दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए सेप्टिक टैंक का निर्माण कहीं अन्य स्थान पर आबादी से दूर किया जाए जिससे कि लोगों को दिक्कत न हो।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा का त्रैवार्षिक अधिवेशन आज

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों का होगा चुनाव**

**नूरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा का त्रैवार्षिक अधिवेशन 5 जून को अक्षय पैलेस नगरोटा बगवां में होगा। मंच के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जोगिंदर पठानिया एवं प्रेस सचिव श्याम सिंह व प्रदेश मुख्य सलाहकार बलराम पुरी ने बताया कि कांगड़ा जोन, पालपुर जोन, देहरा जोन व नूरपुर जोन के हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के कर्मचारी शमिल रहेंगे। नूरपुर जोन से लगभग 90 कर्मचारी अधिवेशन में शमिल होंगे। अधिवेशन में अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। इसके साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी जो पिछले काफी सालों से हिमाचल पथ परिवहन निगम की वजह व सरकार की अनदेखी का शिकार होने से समस्याएं पैदा हो रही हैं, उनको लेकर चर्चा की जाएगा। समस्याओं से कैसे जल्द निजात मिल सकती है, उसको लेकर चर्चा व आगामी समय में क्या रणनीति रहेगी, उसको लेकर चर्चा करेंगे।

## सिद्ध बाबा चानो का धाजा कार्यक्रम 7 को

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** सरकारी आईटीआई अबेदकर भवन दयाल (नैहरनपुखर) में 7 जून को धार्मिक श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जब सच्ची सरकार सिद्ध बाबा चानो का धाजा कार्यक्रम ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का प्रतीक बनकर उभरेगा। रातभर कार्यक्रम में धाजा पार्टियां अपने धार्मिक गीतों, भजनों से मंत्रमुग्ध करेंगी।

# शिक्षा में आईसीटी उपकरणों की तकनीक से अवगत कराया





लॉरेट फार्मेसी संस्थान में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

**लॉरेट** फार्मेसी संस्थान में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन में संस्थान के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह एवं निर्देशक एवं प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथि प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. महावीर सिंह को गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया।

कार्यशाला के पहले सेशन में डॉ. गौरव तेज पल प्रिंसिपल अमृतसर ग्रुप ऑफ कॉलेज ने शिक्षकों को इनोवेटिव टीचिंग, धीमी और तेज गति से सीखने वाले छात्र की पहचान करने के पहलू से अवगत करवाया। दूसरे सेशन में डॉ. आरएल शर्मा पूर्व कुलपति हिमाचल तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने शैक्षिक प्रौद्योगिकी, परीक्षा के साथ प्रयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम के तीसरे सेशन में डॉ. तपन बहल प्रोफेसर एंड हेड एमिटी स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस ने शिक्षा में आईसीटी उपकरणों के तकनीक से अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विनय पंडित, आयोजिक सचिव डॉ. परवीन, सह संयोजक डॉ. सीपीएस वर्मा और डॉ. अमरदीप भी मौजूद रहे।

## नड्डी और सतोबरी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** विद्युत उपमंडल मैक्लोडगंज के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने बताया कि 5 जून को 33/11 केवी सबस्टेशन तोतारानी में विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते तोतारानी, बल्ह, बरनेट, सतोबरी, नड्डी, डल झील, धीयाल, चंदमारी, टैंगलवुड, फोरसेटगंज, सैरी, भागसूनाग, धर्मकोट आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे या कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

# हिमाचल प्लास्टिक से कैसे पाए मुक्ति सुझाओ युक्ति

**राज्य में प्रतिदिन उत्पन्न हो रहा 150 टन ठोस कचरा**





***जब** पूरा विश्व पर्यावरण दिवस मनाएगा, तब नैसर्गिक सुंदरता के लिए विख्यात हिमाचल एक भयावह वास्तविकता से जूझ रहा होगा। और वह विकराल समस्या है प्लास्टिक कचरे का बढ़ता ढेर। देवभूमि के लिए प्लास्टिक अब केवल एक चुनौती नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट बनता जा रहा है, जिसके दूरगामी परिणाम पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और जनजीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन पर अत्यधिक निर्भर एक राज्य है। हर साल लाखों पर्यटक यहां की मनमोहक वादियों का लुत्फ उठाने आते हैं। दुर्भाग्यवश, पर्यटन की यह वृद्धि अपने साथ प्लास्टिक कचरे का एक अथाह अंबार भी ला रही है। पानी की बोतलें, चिप्स के पैकेट, प्लास्टिक रैपर और अनगिनत डिस्पोजेबल आइटम, जो कभी महानगरों की समस्या माने जाते थे, आज हिमाचल के शांत पहाड़ों, नदियों और नालों को प्रदूषित कर रहे हैं।*

*आंकड़ों की बात करें तो, हिमाचल प्रदेश पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (हिम कौस्ट) के अनुसार, राज्य में प्रतिदिन लगभग 120-150 टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें प्लास्टिक का एक बड़ा हिस्सा होता है। राजधानी शिमला में ही प्रतिदिन औसतन 30-40 टन कचरा निकलता है, जिसमें लगभग 15-20 फीसदी प्लास्टिक होता है। कुल्लू-मनाली और धर्मशाला जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों में यह आंकड़ा सीजन के दौरान और भी बढ़ जाता है। एक अनुमान के मुताबिक, प्रति पर्यटक से प्रतिदिन लगभग 0.5 से 1 किलोग्राम कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें से अधिकांश प्लास्टिक होता है।*

*पर्यटकों द्वारा लाए जाने वाले सिंगल-यूज प्लास्टिक उत्पादों की भारी मात्रा एक प्रमुख कारण है। सुविधाओं की चाह में वे प्लास्टिक की बोतलें, पैकेज्ड फूड और डिस्पोजेबल कटलरी का उपयोग करते हैं, जो अक्सर यात्रा के अंत में खुले में फेंक दिए जाते हैं।*

*हिमाचल के कई ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में आज भी कचरा संग्रहण और निपटान की उचित व्यवस्था नहीं है। शहरी क्षेत्रों में भी, लैंडफिल की क्षमता सीमित है और कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) की प्रक्रिया अभी भी लचर है।*

*स्थानीय निवासियों और पर्यटकों, दोनों में प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति पर्याप्त जागरूकता का अभाव है। कहीं भी फेंक दो की मानसिकता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।*

### दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां

***पहाड़ी** इलाका होने के कारण कचरा संग्रहण और उसके परिवहन में भारी चुनौतियां आती हैं। कई दूरदराज के क्षेत्रों तक कचरा उठाने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच पातीं, जिससे स्थानीय लोग कचरे को खुले में जला देते हैं या नदियों में बहा देते हैं। प्लास्टिक प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, जमीनी स्तर पर उनका क्रियान्वयन अक्सर कमजोर होता है। प्लास्टिक बैग और सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध कागज पर ही अधिक प्रभावी दिखते हैं।*

### मिट्टी और जल प्रदूषण

***प्लास्टिक** हजारों साल तक विघटित नहीं होता। यह मिट्टी में मिलकर उसकी उर्वरता को कम करता है और भूजल में माइक्रोप्लास्टिक छोड़ता है, जो अंततः मानव खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है। नदियों में बहता प्लास्टिक जलीय जीवन के लिए खतरा है और पेयजल स्रोतों को भी प्रदूषित कर रहा है।*

### वन्यजीवों पर खतरा

***प्लास्टिक** कचरा वन्यजीवों के लिए मौत का फंदा बन रहा है। प्लास्टिक खाने से जानवरों के आंतरिक अंग क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। विशेष रूप से आवारा पशुओं और पक्षियों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।*

### भू-स्खलन का खतरा

***प्लास्टिक** मिट्टी की पकड़ को ढीला करता है और पानी के रिसाव को रोकता है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। हिमाचल की सुंदरता ही उसकी पहचान है। प्लास्टिक से अटी हुई नदियां, पहाड़ और सड़कें पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र नहीं रह जातीं, जिससे दीर्घकाल में पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंच सकता है।*

### जलवायु परिवर्तन में योगदान

***प्लास्टिक** के निर्माण और उसके जलने से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देता है। प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए कई पहल की हैं। 2009 में ही प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने वाला यह देश का पहला राज्य था। पॉलिथीन खरीदो अभियान जैसी योजनाएं भी शुरू की गईं, जहां लोगों को प्लास्टिक कचरा लौटाने पर न्यूनतम मूल्य दिया जाता है। स्वयं सहायता समूह और स्थानीय शहरी निकाय भी कचरा संग्रहण और पृथक्करण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रीसाइक्लिंग इकाइयों की स्थापना और प्लास्टिक कचरे का सड़क निर्माण में उपयोग करने जैसे नवाचार भी किए जा रहे हैं। हालांकि, इन प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता है*

### कचरा पृथक्करण पर जोर

***स्रोत** पर ही कचरे का पृथक्करण (गीला, सूखा, प्लास्टिक) अनिवार्य किया जाए और इसके लिए कठोर नियम लागू किए जाएं। प्लास्टिक के किफायती और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों जैसे कि कपड़े के थैले, बांस के उत्पाद, और दोबारा इस्तेमाल होने वाली बोतलों को बढ़ावा दिया जाए।*

### समुदाय की भागीदारी

***स्थानीय** समुदायों, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआईएस) और स्वयं सहायता समूहों को प्लास्टिक प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। प्लास्टिक प्रतिबंधों और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना लगाया जाए।*

### जागरूकता अभियान

***स्कूलों,** कॉलेजों और पर्यटन स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि लोगों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित किया जा सके। प्लास्टिक कचरे से ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं को तलाशा जाए, जैसा कि कुछ अन्य राज्यों में किया जा रहा है।*


### पर्यटकों की जिम्मेदारी

***पर्यटकों** को प्लास्टिक कचरा कम करने और अपने कचरे को उचित स्थानों पर निपटाने के लिए प्रेरित किया जाए। होटलों और पर्यटन स्थलों पर इस संबंध में सख्त दिशा-निर्देश लागू किए जाएं।*

> ***विश्व पर्यावरण दिवस हमें एक बार फिर याद दिलाता है कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध सहजीवी है। हिमाचल प्रदेश के लिए प्लास्टिक कचरे का बढ़ता ढेर एक गंभीर चेतावनी है। यदि समय रहते इस चुनौती का समाधान नहीं किया गया, तो देवभूमि की सुंदरता और पारिस्थितिक संतुलन खतरे में पड़ जाएंगे***

**प्रस्तुति**
**सत्यदेव भारद्वाज**
**शिमला**







## प्लास्टिक के उपयोग व कूड़ा कचरा नियंत्रण को सरकार ने सख्त किए नियम : अनिल जोशी

***हिमाचल** प्रदेश पर्यावरण राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्टेट मेंबर सेक्रेटरी अनिल जोशी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने अपने पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। राज्य सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग और कूड़े-कचरे पर नियंत्रण के लिए नियमों को और सख्त करते हुए न केवल नए प्रतिबंध लगाए हैं, बल्कि उल्लंघन करने वालों पर भारी चालान भी लगाए जा रहे हैं।*

**● 500 मिलीलीटर से कम की पीईटी बोतलें बैन**

**1 जून 2025** से हिमाचल प्रदेश में 500 मिलीलीटर से कम क्षमता वाली पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) पानी की बोतलों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू हो गया है। यह प्रतिबंध सभी सरकारी बैठकों, सम्मेलनों और आयोजनों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के होटलों और निजी होटलों पर भी लागू है। उल्लंघन करने वालों पर 500 से 25,000 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**● सिंगल-यूज प्लास्टिक के कूड़े पर भारी जुर्माना**

**सिंगल-यूज** प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं, जिसमें कंपोस्टेबल और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कैरी बैग भी शामिल हैं, को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने या कूड़ा करने पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। यह व्यक्ति यों, होटलों, रेस्तरां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर समान रूप से लागू होगा।

**● वाहनों में डस्टबिन अनिवार्य**

**जोशी** ने बताया कि 29 अप्रैल 2025 से सभी सार्वजनिक और निजी परिवहन वाहनों, जिनमें टैक्सियां और पर्यटन वाहन भी शामिल हैं, में डस्टबिन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी वाहन में डस्टबिन नहीं पाया जाता है, तो उस पर10,000 का चालान लगाया जाएगा। इसके अलावा, वाहनों से कूड़ा फेंकने पर 1,500 रुपए का जुर्माना होगा।

**● उत्पादकों पर विस्तारित जिम्मेदारी (ईपीआर)**

**जोशी** के अनुसार, प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने विनिर्माण कंपनियों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अब कंपनियों को अपने उत्पादों की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले



**अनिल जोशी, आईएफएस**
**सदस्य सचिव एचपीएसपीसीबी**

प्लास्टिक के बराबर मात्रा में प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण करना होगा। इस नियम का पालन न करने पर कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**● चुनौतियों के बावजूद प्रतिबद्धता**

**उन्होंने** कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपनी भौगोलिक स्थिति और पर्यटन के कारण प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटन के चरम मौसम (मई-जून) में प्लास्टिक कचरा अधिक उत्पन्न होता है। इसके बावजूद, राज्य सरकार 1995 में लागू हिमाचल प्रदेश गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरा (नियंत्रण) अधिनियम के तहत लगातार नए नियम और संशोधन ला रही है ताकि स्वच्छ हिमाचल, स्वस्थ हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। राज्य में प्लास्टिक कचरे के संग्रह और निस्तारण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जनता में जागरूकता फैलाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू को सौंपा मांग पत्र

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान। गरली।** वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा का प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर भूपेश उप्पल और वरिष्ठ अधिवक्ता हरकृष्ण गोपाल डोगरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर भी उपस्थित रहीं। मांगपत्र में परागपुर अस्पताल में रात को डॉक्टर की तैनाती, देहरा सिविल अस्पताल में लिफ्ट की सुविधा, वरिष्ठ नागरिक भवन के लिए भूमि का आवंटन और रेडक्रॉस भवन के पुनर्निर्माण की मांगें शामिल हैं। इसके अलावा मंच ने देहरा, ढलियारा, नैहरनपुखर व परागपुर जैसे क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक लाइट्स लगाने, देहरा पुल पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा खाद्यान्न गोदाम को रिहायशी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंच ने आग्रह किया कि उन्हें अस्पतालों, बैंकों और डाकघरों में प्राथमिकता दी जाए, ताकि उम्र के इस चरण में उन्हें किसी प्रकार की अवमानना न झेलनी पड़े।

### सांसद गोस्वामी आज करेंगी ट्रस्ट कार्यालय का उदघाट्न

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सांसद राज्यसभा इंदु गोस्वामी वीरवार को भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला और भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट के शाखा कार्यालय का उद्घाटन करेंगी। इससे पहले सांसद की ओर से भारत विकास परिषद के सदस्यों के साथ बुहली कोठी पपरोला में औषधिय प्रजाति का पौधा लगाया जाएगा और विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के तहत प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती समस्या पर वक्ताओं की ओर से विचार व्यक्त किए जाएंगे।

### भदरोल, गगलखोली में 6 को नहीं आएगा पानी

**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता डिंपल कुमार ने प्रेस बयान में कहा कि भदरोल, डई, गगलखोली, काहनफट, गदियाड़ा व रड्डूं गांव में शुक्रवार को पेयजल टैंकों की मरम्मत तथा साफ-सफाई के चलते पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### लोअर कौना में श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पंचायत सांबा के लोअर कौना गांव में उदय गुलेरिया पुत्र संसार चंद गुलेरिया के निजी निवास पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार को कथावाचक आचार्य सुरेशानंद वशिष्ठ दियोटसिद्ध वालों ने भगवान श्रीकृष्ण जी की बाल लीलाओं का वर्णन सुनाया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण जी का देवी रुक्मिणी के साथ विवाह का वर्णन भी सुनाया। उन्होंने राक्षसों के संहार, जिसमें पूतना वध, बकासुर वध, अधासुर वध आदि का वर्णन किया। इसके साथ-साथ यमुना जी का उद्धार, कालिया दमन, गोवर्धन पूजा आदि का वर्णन सुनाया। कथा के अंतिम दिन 6 जून को हवन यज्ञ किया जाएगा और दोपहर को भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### राघव ने शनि सेवा सदन को भेंट किया चेक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर। स्व. डॉक्टर शिव कुमार की जयंती पर उनके बेटे राघव शर्मा ने शनि सेवा सदन को चेक भेंट किया। यह चेक डॉक्टर शिव कुमार की पत्नी डॉ. विजय शर्मा ने अपने पति की याद में समाजसेवा के लिए समर्पित किया है। डॉ. शिव कुमार ने पूरा जीवन समाज की भलाई के लिए लगा दिया। उनकी सबसे बड़ी देन रोटरी आई हॉस्पिटल है, जो उन्होंने आंखों के इलाज के लिए बनवाया। रोटरी आई फाउंडेशन के रूप में एक ऐसी संस्था बनाया, जिसने सैकड़ों लोगों को रोजगार दिया और लाखों लोगों की आंखों का इलाज किया। शनि सेवा सदन के प्रमुख परमिंदर भाटिया ने कहा कि डॉ. शिव कुमार ने हमें सिखाया कि सच्ची सेवा क्या होती है। उनकी सोच और काम आज भी हमारे लिए प्रेरणा है।

### भदरोल काहनफट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने कहा कि 11 केवी काहनफट फीडर की तूफान से हुई क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत के लिए 6 जून शुक्रवार को विद्युत उपमंडल डरोह के तहत आने वाली ग्राम पंचायतों गगलखोली, भदरोल, काहनफट, आदि में सुबह 9:00 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बीच मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### चमन लाल ने संभाला कार्यकारी सचिव का पदभार



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** नगर परिषद बैजनाथ-पपरोला में चमन लाल कपूर ने बुधवार को सचिव पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में पहले भी बैजनाथ में काम किया है व बैजनाथ में काम करने के लिए बहुत स्कोप है। नप में परिषद व विधायक किशोरी लाल के मार्गदर्शन से बैजनाथ-पपरोला में विकास कार्यों को तव्वजो दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नप का कोई भी व्यक्ति सीधे तौर पर उनसे संपर्क कर सकता है। इस दौरान नप की अध्यक्षा आशा भाटिया व पार्षद राजेश कलेडी ने भी उनसे मुलाकात की।

### भगवान श्रीकृष्ण दयालु और कृपालु : तिलक

**अनंत ज्ञान, आलमपुर।** आलमपुर साईं देहरी मंदिर में जारी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन आचार्य तिलक राज शर्मा ने अपने मुखारविंद से कहा कि भगवान केवल भक्तों की भक्ति को देखकर ही इस धरा पर अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दयालु और कृपालु हैं, जो अपने भक्तों की निष्ठा और समर्पण से प्रसन्न होते हैं। सनातन धर्म की कोई जन्म तिथि नहीं है, जिसका कोई जन्म नहीं, उसका कोई मरण नहीं अर्थात सनातन अनवरत जारी है, जो सत्य पर चलने के लिए प्रेरित करता है। हम भगवान की प्राप्ति धन से नहीं कर सकते, बल्कि निष्काम भाव से हरी नाम रूपी संपत्ति का संग्रह करके भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। कथा का आयोजन मंदिर समिति की ओर से किया जा रहा है। कथा में कुल गुरु दीप शर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 1000 पशु मित्रों को जल्द नियुक्ति दे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पशुपालन विभाग में भरे जाने वाले 1000 पशु मित्र के पदों को कृषि व पशु सखियों को प्रदेश सरकार नियुक्ति दे। ये मांग कृषि व पशु सखियों ने मुख्यमंत्री से उठाई है। बुधवार को कृषि व पशु सखियों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कांगड़ा की अनुपस्थिति में मिनी सचिवालय में तैनात अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपना मांगपत्र भेजा है। कृषि व पशु सखियों में सुरेखा देवी, रोजी देवी, पूजा देवी, मंजू देवी, इच्छा देवी, मीनाक्षी, स्वाति रानी, अनिता देवी, सोनी, पवना, ममता देवी, रजनी देवी, ममता व सरिता ने बताया कि उनका चयन जुलाई, 2021 में हुआ था। इसके लिए एनआरएलएम यानी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश सरकार ने उनकी परीक्षा करवाई थी। साथ ही फील्ड राउंड दिए थे। कृषि व पशु संस्थानों में उनका प्रशिक्षण भी हुआ। वह अपनी जिम्मेवारी को पूरी तरह से निभा रही हैं।

# सुक्खू ने देहरा में किए 233 करोड़ की परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास

## सीएस बोले- सरकार लोगों के विकास, कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को देहरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 233.55 करोड़ रुपए की 12 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने देहरा में जलशक्ति विभाग के सर्किल कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने देहरा में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता संचालन सर्कल भवन को भी समर्पित किया, जिससे लगभग पांच लाख की आबादी लाभान्वित होगी। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में 7.26 करोड़ रुपए से निर्मित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ब्लॉक और ग्राम पंचायत बाड़ा में सुनहेत–बस्सी सड़क पर नारद खड्ड पर 1.75 करोड़ रुपए से बने पुल का भी उद्घाटन किया।



देहरा बाईपास पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करते सीएम सुक्खू।

उन्होंने देहरा बाईपास पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 10 लाख रुपए की प्रतिमा का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास, कल्याण और उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देहरा में 38 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले परिधि गृह भवन, नागरिक अस्पताल देहरा में 26.82 करोड़ रुपए की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लॉक, देहरा में 99 करोड़ रुपए की लागत से संयुक्त कार्यालय भवन, 4.73 करोड़ रुपए की लागत से वन विश्राम गृह, देहरा, सुनहेत से बस्सी सड़क पर देही खड्ड पर 4.12 करोड़ रुपए की लागत से पुल, सुनहेत से बस्सी सड़क पर ढलियारा खड्ड पर 8.77 करोड़ रुपए की लागत से पुल, देहरा क्षेत्र में यूवी और गैसीय क्लोरीनेशन के साथ 43 करोड़ रुपए की लागत से 24 जलापूर्ति योजनाओं के जल उपचार संयंत्र का शिलान्यास किया।

## विस्थापितों ने किया मुख्यमंत्री व विधायक कमलेश का धन्यवाद

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मुख्यमंत्री ने देहरा दौरे के दौरान भूमिहीन सरकारी भूमि पर काबिज 89 विस्थापित परिवारों को आवंटन पत्र जारी करके बहुत बड़ी सौगात दी है। इसके लिए समिति और अन्य विस्थापितों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और देहरा विधायक कमलेश ठाकुर का धन्यवाद किया है। पौंग बांध विस्थापितों अशोक कुमार, प्यारे लाल, शाम सुन्दर, मुनीश चौधरी, अजय चौधरी, सन्नी नागर, बीएस पगडोत्रा तरसेम चौधरी आदि का कहना है कि सीएम सुक्खू ने विस्थापितों की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में पूरे जोर से लड़ने वाले बयान ने निराशा के दौर से गुजर रहे पौंग बांध विस्थापितों में नया जोश भर दिया। उन्होंने कहा कि देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने विस्थापितों की पीड़ा को अपनी पीड़ा समझकर उनकी न्याय दिलवाने वाली बात को मुख्यमंत्री के समक्ष जिस तरह जोरदार ढंग से रखा, वो काबिलेतारिफ है। अब उन्हें लगने लगा है कि जैसे उन्होंने लंबे संघर्ष के बाद अपनी लड़ाई जीत ली हो। पौंग बांध विस्थापितों ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू इतिहास में पहले से मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पांच दशक से अधिक समय से न्याय के लिए भटक रहे विस्थापितों की हृदय की पीड़ा पूरी तरह से समझा है।

## कांगड़ा और चंबा में अनुकरणीय कार्य के लिए वन समितियां की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, देहरा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने देहरा में केएफडब्ल्यू परियोजना के तहत बेहतर कार्य करने वाली कांगड़ा व चंबा जिले की ग्राम वन प्रबंधन समितियों (विलेज फोरेस्ट मैनेजमेंट सोसायटी) को सम्मानित किया। उन्होंने राज्य स्तर पर वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति लगडू को एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार डलहौजी वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति छम्बर को 60 हजार तथा तृतीय पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति भटेड़ को 40 हजार रुपए प्रदान किए। वर्ष 2022-23 के लिए राज्य स्तर का एक लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति भटेड़, 60 हजार रुपए का दूसरा पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति जैनी मसरूर-2 तथा तीसरा पुरस्कार देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति लगडू को 40 हजार रुपए प्रदान किया। वर्ष 2023-24 के लिए राज्य स्तर का प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति जैनी मसरूर-2, द्वितीय पुरस्कार 60 हजार रुपए देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबंधन समिति भटेड़ तथा तृतीय पुरस्कार 40 हजार रुपए देहरा वन मंडल की ग्राम वन प्रबन्धन समिति लगडू को दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने वन विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## फेसबुक पर पेज बनाकर पत्रकारिता कर रहे लोगों पर सरकार बनाए सख्त नियम : रमेश भाऊ

### पालमपुर में निजी फेसबुक पेज के संचालक ने किया पत्रकारों की छवि को धूमिल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के उपाध्यक्ष रमेश भाऊ ने कहा कि पालमपुर में फेसबुक पेज का संचालक खुद को पत्रकार बताकर दो लाख की रिश्वत लेते विजिलेंस की टीम ने गिरफ्तार किया है।



पालमपुर में प्रेसवार्ता करते राज्य पंचायत परिषद के उपाध्यक्ष रमेश भाऊ।

ऐसे लोग पत्रकारिता के नाम को बदनाम कर रहे हैं। रमेश भाऊ ने प्रेसवार्ता में कहा कि वे खुद नेशनल अखबारों में पत्रकार रह चुके हैं, लेकिन आजकल जो सोशल मीडिया में पत्रकारिता का दौर चला है। यह आने वाले समय के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। हर कोई अपना फेसबुक व यू-ट्यूब में अपना चैनल बनाकर हाथ में माइक आईडी लेकर अपने आप को पत्रकार बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर में जो निजी ए स्टार फेसबुक पेज के संचालक ने पत्रकार बनके एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के संचालक से भूमि से संबंधित वीडियो को डिलीट करने की एवज में 12 लाख रुपए व कार की डिमांड की थी, वे बहुत ही शर्मनाक बात है। हम भुवनेश सूद को बधाई देते हैं, जिन्होंने ऐसे फर्जी पत्रकार का पर्दाफाश किया। उन्होंने विजिलेंस से मांग की है कि इस फेसबुकिए पत्रकार का पिछला रिकॉर्ड खंगाला जाए, ताकि कहीं और कोई इसके झांसे में न आया हो। रमेश ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जो निजी फेसबुक या यू-ट्यूब चैनल बनाकर पत्रकारिता का धंधा चला रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कानून बनाया जाए। इस मौके पर पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष के एल मेहता, इंटक स्टेट सेक्रेटरी मेहताब सिंह राणा, रघुबीर सिंह व राख देवेंद्र मौजूद रहे।

## शिक्षण संस्थानों के पास तंबाकू पदार्थों की बिक्री रोकने को चलाएं अभियान : बेक्टा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कांगड़ा जिले स्तरीय समन्वय समिति की बैठक बुधवार को डीसी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता एडीएम शिल्पी बेक्टा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। उन्होंने तंबाकू मुक्त समाज के लिए आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के लिए गतिविधियों को सुनिश्चित बनाने के दिशा निर्देश दिए। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू पदार्थों के प्रयोग, शिक्षण संस्थानों के आसपास बिक्री रोकने के लिए सभी विभागों की ओर से मिलकर अभियान चलाने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद, जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा ने तंबाकू के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसानदायक प्रभावों व इससे होने वाले रोगों के बारे में बताया। तंबाकू के दुषप्रभावों के बारे मेंजानकारी के लिए 104 तथा 1800-8914416, 1800-112356 दूरभाष नंबर पर संपर्क करें।

## मामा के लड़के के साथ भागी दो बच्चों की मां

**रमन राणा, अनंत ज्ञान, भड़वार।** विधानसभा नूरपुर की पंचायत लदोड़ी में दो बच्चों की मां अपने सगे मामा के लड़के यानी अपने ममेरे भाई के साथ भाग गई। वार्ड-3 के रहने वाले अर्जुन सिंह ने मीडिया में अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि उसकी शादी 2009 में सोनी देवी से हुई थी तथा उसके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा 16 साल का है व छोटा बेटा 10 वर्ष का है। अर्जुन सिंह ने बताया कि हमारे बीच कोई कलह नहीं थी।

उन्होंने बताया कि उसे यकीन है कि सोनू देवी अपने ममेरे भाई के साथ गई है और दोनों के मोबाइल बंद हैं। उसके माता-पिता ने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है। अर्जुन सिंह ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन तथा पुलिस से पत्नी को ढूंढने की गुहार लगाई है। नूरपुर पुलिस थाना एसएचओ सुरेंद्र धीमान ने बताया कि सोनू देवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना नूरपुर में दर्ज है और ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## चसराल पट्ट में जल्द होगा बैली ब्रिज का निर्माण : गोमा



चसराल पट्ट गांव में जनसभा के दौरान बच्चों के साथ आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**आयुष,** युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह बात बुधवार को दुवक्यारा पंचायत के चसराल पट्ट गांव में आयोजित जनसभा के दौरान में कही। उन्होंने कहा कि सरकार जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जनसंवाद को मजबूत कर रही है और हर वर्ग के कल्याण के लिए सजगता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में जनहित, लोकहित और सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। वह निष्ठा और सामर्थ्य के साथ सड़क, शिक्षा, विद्युत, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि चसराल पट्ट में जगंलेड़ खड्ड पर दिसंबर माह तक बैली ब्रिज का निर्माण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां की सड़क के शेष कार्य को भी पूर्ण कर दिया जाएगा। इस अवसर उपप्रधान जोगिंदर सिंह, ओपी धीमान, अमर सिंह, खंड विकास अधिकारी सिकंदर कुमार, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग अंकित आदि उपस्थित रहे।

## बैजनाथ में मॉकड्रिल की तैयारियों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ में 6 जून को आयोजित होने वाली आपदा मेगा मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने की। उन्होंने बताया गया कि 6 जून को उपमंडल बैजनाथ में पंडित संतराम महाविद्यालय में मेगा मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, अग्निशमन, पुलिस, आपदा प्रबंधन व स्वास्थ्य के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति अवगत करवाया तथा मॉकड्रिल के सफल आयोजन की तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## एसपी ने किया थाना प्रभारी कक्ष का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा जिले की एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बुधवार को बैजनाथ थाना का दौरा किया। उन्होंने बैजनाथ थाना में पुनर्निर्मित किए थाना प्रभारी कक्ष का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के माध्यम से बैजनाथ नगर परिषद क्षेत्र में लगभग 22 लाख रुपए की लागत से 32 सीसीटीवी कैमरे ताशीजोंग से लेकर घट्टा तक लगाएं गए हैं। इन कैमरों की सहायता से चोरी व नशा तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। इन कैमरों का कंट्रोल रूम डीएसपी कार्यालय में रहेगा। इस मौके पर एएसपी अदिति सिंह, डीएसपी अनिल शर्मा, थाना प्रभारी मनीष शर्मा, एसएचओ जोगिंद्रनगर शकीनी कपूर, अनुराग शर्मा, शलभ शर्मा, पार्षद अमित कपूर व पुलिस व मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## मानव को स्वयं को जगाना होगा : महंत पुनीत



**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** चामुंडा पैलेस में बुधवार से शिव महापुराण कथा आरंभ हो गई, जो 11 जून तक चलेगी। सिद्धेश्वर शक्ति पीठ न्यास के स्वामी महंत पुनीत गिरि ने अपने प्रवचनों में कहा कि मानव को 'उपभोग' धारण करना चाहिए, जबकि इसके विपरीत मानव लालच और लालसाओं से भरा है। इन मानसिक विकृतियों से मुक्ति यों के लिए मानव को स्वयं को जगाना होगा। मानव को अपनी जरूरतों, क्षमताओं और अपने लक्ष्य को पहले जानना है। इसमें मानव को गुरु, संत, आध्यात्मिक स्वामी की संगत करना और उनके पदचिन्हों का अनुसरण करना आवश्यक है। इस मौके पर एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती के साथ प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार पंकज दर्शी, आरटीआई एक्टिविस्ट दुर्गेश कटोच, समाजसेवी विजय सेकड़ी सहित बहुत से जिज्ञासुओं ने सतसंग का आनंद लिया।

## महिला क्रिकेट में पशु चिकित्सा कॉलेज विजेता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की ओर से आयोजित 29वें वार्षिक अंतर-महाविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन बैडमिंटन और महिला क्रिकेट के फाइनल मुकाबले खेले गए। इस आयोजन का सफल संचालन छात्र कल्याण संगठन की ओर से किया जा रहा है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किए। पुरुष वर्ग में कृषण और अक्षित, जबकि महिला वर्ग में आरुषि और कशिश की जोड़ी ने जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय और महिला वर्ग में मूलभूत विज्ञान महाविद्यालय उपविजेता रहे। दूसरा फाइनल महिला क्रिकेट का था, जो पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय टीम के बीच हुआ। पशु चिकित्सा महाविद्यालय टीम विजेता बनी।

## पत्रकार को पकड़वाने पर भुवनेश की सराहना

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सोशल मीडिया चैनल के पत्रकार को पालमपुर में रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस की टीम की ओर से रंगेहाथों पकड़ने पर उक्त पत्रकार के खिलाफ कारवाई करने वाले धीरा निवासी भुवनेश सूद के निडर प्रयासों की पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुलह किशोरी लाल मेहता, पंचायत धीरा की प्रधान कविता धरवाल, पंचायत समिति उपाध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व उपाध्यक्ष मदन ठाकुर, होशियार सिंह आदि ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि समाज से इस प्रकार के घटिया मानसिकता वाले लोगों के कृत्यों को उजागर करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मीडिया जगत जनता की समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। लोकतंत्र में मीडिया को चौथे स्तंभ की संज्ञा दी गई है, लेकिन कुछ घटिया लोग सौदेबाजी करके पत्रकारिता को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाना चाहिए।

## दंगल और खेल प्रतियोगिता के विजेता नवाजे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने बुधवार को लाहट में आयोजित दो दिवसीय प्रसिद्ध गुग्गा मेले का विधिवत समापन किया। उन्होंने दंगल और म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी और लंबीकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के प्रोत्साहन के लिए 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। दंगल प्रतियोगिता में विशाल पालमपुर विजेता रहे, जबकि शेरा अमृतसर उपविजेता रहे। उन्होंने सराय भवन के जीर्णोद्धार के लिए भूमि स्थानांतरण होने पर पहली किस्त के रूप में 3 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

## द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में उत्कृष्ट छात्रवृत्ति परीक्षा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए, बीसीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों के लिए उत्कृष्ट छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 90 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवीन शर्मा ने जानकारी दी कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा के माध्यम से योग्य छात्रों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार एक लाख रुपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम छात्रों को वेबसाइट एवं टेलीफोनिक माध्यम से बता दिया जाएगा। यह पहल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग देने और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। कॉलेज में बीबीए, बीसीए और बीकॉम पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या सीधे कॉलेज परिसर में संपर्क कर सकते हैं।

## पंजाहड़ा छिंज की बड़ी माली बराबरी पर छूटी

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पंजाहड़ा छिंज मेला बड़ी माली को कोई नतीजा नहीं निकल पाया। मुकाबला पहलवान भूपिंदर अजनाला व देवेंद्र कोहाली के बीच बराबरी में छूटा। कमेटी की ओर से जीत हार के लिए 20 मिनट का समय दिया गया था, लेकिन जीत व हार का कोई फैसला नहीं हो पाया। वहीं, छोटी माली के लिए मुकाबला सोनू पहलवान लंबानाल व प्रिंस कोहाली के बीच हुआ। क्प्रिंस कोहाली ने सोनू पहलवाल को हराकर खिताब अपने नाम किया। दंगल मेला प्रबंधन कमेटी ने बड़ी माली के लिए दोनों पहवानों को 71000 रुपए व छोटी माली की विजेता टीम को 51000 रुपए देकर सम्मानित किया। रिटायर्ड प्रिंसिपल रमेश चंद शर्मा ने 21000 व भूषण महाजन ने 11000 रुपए की सहयोग राशि मेला कमेटी को दी।

**निर्देश** एसडीएम बोले- कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की अधिसूचना

# भीड़भाड़ वाले स्थानों से बनाएं दूरी, मास्क पहनें: संकल्प

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने बताया कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि देशभर में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी गई है, जिसका निकट भविष्य में हिमाचल प्रदेश में भी असर देखने को मिल सकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपलों और सरकारी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों को सतर्कता बनाए रखने और सभी आवश्यक निवारक उपाय करने के निर्देश जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में रिपोर्ट किए जा रहे इन्फ्लूएंजा और सामान्य सर्दी के मामलों की भी निगरानी की जा रही है। एसडीएम ने उपमंडल बैजनाथ की जनता के साथ कोविड-19 से बचाव के संदर्भ में आग्रह किया है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से अधिसूचना के अनुरूप कोविड-19 से बचाव के लिए अस्पताल व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में उचित दूरी बनाए व मास्क पहन कर रखें तथा हाथों को बार-बार साबुन से धोएं या सैनेटाइज करें। उन्होंने आग्रह किया कि बार-बार छुए जाने वाले सतहों जैसे दरवाजे के हैंडल, रेलिंग और सार्वजनिक उपयोगिता क्षेत्रों को नियमित रूप से सैनेटाइज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इन्फ्लूएंजा जैसे लक्षण खांसी, जुकाम या बुखार अनुभव करने वाले व्यक्तियों को तुरंत स्वास्थ्य जांच की सलाह दी।

## पुराने दानपात्रों के स्थान पर नए दान पात्र रखने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**शिव** मंदिर बैजनाथ समिति एवं ट्रस्ट की बैठक बुधवार को मंदिर कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता मंदिर के सहायक आयुक्त व उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने की। मंदिर समिति तथा ट्रस्ट के सदस्यों ने मंदिर में किए जाने वाले सुधार कार्यों के बारे में उपमंडलाधिकारी को अवगत करवाया।

एसडीएम ने बताया कि मंदिर प्रांगण में खराब पड़ी हाईमास्ट लाइट की मरम्मत करवाने, कूड़ादान रखने व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नए शू रैक लगाने के निर्देश दिए हैं। नए फुटमैट खरीदने व मंदिर में पुराने दानपात्रों के स्थान पर नए दान पात्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन की ओर से



शिव मंदिर बैजनाथ समिति एवं ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करते सहायक आयुक्त।

हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर से खीर गंगा घाट की ओर जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत की जाएगी व सीढ़ियों में छत लगाई जाएगी। मंदिर में सहायक पुजारी तथा लेखाकार के रिक्त पदों में जल्द ही तैनाती की जाएगी। मंदिर प्रांगण में बंद पड़े शौचालयों का तुरंत संचालन करने के निर्देश दिए।

## विधायक मलेंद्र ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने लोक निर्माण विश्राम गृह कंदरोड़ी में ब्लॉक कांग्रेस इंदौरा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और विकास कार्यों की जानकारी ली।





विधायक मलेंद्र ने जनता दरबार लगाकर लोगों की जनसमस्याओं को सुना।

मलेंद्र ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें कहा कि आपकी मेहनत की बदौलत ही आज आपका मलेंद्र राजन विधानसभा में पहुंच सका है और आपके हर कार्य को करवाना मेरा परमधर्म है। वहीं, बैठक के बाद विधायक मलेंद्र ने जनता दरबार लगाकर लोगों की जनसमस्याओं को सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों व नए कार्य करवाने बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष कांगड़ा कर्ण सिंह पठानियां, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस इंदौरा अध्यक्ष दवेंद्र सिंह मनकोटिया, मास्टर कमल किशोर, राणा प्रताप, संदन शर्मा, विकास आदि मौजूद रहे।

## क्रशर यूनियन एसोसिएशन ने पंजाब सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**क्रशर** यूनियन एसोसिएशन ने मीटिंग कर पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस दौरान द पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर युनिट्स, स्टाकिट्स व रिटेलर एक्ट 2025 का कड़ा विरोध किया गया। एसोसिएशन के प्रधान लक्ष्मण नैय्यर ने कहा कि पंजाब सरकार क्रशर चलाने के बजाए उन्हें बंद करने पर तुली है। पॉलिसी तैयार करने वाले भी सरकार को गुमराह कर रहे हैं। जल्द ही पंजाब सीएम से मिलेंगे, यदि बात न बनी तो फिर कोर्ट में भी जाना पड़ेगा, तो जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के थाना ढली क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 6.02 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस की एक टीम मंगलवार की शाम को ढली चौक पर नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दो युवक संदिग्ध हालत में नशे की खेप के साथ इलाके में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सतर्कता बरतते हुए दोनों व्यक्तियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम (25) निवासी चौपाल, जिला शिमला और हरप्रीत (30) निवासी चलौंठी शिमला के रूप में हुई है(

### राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड में जीते दो स्वर्ण



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन(हमीरपुर)में आयोजित राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड में पीएम श्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय आंध्रा की दो छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। विद्यालय की छात्राएं अनुश्रुति और निमिशा ने योग की विभिन्न शैलियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस जीत के साथ ही अब दोनों छात्राएं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। जो आने वाले समय में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में आयोजित होगी। विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजेन्द्र केदान, शिक्षक सुरेश रामटा, नरेंद्र लुखियान, बृजेश्वर माक्टा, राजेश दत्त, सविता मेहता, अंजना खनान, वीणा देवी, रविकांत, चंन्द्र किशोर सहित स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने आज बुधवार को छात्राओं को स्कूल आगमन पर उन्हें सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है।

### लोअर बाजार में असुरक्षित भवन से गिरा मलबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के लोअर बाजार में बुधवार दोपहर एक असुरक्षित घोषित तीन मंजिला भवन से अचानक मलबा गिरने से हड़कंप मच गया। सब्जी मंडी के पास स्थित जयभारत मेडिकल स्टोर के निकट यह घटना हुई, जिससे आसपास के दुकानदारों में अफरातफरी फैल गई। नगर निगम वास्तुकार राजेश शर्मा की अगुवाई में निगम, आपदा प्रबंधन और दमकल की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि नगर निगम ने इस भवन को कई साल पहले ही असुरक्षित घोषित कर दिया था और इसकी ऊपरी दो मंजिलें तोड़ी भी जा चुकी हैं, लेकिन निचली तीन मंजिलें अभी भी जर्जर हालत में खड़ी हैं, जिससे आसपास की दुकानों और भवनों को भी खतरा है। निगम वास्तुकार ने बताया कि भवन मालिकों को इसे गिराने के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं, लेकिन कुछ हिस्सा अभी भी बाकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भवन को गिराने की जिम्मेदारी मालिकों की है और किसी भी नुकसान के लिए वे ही जिम्मेदार होंगे।

### उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 6 जून को शिमला आगमन और 7 जून को सोलन प्रस्थान के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बुधवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को समय पर और समन्वित तरीके से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरे को जिले के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी अधिकारियों से पूरी तत्परता से काम करने का आग्रह किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य, लोक निर्माण और परिवहन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रीष्म महोत्सव में गूंजे पहाड़ी सुर

## हेमंत शर्मा, गीता भारद्वाज, अरुण जस्टा और हनी नेगी की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला 2025 की तीसरी सांस्कृतिक संध्या भव्यता के साथ संपन्न हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। यह संध्या लोक संस्कृति और संगीत के विविध रंगों से सराबोर रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में विधायक शिमला शहरी, हरीश जनारथा और विधायक चम्बा, नीरज नय्यर सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि और अन्य विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया।

संध्या के मुख्य आकर्षणों में प्रसिद्ध गायक हेमंत शर्मा, गीता भारद्वाज और हनी नेगी शामिल रहे, जिनकी दमदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके गीतों और प्रदर्शन ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कलाकार नाटी से धूम मचाते हुए।

### यशिका घामटा ने कथक नृत्य में दी शानदार प्रस्तुति

**इसके** अतिरिक्त, पहाड़ी गायक यशिका घामटा, प्राज्ञ ठाकुर, पाल सिंह, योगेश मुकुल, आयुष ठाकुर, किशोर कुमार, भूपेश शर्मा, डॉ. मदन झाल्टा और अरुण जस्टा ने अपनी सुरीली आवाज़ से समां बांध दिया। विशेष रूप से, यशिका घामटा ने कथक नृत्य की एक शानदार प्रस्तुति देकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### स्कूली छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**स्थानीय** प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुटू, राजकीय उच्च पाठशाला कैथू, केवी जाखू और एसडी स्कूल शिमला के छात्रों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जो दर्शकों द्वारा खूब सराही गईं।

# रोहड़ू-डोडरा क्वार सड़क यातायात के लिए बहाल



चांशल घाटी में सड़क मार्ग से बर्फ हटाती हुई जेसीबी मशीन।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** चांशल घाटी पर तीन जून को चार ईंच के करीब ताजा हिमपात गिर गया। जिससे डोडरा क्वार उपमंडल की पांच पंचायतें शेष दुनिया से कट गई। लोक निर्माण विभाग ने कड़ी मशक्कत करने के बाद जेसीबी मशीन से बर्फ को हटाकर रोहड़ू- डोडरा क्वार सड़क मार्ग को यातायात के लिए बहाल कर दिया। लोक निर्माण विभाग मंडल डोडरा क्वार के अधिशाषी अभियंता ई. नरेंद्र नायक ने बताया कि चांशल घाटी में चार ईंच के करीब ताजा हिमपात गिर गया। उन्होंने बताया कि समय रहते सड़क मार्ग से जेसीबी मशीन से बर्फ को हटा दिया है। सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु रुप से बहाल कर दी गई है।

# बिजली बोर्ड की लापरवाही से पीरन में 31 घंटे गुल रही लाइट

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**सूचना देने के बावजूद 28 घंटे बाद पहुंचे कर्मचारी**

**बिजली** बोर्ड की लापरवाही के चलते शिलाबाग सबस्टेशन से गांव पीरन की विद्युत लाइन में मामूली खराबी आने से पीरन में 31 घंटे बिजली गुल रही। जिससे लोगों बीती रात अंधेरे में काटनी पड़ी। पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, अतर सिंह ठाकुर, हंसराज वर्मा, जबर सिंह ठाकुर सहित कई लोगों ने बताया कि मंगलवार को सुबह सात बजे बिजली गुल हो गई थी जोकि बुधवार को दो बजे के उपरांत बहाल हुई।

हंसराज वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा बीते रोज दिन में 10 बजे कनिष्ठ अभियंता जुन्गा को सूचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सूचना देने के बाजजूद मंगलवार को किसी कर्मचारी को मौके पर नहीं भेजा गया, जिसके चलते रात्रि को बिना लाइट के विद्यार्थियों और बुजुर्गों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी। इसके अतिरिक्त बिजली न होने के कारण मोबाइल सहित सभी विद्युत उपकरण बंद हो गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्युत लाइनें कई दशकों पुरानी हो चुकी हैं परंतु बिजली बोर्ड ने इन लाइनों को आज तक नहीं बदला गया है। विशेषकर सिरमौर जिला शिलाबाग सब स्टेशन से पीरन तक लाइन की हालत बहुत खस्ता है। जिसके चलते प्रतिदिन इस पंचायत में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। बिजली बोर्ड का इस क्षेत्र में कोई कर्मचारी न होने के कारण अनेकों बार स्थानीय युवा जान जोखिम में डालकर ट्रॉस्फार्मर में फ्यूज लगाते हैं।

एसडीओ विद्युत उपमंडल जुन्गा यशंवत सिंह ने बताया कि पीरन पंचायत में विद्युत आपूर्ति की गंभीर समस्या है। जिसके समाधान के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बात की जाएगी ।

# ठियोग प्रोजेक्ट की 100 महिलाओं ने डाली 'महानाटी'

## 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश, स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को किया आकर्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के चौथे दिन ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक अद्भुत और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत ठियोग प्रोजेक्ट की 100 से अधिक महिलाओं ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की थीम पर आधारित 'महानाटी' का आयोजन किया। इस रंगारंग प्रस्तुति ने न केवल स्थानीय लोगों का मन मोहा, बल्कि देश-विदेश से आए पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित किया, जिन्होंने इस पारंपरिक नृत्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

यह आयोजन शिमला ग्रीष्मोत्सव के चल रहे कार्यक्रमों का एक अहम हिस्सा था, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना भी है। ठियोग प्रोजेक्ट की इन महिलाओं ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। उनकी महानाटी में हिमाचल की समृद्ध संस्कृति और सशक्त नारी शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि इसमें केवल ठियोग प्रोजेक्ट की महिलाएं ही नहीं, बल्कि रिज पर मौजूद पर्यटक और स्थानीय लोग भी शामिल हो गए। उन्होंने इन महिलाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर महानाटी की धुन पर नृत्य किया, जिससे आयोजन में एक अलग ही उत्साह और जुड़ाव का माहौल बन गया। यह जनभागीदारी दर्शाती है कि समाज में बेटियों के उत्थान और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।



### कला व संस्कृति से हो सकते सामाजिक बदलाव

**शिमला** ग्रीष्मोत्सव के दौरान आयोजित यह महानाटी सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को एक जीवंत मंच प्रदान करने वाला एक सशक्त माध्यम भी था। इसने यह साबित कर दिया कि कला और संस्कृति के माध्यम से भी बड़े सामाजिक बदलाव लाए जा सकते हैं।

### सामाजिक मुद्दों पर आएगी जागरूकता

**महिला** एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा मिलता है, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी व्यापक जागरूकता आती है। उन्होंने ठियोग प्रोजेक्ट की महिलाओं के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर इस महत्वपूर्ण संदेश को जनमानस तक पहुंचाने में सहयोग किया।

**झंडूता में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत क्षेत्रीय संगोष्ठी का आयोजन, 5000 से अधिक किसानों ने लिया भाग**

# प्राकृतिक खेती विकल्प नहीं, समय की मांग : देवव्रत

**गुजरात के राज्यपाल ने की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सीएम सुक्खू की सराहना**

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें हिमाचल सहित देशभर से 5000 से अधिक किसानों ने भाग लिया। वहीं, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी का आयोजन झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, साई इटरनल फाउंडेशन शिमला एवं मानव विकास संस्थान कलोल के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

देवव्रत ने किसानों से संवाद करते हुए प्राकृतिक खेती को समय की मांग बताया और कहा कि यह खेती न केवल धरती की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि किसानों की आत्मनिर्भरता को भी सशक्त बनाती है। किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं जैसे रासायनिक मुक्त खेती, देशी गाय आधारित जैविक इनपुट (जीवामृत, घनजीवामृत और बीजामृत), फसल विविधता, कम लागत वाली खेती एवं भूमि संरक्षण के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती आज केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि समय की मांग बन चुकी है। यह खेती पद्धति रसायनमुक्त भोजन प्रदान करती है, जिससे मानव स्वास्थ्य बेहतर होता है और गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होता है। प्राकृतिक खेती मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखते हुए जल, वायु और जैव विविधता की रक्षा करती है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलित रहती है। यह नदियों और भूजल को रासायनिक प्रदूषण से मुक्त रखती है। आचार्य देवव्रत ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना की।



शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित संगोष्ठी में सम्मानित किए किसान।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास : धर्माणी

सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के लिए राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। हल्दी के लिए 9000 रुपए प्रति क्विंटल, गेहूं के लिए 6000 रुपए प्रति क्विंटल, भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर तथा प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित दूध पर 51 रुपए प्रति लीटर का समर्थन मूल्य तय किया गया है।

### भ्रांतियों से बचने की आवश्यकता : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक खेती को लेकर बहुत सी भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जिनसे बचने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हिमाचल में पहली बार आचार्य देवव्रत के अनुरोध पर उनकी सरकार के कार्यकाल में बजट में 25 करोड़ रुपए का प्रावधान प्राकृतिक खेती के लिए किया गया था।

# श्री नयना देवी मंदिर में दो श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**विश्व** विख्यात श्री माता नयना देवी मंदिर में दर्शन के लिए आए दो श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन चोरी हो गए। शिकायतकर्ता हिमांशु चंदेल निवासी कंडईवाला, जिला सिरमौर ने पुलिस चौकी नयना देवी में मामला दर्ज करवाया है।

शिकायत में कहा कि वह अपने मित्र हेमचंद शर्मा के साथ दर्शन के बाद गत रात को मंदिर परिसर की धर्मशाला में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे थे। दोनों ने अपने-अपने मोबाइल फोन बिस्तर पर रखे हुए थे। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को धर्मशाला में घूमते हुए देखा। जब स्नान के लिए बाहर गए और जब लौटे तो दोनों के मोबाइल फोन गायब थे और युवक गायब था। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि अज्ञात चोर के खिलाफ थाना कोट कहलूर में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगामी कार्रवाई कर रही है।

# आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की दोनों टीमें पहुंची

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**एमेच्योर** कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित होने वाली 12वीं राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में हिमाचल की महिला व पुरुष दोनों टीमें भाग लेंगी। प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि 5 से 8 जून तक आंध्र प्रदेश के मांगीनापुड़ी बीच मछलीपट्टनम में यह चैंपियनशिप होगी। सभी टीमें पहुंच चुकी हैं। पुरुषों की टीम में गुरप्रीत सिंह, रजत चौधरी, मिथुन, प्रियांक चंदेल, लाल सिंह व बलबीर सिंह शामिल हैं। गुरप्रीत सिंह टीम के कैप्टन होंगे, जबकि संदीप मैनेजर तथा कोच के रूप में पूर्ण कटोच साथ गए हैं। महिलाओं की टीम में किरण ठाकुर, तनु ठाकुर, निकिता चौहान, शगुन नायक, अदिति व जसप्रीत कौर शामिल हैं। किरण टीम की कप्तान हैं। पवना नेगी टीम की मैनेजर होंगी तथा कोच के रूप में विलम ठाकुर साथ हैं।

### विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि बदली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि किया पूर्व में जिला स्तर पर चिकित्सा विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 6 जून की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों एवं राज्य स्तरीय मॉकड्रिल के आयोजन के चलते उक्त तिथि को स्थगित कर दिया है। अब यह प्रक्रिया 13 जून को पूर्व निर्धारित स्थान पर आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित लाभार्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि विकलांगता प्रमाण पत्र पूर्व में प्रसारित अनुलग्नक के अनुसार ही जारी किए जाएंगे। प्रमाण पत्र की विधिक वैधता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक होगा कि वह चिकित्सा बोर्ड के कम से कम दो नामित सदस्यों की ओर से प्रमाणित अनुमोदित होना अनिवार्य है।

### मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना के चार वर्ष पर हवन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के परिसर में चार वर्ष पूर्व स्थापित मां सरस्वती की मूर्ति का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्व देवी-देवता पूजा, मूर्ति पूजन,



तदोपरांत हवन का आयोजन किया गया। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से सेवानिवृत्त हुए संगीत प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा और रेखा शर्मा ने पूजा की। उल्लेखनीय है कि रेखा शर्मा इस पाठशाला की पूर्व प्रधानाचार्या रही हैं और उनकी ही प्रेरणा एवं स्थानीय जनता के सहयोग से स्कूल परिसर में चार वर्ष पूर्व मंदिर निर्मित करवा कर यह मूर्ति स्थापित की गई थी। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेश शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के सामाजिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सहयोगात्मक एवं सामूहिक कार्यक्रमों का अपना ही महत्त्व होता है। इस अवसर पर पाठशाला प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, पंडित मनोहर लाल, राकेश शर्मा, सुरेंद्र परमार, शेर सिंह, प्यारे लाल, राकेश शास्त्री, विजय कुमार, देसराज भारती संजीव गौतम, अधीक्षक सुरेश शर्मा, कर्मचारी एवं स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

### बैरी पंचायत में कुश्ती प्रतियोगिता 6 को

**बिलासपुर, अनंत ज्ञान।** बैरी पंचायत में 6 जून को कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। कुश्ती में दो टाइटल रखें है। 20 वर्ष तक के बच्चों के 20,000 रुपए की फाइनल कुश्ती है। 20 वर्ष से उपर के पहलवानों के लिए 31000 रुपए इनाम है। बैरी रजादिया की जनता से अपील की कि भारी संख्या में पधार कर पहलवानों को दें।

### पंजाब के प्रवीण कोहली ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** धारटटोह पंचायत में आयोजित दंगल में हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, यूपी, महाराष्ट्र, जेएंडके के अलावा विदेशी पहलवान ने भाग लिया। दंगल का शुभारंभ समाजसेवी सुभाष ठाकुर ने किया। दंगल की बड़ी माली पंजाब के पहलवान प्रवीण कोहली ने हरियाणा के कालू वाडोवाल को हराकर जीती। विजेता को 3 लाख रुपए और उपविजेता पहलवान को 2 लाख 41 हजार रुपए की नगद इनामी राशि देकर सम्मानित किया गया। छोटी माली के विजेता यूपी के पहलवान कलुआ गुर्जर ने हरियाणा के पुष्पेद्र आलमगीर को पटखनी दी। विजेता पहलवान को डेढ़ लाख और उपविजेता को एक लाख रुपए का नकद इनाम दिया गया।

### बीडीटीएस की नई नीति से ट्रांसपोर्टरों को राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बीडीटीएस महासचिव सुरेश चौधरी ने कहा कि बीडीटीएस पर लगे आरोप निराधार हैं, जबकि विपक्षी धड़े के नौ लोग हैं, वे भी वर्तमान कार्यकारिणी के काम की तारीफ कर रहे हैं। एक से 100 नंबर तक एक रोटेशन चैनल के तहत एक पॉलिसी है। हर महीने में रोस्टर बनता है, जिसमें गाड़ियों के नंबर तय होते हैं। यदि कोई गाड़ी डिमांड के बावजूद खड़ी रहती है, तो स्वत गाड़ी सूची से डिलीट होकर अपने आप ही नंबर आगे चला जाता है। पूर्व महासचिव के समय में ही इस प्रणाली का प्रस्ताव पारित हुआ था। अब उन्होंने ही सवाल किया है कि इस प्रस्ताव को समय रहते क्यों इंप्लीमेंटेशन नहीं किया। अब बीडीटीएस ने इसी के ही प्रस्ताव को इंप्लीमेंट किया है। पहली बार इतिहास में लुधियाना, परवाणु, जीरकपुर, राजपुरा, किरतपुर आनंदपुर साहिब हिमाचल आदि स्टेशन के लिए स्टैंड स्टेशन ढुलाई कार्य के लिए गाड़ियां जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अपने समय और हमारे अढ़ाई महीने के समय की कार्यप्रणाली की तुलना करके ट्रांस्पोटरों के बीच ब्लैक एंड वाइट कुछ लेकर पारदर्शिता के बीच अंतर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बीडीटीएस की नई नीति से ट्रांसपोर्टरों को राहत मिली है।

# मॉकड्रिल को गंभीरता से लें दायित्वों को निभाएं : गौरव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**6 जून को कलरी कॉलेज के पास होगी मॉकड्रिल**

**प्राकृतिक** आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासनिक तैयारियों को परखने एवं विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तहसीलदार, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, विद्युत विभाग लोक संपर्क विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

उपमंडलाधिकारी ने कहा कि किसी भी आपदा की घड़ी में विभागों के बीच आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली बेहद महत्वपूर्ण होती है। इसी उद्देश्य से एक मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है, जो 6 जून को सुबह 9 बजे घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत कलरी कॉलेज के समीप आयोजित की जाएगी। मॉकड्रिल के दौरान कम्युनिकेशन यूनिट, मेडिकल यूनिट, फूड यूनिट, सर्च एंड रेस्क्यू टीम, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सेवा तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से एक आपदा प्रबंधन कैंप स्थापित किया जाएगा। कैंप में यह दर्शाया जाएगा कि किस प्रकार एकीकृत प्रयासों से आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उपमंडलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे मॉकड्रिल को गंभीरता से लें और अपने-अपने दायित्वों को भली-भांति निभाएं। ऐसी मॉकड्रिल के माध्यम से ही प्रशासनिक तंत्र की तैयारियों का मूल्यांकन किया जा सकता है और सुधार की संभावनाएं खोजी जा सकती हैं।

# बिलासपुर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम तेज

## वेटरनरी रोड के नाले में की साफ-सफाई, दुकानों से हटाए प्रतिबंधित प्लास्टिक स्ट्रॉ

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर बिलासपुर क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद के सहयोग से शहर के वेटरनरी रोड के समीप स्थित नाले में फैले प्लास्टिक कचरे की सफाई करवाई। बुधवार सुबह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिलासपुर के क्षेत्रीय अधिकारी पवन शर्मा की अगुवाई में टीम ने वेटरनरी रोड के पास नाले में प्लास्टिक सामग्री के ढेर की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई।

प्लास्टिक कचरे में नारियल पानी के लिए उपयोग में लाए जाने वाले स्ट्रॉ, पॉलिथीन बैग और अन्य एकल उपयोग प्लास्टिक उत्पाद शामिल थे। टीम ने नगर परिषद बिलासपुर के सहयोग से इस पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई। बोर्ड अधिकारियों ने नाले के पास स्थित छोटी दुकानों का भी निरीक्षण किया और पाया कि दुकानदार नारियल पानी के लिए प्रतिबंधित प्लास्टिक स्ट्रॉ का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें यह स्ट्रॉ फेंकने के निर्देश दिए गए और आगे से उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने को कहा गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि बिलासपुर शहर और जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए औचक निरीक्षणों की श्रृंखला चलाई जा रही है। दूसरे चरण में खुले में प्लास्टिक फेंकने वालों पर चालान की कार्रवाई की हाईवे के किनारे नाले में फेंके कचरे की सफाई करवाई, जहां उन्हें कुछ आभूषण विक्रेताओं की ओर से फेंका गया प्लास्टिक सामान भी मिला। दुकानदारों को फोन के माध्यम से चेतावनी दी गई और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। उन्होंने नगर परिषद के कर्मचारियों और पार्षदों से मिलकर स्थानीय जनता को इस विषय में जागरूक करने का आह्वान किया। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि शहर के सभी प्रमुख बाजारों, नालों और सार्वजनिक स्थलों की निगरानी बढ़ाई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति या व्यापारी खुले में प्लास्टिक कचरा फेंकता हुआ पाया गया, तो चालान किया जाएगा।



शहर के वेटरनरी रोड के समीप नाले से प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया।

# आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही कांग्रेस सरकार : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब आम आदमी की जेब पर खुलेआम डाका डालने में लगी हुई है। प्रदेश सरकार की ओर से अस्पतालों में 10 रुपए की पर्ची शुल्क लगाए जाने का फैसला न केवल गरीब विरोधी है, बल्कि यह स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा को भी आम जनमानस से छीनने का कृत्य है। पर्ची शुल्क जैसा निर्णय न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह ग्रामीण, मजदूर और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच को और भी कठिन बना देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा इस गरीब विरोधी निर्णय का डटकर विरोध करेगी और सरकार से मांग करती है कि अस्पतालों में 10 रपुए पर्ची शुल्क लगाने जैसा तुगलकी फैसला तुरंत वापस लिया जाए। यह निर्णय प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कोहाल स्कूल में शिक्षकों की कमी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोहाल में कई वर्षों से अध्यापक व क्लेरिकल स्टाफ की भारी कमी के चलते छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। वर्ष 2017 में इस स्कूल को अपग्रेड किया गया था, लेकिन तब से लेकर अब तक आवश्यक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। स्कूल में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता राजनीति शास्त्र, प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस, प्रवक्ता हिंदी सहित क्लेरिकल स्टाफ के कई पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। सीमित स्टाफ के चलते बच्चों को न तो विषय विशेषज्ञों से पढ़ने का मौका मिल रहा है और न ही स्कूल की प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल पा रही है। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक व स्कूली छात्र-छात्राओं ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि स्कूल में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए।



### किसानों को उन्नत बीजों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत बीजों के प्रयोग की जानकारी प्रदान करने के साथ फसल उत्पादन, मृदा स्वास्थ्य और संसाधन प्रबंधन को सुधारने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जारी कृषि विज्ञान केंद्र के विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड मैहला के अंतर्गत ग्राम पंचायत धुलारा, गुवाड तथा करियाण में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र चंबा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सहयोगी वैज्ञानिक डॉ. नेहा तथा विभागीय अधिकारियों में उषा कुमारी, प्रियंका कुमारी ने लोगों को जागरूक किया।

### चंबा कॉलेज में एबीवीपी ने शुरू किया हेल्प डेस्क

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक राहतभरी खबर सामने आई है। एबीवीपी की चंबा इकाई ने राजकीय डिग्री कॉलेज चंबा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत प्रवेश ले रहे विद्यार्थियों की सहायता हेतु एक हेल्प डेस्क की स्थापना की है। यह पहल एबीवीपी की छात्र हित सर्वोपरि नीति का प्रतीक है, जिसका मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित एवं अनुभवी छात्र कार्यकर्ता नियुक्त किए गए हैं, जो प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी जैसे ऑनलाइन पंजीकरण, दस्तावेज़ों की पूर्ति, विषय चयन, और अन्य शंकाओं का समाधान करेंगे। यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी और इसका संचालन एबीवीपी द्वारा समाजसेवा की भावना से किया जा रहा है। हेल्प डेस्क की सेवाएं 2 जून से शुरू हो चुकी हैं और यह प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कॉलेज परिसर में उपलब्ध रहेंगी।

### 9 पदों के लिए कल होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने बताया कि विशाल मेगा मार्ट स्टोर मंडी द्वारा एसोसिएट के 9 पदों के लिए भर्ती अधिसूचित की गई है। इन पदों के लिए पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं। कंपनी द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदक की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास उत्तीर्ण होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिनका नाम जिला मंडी के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, आधार कार्ड तथा रोजगार कार्यालय द्वारा जारी पंजीकरण पत्र सहित साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार का आयोजन 6 जून को 10.30 बजे क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मंडी में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए आने वाले किसी भी अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

# चोली, कोहाल व सपरोठ पंचायतों में जल जीवन मिशन परियोजना अधूरी

## कई गांवों में पेयजल की समस्या, ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द समाधान की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा की तीन ग्राम पंचायत चोली, कोहाल, सपरोठ में जल जीवन मिशन के तहत शुरू किए गए चाकी पाइपलाइन और टैंक निर्माण कार्य कई वर्षों से अधूरे पड़े हैं। इस वजह से क्षेत्र के कई गांवों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र पूरा कराने की गुजारिश की है।

स्थानीय ग्रामीणों ने कहा है कि जल शक्ति विभाग के तहत इस परियोजना के लिए लगभग 7 से 8 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी और यह कार्य वर्ष 2019-20 में प्रारंभ हुआ था। लेकिन आज तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, जिससे प्रभावित ग्रामों में जल आपूर्ति बाधित है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को अधूरे कार्य की सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत इस योजना को जल्द से जल्द पूरा कर सभी गांवों को पानी पहुंचाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे कार्य के कारण उन्हें जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी दैनिक जीवनशैली पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि योजना के लाभ ग्रामवासियों तक पहुंच सकें। जल शक्ति विभाग और जिला प्रशासन की ओर से इस मामले पर समीक्षा की जा रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही समाधान निकल आएगा।



पेयजल समस्या को लेकर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग उठाते ग्रामीण।

# प्रदेश सरकार का शुल्क निर्णय गरीबों पर बोझ : डॉ. जनक राज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** सरकार की ओर से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी पर्ची के लिए 10 रुपए शुल्क और 133 जांचों पर अनिवार्य भुगतान लागू करने के फैसले ने पूरे प्रदेश में आक्रोश की लहर फैला दी है। विधायक डॉ. जनक राज ने इस निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गरीबों के साथ विश्वासघात और स्वास्थ्य अधिकारों का उल्लंघन बताया है।



विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि सरकार का यह फैसला गरीबों पर बढ़ता बोझ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में जहां बड़ी आबादी दिहाड़ी मजदूरी और सीमित आय पर निर्भर है, वहां 10 रुपये की ओपीडी पर्ची और जांच शुल्क अत्यधिक बोझ बन सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार का दावा है कि शुल्क से जुटने वाला धन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा, लेकिन पहले से ही अस्पतालों में डॉक्टरों, उपकरणों और दवाओं की भारी कमी है। डॉ. जनक राज ने सुझाव दिया है कि यदि संसाधन जुटाना जरूरी है, तो आय-आधारित छूट लागू की जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से स्वास्थ्य बजट में सहयोग लिया जाए और निजी क्षेत्र की लूट पर रोक लगे।

डॉ. जनक राज ने आगे कहा की सुक्खू सरकार का यह निर्णय न केवल संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि गरीब जनता के साथ अन्याय भी है। 'सुख की सरकार' का दावा तभी सार्थक होगा जब राज्य के हर नागरिक को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं बिना शुल्क के मिलें। वरना जनता का गुस्सा जल्द ही सड़कों से विधानसभा तक पहुंच सकता है।

# विधायक जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर: सोनू ठाकुर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**आम** आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष और डलहौजी विधानसभा के युवा नेता सोनू ठाकुर ने विधायक डीएस ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने मौजूदा विधायक को बहुत बड़ा जनादेश देकर विधायक चुना था, परंतु वह डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की हर उम्मीद पर असफल साबित हुए हैं। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के लोग आज बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। जैसे ही आसमान में हल्के बादल आते हैं, पूरे क्षेत्र में बिजली कट जाती है। यह कोई असामान्य स्थिति नहीं रही, बल्कि एक नियमित समस्या बन चुकी है। बनीखेत, भलेई, तेलका जैसे कई इलाके लगातार बिजली और पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं।



सोनू ने कहा कि विधायक जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर हैं। जब जनता परेशान है, तब हमारे विधायक राजनीतिक दावतों और निजी कार्यक्रमों में मस्त हैं। आखिर जनता की गलती क्या है? क्या उनका कसूर बस इतना है कि उन्होंने अपने जनप्रतिनिधि पर भरोसा किया?

विधायक को सलाह देते हुए सोनू ठाकुर ने कहा कि जनता अब बहुत समझदार है। विपक्ष में होने की वजह से काम न होने जैसे पुराने झांसों में आने वाली नहीं है। इसलिए विधायक शीघ्र अति शीघ्र डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र की जनता के इन मुलभुत सुविधाओं का प्रशासन से मिलकर समाधान करवाए। आम आदमी पार्टी यह सवाल करती है कि आखिर कब तक जनता को यूं ही बेहाल छोड़ा जाएगा? अगर जल्द ही हालात नहीं सुधरे, तो जनता जवाब मांगने सड़क पर उतरेगी और आने वाले चुनावों में सख्त निर्णय लेगी।

# आधार कार्ड के महत्व के बारे में करें जागरूक : पृथ्वी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसी टू डीसी पृथ्वी पाल सिंह ने की। इस अवसर पर पृथ्वी पाल सिंह ने कहा कि आधार कार्ड के महत्व बारे स्कूली बच्चों तथा आम लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए ताकि लोग स्वयं आधार अपडेशन के लिए आगे आएं। इसके अलावा आधार केंद्रों में आधार संबंधी सेवा शुल्क दरों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

बैठक में सभी आयु वर्गों में आधार के लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करने, आधार से संबंधित अतिरिक्त नामांकन व अपडेट केंद्रों की आवश्यकता व अनकवर्ड क्षेत्रों में पंजीकरण केंद्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र जारी करने, बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट करने तथा आधार से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों की निगरानी के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा व कार्यप्रगति संबंधी समीक्षा की गई।

# समलेउ में खोला जाए पशु चिकित्सा औषधालय

## सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर पंकज शर्मा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत समलेउ के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को मजबूती तब मिली जब डलहौज़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंजीनियर पंकज शर्मा ने बुधवार को उपायुक्त मुकेश रेपसवाल चंबा से शिष्टाचार भेंट कर ग्राम पंचायत समलेउ में पशु चिकित्सा औषधालय की स्थापना के लिए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए उपायुक्त को सौंपा गया।

ज्ञापन में शर्मा ने क्षेत्र में पशु चिकित्सा सेवाओं की विकट स्थिति को उजागर करते हुए कहा कि ग्राम समलेउ सहित आसपास के गांवों में पशुओं के लिए कोई समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके चलते ग्रामीण पशुपालकों को न केवल आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है बल्कि कई बार दूर-दराज क्षेत्रों में पशुओं को उपचार के लिए ले जाना भी मुश्किल हो जाता है।





सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर पंकज शर्मा डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

इंजीनियर पंकज शर्मा ने ज्ञापन में यह भी रेखांकित किया कि औषधालय की स्थापना से न केवल पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। पशु चिकित्सा औषधालय के माध्यम से समय पर उपचार, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकेंगी जिससे पशुओं में होने वाले रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा और दुग्ध उत्पादन व पशुधन से संबंधित अन्य गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह मांग केवल एक सुविधा की नहीं बल्कि ग्राम समलेउ के पशुपालक समाज के विकास से जुड़ी आवश्यकता है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।

पंकज शर्मा ने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन इस मुद्दे को प्राथमिकता देगा और हिमाचल प्रदेश सरकार, विशेषकर पशुपालन विभाग, शीघ्र इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगा।

# शिक्षा, रोजगार बढ़ाने के लिए चंबा में सेंटर पार्टनरशिप अनाउंस

## रानीखेत, चुराह, डलहौजी व भटियात में क्रैक अकादमी ने सेंटर खोलने के लिए मांगे आवेदन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** शिक्षा, रोजगार बढ़ाने के लिए चंबा जिले में क्रैक अकादमी द्वारा सेंटर पार्टनरशिप की घोषणा की गई है। पहले से हिमाचल में 70 से ज्यादा सफल कोचिंग सेंटर चला चुकी अकादमी का मकसद है कि चंबा के युवाओं को न सिर्फ किफायती और गुणवत्ता से भरी कोचिंग मिले, बल्कि इलाके में सीधा और परोक्ष रोजगार भी तैयार हो।

बुधवार को प्रेसवार्ता में अकादमी ने रानीखेत, चुराह, डलहौजी और भटियात में सेंटर खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक लोग अब पार्टनर बनकर अपने क्षेत्र में शिक्षा और कमाई दोनों के नए रास्ते खोल सकते हैं। क्रैक अकादमी को पिछले एक साल में हिमाचल के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में सेंटर पार्टनर बनने के आवेदन मिले थे। अब चंबा में नए सेंटर खोलने की योजना के साथ यह मौका फिर सामने आया है। अकादमी की ओर से बताया गया कि यह पार्टनरशिप योजना खासकर उन स्थानीय लोगों के लिए है, जो शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बड़ा करना चाहते हैं।



### हर बच्चे तक पहुंचनी चाहिए बेहतर कोचिंग

**क्रैक** अकादमी के संस्थापक और सीईओ नीरज कंसल ने कहा, हमारी कोशिश है कि हिमाचल के हर कोने में बेहतरीन कोचिंग की सुविधा कम खर्च में उपलब्ध हो। चंबा में नए सेंटर के ज़रिए हम शिक्षा के साथ.साथ स्थानीय लोगों को रोजगार और खुद का बिजनेस शुरू करने का भी मौका दे रहे हैं। इससे हजारों छात्रों को जेईई, एनईईटी, सीडीएस, एसएससी, बैंक, रेलवे जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गाइडेंस, विशेषज्ञों की मेंटरशिप और बेहतर स्टडी मटेरियल मिल सकेगा।

### स्थायी आमदनी व क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने का मौका

**चंबा** में खुलने वाले ये सेंटर सिर्फ कोचिंग संस्थान नहीं होंगे, बल्कि क्षेत्र के लिए स्थायी आमदनी और रोजगार का केंद्र भी बनेंगे। सेंटर पार्टनर को हर महीने फिक्स इनकम का मौका मिलेगा, साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में परोक्ष रोजगार के रास्ते भी खुलेंगे।

साच पास में टैक्सी चालकों ने बर्फबारी में दिखाया अद्वितीय साहस

# 30 से अधिक पर्यटकों की बचाई जान

**अनंत ज्ञान, चंबा/चुराह**

**साच** पास में अचानक हुई भीषण बर्फबारी ने मंगलवार शाम को एक बड़े संकट का रूप ले लिया। तापमान शून्य से नीचे चला गया, मोबाइल नेटवर्क ठप हो गया और रास्ते बर्फ से पूरी तरह ढक गए। इस स्थिति में करीब तीन दर्जन पर्यटक फंस गए। मदद की कोई उम्मीद नज़र नहीं आ रही थी, लेकिन उसी समय मानवता और साहस की मिसाल बनकर सामने आए साच पास टैक्सी यूनियन के चालक।

रेस्क्यू अभियान की अगुवाई कर रहे चालक मदन ने अद्वितीय वीरता दिखाई। उन्होंने फिसलन भरे बर्फ से ढके रास्तों पर 10 पर्यटकों को अपनी पीठ पर उठाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। बिना किसी मशीन, बिना औजार, सिर्फ अपने दृढ़ निश्चय और जज़्बे से मदन ने यह कारनामा कर दिखाया। उनके साथ यूनियन के अन्य चालक राजेश, विपिन, चमन और कई अन्य ने मिलकर 30 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला।

इस अभूतपूर्व कार्य पर यूनियन के अध्यक्ष बलि राम ने कहा कि हमारे लिए यह सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा है। संकट के समय मदद करना हमारी परंपरा है और इसी भावना के साथ हमारा हर सदस्य काम करता है। यूनियन के सचिव चमन ठाकुर ने बताया कि मौसम बेहद खराब था और यदि चालकों ने समय पर मोर्चा नहीं संभाला होता, तो जान का बड़ा नुकसान हो सकता था।



**मदन ने 10 लोगों को पीठ पर उठाकर पहुंचाया सुरक्षित**

यूनियन के कानूनी सलाहकार एडवोकेट मुकेश कुमार ने इस प्रयास को मानवता की असली तस्वीर बताते हुए कहा कि यह सिर्फ बहादुरी नहीं, यह वो जज़्बा है जो समाज को जिंदा रखता है। इन चालकों ने दिखा दिया कि असली हीरो वही होते हैं जो बिना तमगे के जान बचाते हैं। साच पास टैक्सी यूनियन ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से अपील की है कि इन चालकों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाए।

# चोरी मामले में एक आरोपी को दबोचा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की नींद उड़ा दी है। मटरु क्षेत्र में हाल ही में हुई एक चोरी की वारदात में जोगिंद्रनगर पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना जोगिंद्रनगर में मामला दर्ज किया गया था।

चोरी की यह वारदात उन घरों को निशाना बनाकर की गई थी जो उस समय खाली थे। चोरों ने विनय कुमार और सिया जसवाल के घरों से मोबाइल फोन, नकदी और चांदी के सिक्के चोरी कर लिए थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई में गांव ठनपुरी, डा.घर 53 मील, तहसील नगरोटा, जिला कांगड़ा निवासी 31 वर्षीय सागर पुत्र रिंकू को 1 जून को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 6 जून 2025 तक पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। अब तक आरोपी से एक मोबाइल फोन की ही बरामदगी हो पाई है जबकि नकदी और चांदी के सिक्के अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस को शक है कि इस चोरी में चार से पांच अन्य लोग भी शामिल हैं। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि पुलिस इन आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चोरी की कड़ियों को उजागर करेगी।

### सूडोकु नवताल- 7451 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7450 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 5 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :** 1947 (विश्वावसु), **मास :** अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** दशमी (02:18): **नक्षत्र** हस्त पूर्ण रात्रि, **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (09:12), अभीजित (11:51-12:47)। **राहुकाल** (02:03-03:47)।

### विशेष दिन

- 05 जून 2025: गंगा दशहरा व्रत आज।
- 05 जून 2025: बटुक भैरव जयंती आज।

**मेषः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृषः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुनः** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें।

**कर्कः** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंहः** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कन्याः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुलाः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिकः** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। राजकीय कार्यों से लाभ।

**धनुः** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मप्रदर्शन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकरः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और सम्मान बना रहेगा।

**कुंभः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर कर लेना ही अच्छा होगा।

**मीनः** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा।

# चरस मामले में दोषी को 10 साल का कठोर कारावास व एक लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**विशेष** न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी प्रिथी सिंह पुत्र जमेदार गांव सरोता डाकघर दियोट तहसील मूलथान जिला कांगड़ा को चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,00,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कठोर कारावास का भुगतान करना होगा। जिला न्यायवादी मंडी एवं विशेष लोक अभियोजक विनोद भारद्वाज ने बताया कि एक मार्च 2022 को पुलिस थाना पधर की एक पुलिस टीम नियमित गश्त और नाकाबंदी के लिए कधार के पास मौजूद थी। इस दौरान एक व्यक्ति झटिंगरी की ओर घटासनी की तरफ हाथ में एक बैग लिए आ रहा था। पुलिस को सामने देखकर पीछे की तरफ भाग गया, पुलिस टीम ने उसे कुछ ही दूरी में पकड़ लिया। उक्त व्यक्ति के बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें काला रंग का भारी बतीनुमा पदार्थ जो कि अनुभव के आधार पर चरस के रूप में पहचाना गया उसे जांचा गया तो अनुभव के आधार पर उक्त पदार्थ चरस पायी गई। बरामद की गई चरस को तोलने पर कुल भार 1.152 किलोग्राम पाया गया।

जिला न्यायवादी मंडी ने यह भी बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 12 गवाह पेश किए। जिनकी गवाही को सही मानते हुए और दोनों पक्षों के तर्क-वितर्क को सुनने के पश्चात माननीय न्यायालय ने इस मामले में उक्त दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 1,00,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

# जिप वार्डों का पुनर्गठन प्रारूप जारी, 7 दिनों में मांगे गए सुझाव

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी में जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन का प्रारूप मंगलवार को उपायुक्त मंडी द्वारा जारी किया गया। इस प्रारूप के तहत आम जनता को आगामी सात दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। नए प्रारूप के अनुसार जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों की सीमाओं में फेरबदल किया गया है, जिससे जनसंख्या वितरण और प्रशासनिक दायरे में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। पुनर्गठन में सबसे बड़ा बदलाव भराडू-बड़ीधार वार्ड के अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया है। इस वार्ड की पंचायतों को अब द्रंग पंचायत समिति के नेरघरवासडा और डलाह वार्डों में सम्मिलित किया गया है। वहीं चौंतड़ा पंचायत समिति के अंतर्गत अब तीन नए जिला परिषद वार्ड गठित किए गए हैं, जिनमें वार्ड 1 ढेलू, वार्ड 35 लांगणा और वार्ड 36 दलेड़ शामिल हैं। इन तीनों वार्डों की सीमाओं में व्यापक परिवर्तन किए गए हैं। वार्ड 1 ढेलू में अब कुल 9 पंचायतें गलू, ढेलू, सैंथल-पड़ैन, चौंतड़ा, सगनेहड़, पस्सल, तलकेहड़, भड़याड़ा और टिकरी मुशैहरा शामिल हैं, जबकि पहले इसमें 13 पंचायतें थीं।

चंबा में प्राकृतिक विधि से उगाई गई गेहूं की खरीद शुरू, 10 तक मिलेगी बिक्री की सुविधा

# विभाग ने पहले दिन खरीदी 108 क्विंटल प्राकृतिक गेहूं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिले** के किसानों द्वारा प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं की खरीद प्रक्रिया बुधवार से कृषि विभाग द्वारा औपचारिक रूप से प्रारंभ कर दी गई है। निदेशक आत्मा परियोजना डॉ. ज्योति रंजन कालिया ने बताया कि ज़िला चंबा में किसानों द्वारा उगाई गई प्राकृतिक गेहूं खरीद के लिए चुवाड़ी, बनीखेत, चंबा तीन केंद्र शुरू किए गए हैं। किसान 10 जून तक इन केंद्रों में अपनी गेहूं की बिक्री कर सकते हैं।



विभाग ने प्राकृतिक गेहूं खरीद के लिए क्रय केंद्र चुवाड़ी, बनीखेत, चंबा में शुरू किए गए हैं।

उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. महिमा घावरू ने बताया कि विभागीय क्रय केंद्र चंबा में आज पहले दिन उपमंडल सलूणी व चंबा के 11 किसानों ने 60 रुपए प्रतिकिलो की दर से 46 क्विंटल 15 किलोग्राम प्राकृतिक गेहूं बिक्री की। इसी तरह क्रय केंद्र चुवाड़ी में 12 किसानों द्वारा 60 क्विंटल 64 किलोग्राम व बनीखेत में दो क्विंटल प्राकृतिक गेहूं की बिक्री की।

उन्होंने बताया कि विभाग केवल पंजीकृत किसानों से ही गेहूं की खरीद कर रहा है जो गत एक वर्ष से प्राकृतिक खेती से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं, मक्की, कच्ची हल्दी और जौ के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने की पहल की है।


अनंत Classifieds

**नाम दुरुस्ती**

**मैं, हल्या देवी** (65 वर्ष) पत्नी श्री इन्द्र पाल निवासी बनोग डाकघर पाली, तह. पधर, जिला मण्डी, हि.प्र. ब्यान करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम अहल्या देवी व जन्मतिथि 20-05-1960 गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम हल्या देवी व जन्मतिथि 25-05-1960 है। सभी संबंधित नोट करें।

**बेदखली सूचना**

**मैं, संजय कुमार** (55वर्ष) पुत्र श्री जगत राम सूद निवासी गांव व डाकघर अन्द्रेटा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा सौरभ सूद व उसकी पत्नी आरती मोगराज मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने बेटे सौरभ सूद व उसकी पत्नी आरती मोगराज को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

"जो कुछ भी तुमको कमजोर बनाता है-शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

### सुधार या बोझ ?

हिमाचल के सभी सरकारी अस्पतालों में पर्ची बनवाने के लिए 10 रुपए देने और मुफ्त एक्स-रे एवं टेस्ट के शुल्क चुकाने के सुक्खू सरकार के फैसले ने स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा और दशा पर गहरी बहस छेड़ दी है। सरकार का दावा है कि इस कदम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, जबकि विपक्ष और कई सामाजिक संगठनों का मानना है कि यह गरीब और जरूरतमंदों पर सीधा बोझ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार का कहना है कि यह कदम रोगी कल्याण समिति की सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए उठाया गया है। इन सेवाओं में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं का रखरखाव, बुनियादी ढांचे में सुधार और चिकित्सा उपकरणों की नियमित मरम्मत और देखरेख शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने भी यह तर्क दिया कि मुफ्त पर्ची की व्यवस्था के कारण मरीज उन्हें संभालकर नहीं रखते, जिससे डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन को परेशानी होती है। उनका मानना है कि जब मरीज 10 रुपए देकर पर्ची बनवाएंगे, तो उसे संभालकर रखेंगे, जिससे रिकॉर्ड रखने में भी सुविधा होगी।

हर अस्पताल में रोजाना सैकड़ों पर्चियां बनती हैं। यदि हर पर्ची पर 10 रुपए मिलते हैं, तो इससे होने वाली आमदनी से अस्पताल अपनी जरूरतें खुद पूरी कर पाएंगे। इससे बार-बार सरकार पर बजट का दबाव नहीं पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान हो सकेगा। भाजपा ने इस फैसले को शुल्क की सरकार की संज्ञा दी है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस फैसले को गरीबों और असहाय मरीजों पर दोहरा वार बताया है। एक तरफ महंगाई से पहले ही आम जनता परेशान है, दूसरी ओर सरकार अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भी शुल्क थोपकर उनकी परेशानी बढ़ा रही है। आशंका इस बात की है कि इससे लोग सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने से कतराएंगे और निजी अस्पतालों की ओर रुख करेंगे, जहां इलाज पहले से ही महंगा है। गरीब तबके के लिए जो थोड़ी बहुत राहत सरकारी अस्पतालों से मिलती थी, वह भी अब कम होती जा रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह फैसला और भी कठिनाई भरा हो सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह का शुल्क निर्धारण हमेशा एक संवेदनशील विषय होता है, खासकर तब जब वह समाज के निचले तबके को प्रभावित करता हो। हिमाचल जैसे राज्य, जहां पहाड़ी क्षेत्रों में गरीब और पिछड़े वर्गों की बड़ी आबादी निवास करती है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ और मुफ्त होना बहुत आवश्यक है। बेशक 10 रुपए एक मामूली राशि प्रतीत होती है, लेकिन जब एक परिवार के चार-छह सदस्य एक साथ अस्पताल जाते हैं, तो यह राशि बढ़कर 40-60 रुपए हो जाती है। वहीं, अगर एक्स-रे और अन्य जांचों पर भी शुल्क लगेगा, तो यह खर्च सैकड़ों में पहुंच सकता है। यह गरीब परिवारों के लिए एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ होगा। सरकार का दावा है कि इन शुल्कों से मिलने वाले राजस्व से अस्पतालों की व्यवस्था बेहतर होगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि इस तरह की घोषणाएं कई बार केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं।

यदि सरकार यह दावा कर रही है कि इससे उपकरणों का रखरखाव बेहतर होगा, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह पैसा वास्तव में उसी उद्देश्य के लिए प्रयोग किया जाए। इसके लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और निगरानी की एक मजबूत प्रणाली चाहिए, ताकि जनता का विश्वास बना रहे और यह ना लगे कि केवल शुल्क लेकर उनकी जेब पर भार डाला जा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह इस निर्णय को लागू करते समय कुछ राहतकारी उपाय भी सुनिश्चित करे। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को छूट दी जाए। पहाड़ी और दुर्गम इलाकों के लिए विशेष नीति बने, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सीमित हैं। शुल्क से मिलने वाले राजस्व का वार्षिक लेखा-जोखा सार्वजनिक रूप से जारी किया जाए।

आरोग्य मित्रों और स्वास्थ्य सहायकों को इस शुल्क प्रणाली के बारे में लोगों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी दी जाए। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह फैसला नि:संदेह नीयत के लिहाज से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से लिया गया है, लेकिन इसकी क्रियान्वयन प्रक्रिया और परिणामों पर गहरी निगरानी की आवश्यकता है। स्वास्थ्य एक बुनियादी अधिकार है और सरकार का कर्तव्य है कि वह इसे सुलभ और सस्ता बनाए। यदि यह निर्णय व्यवस्था में सुधार करता है और सरकारी अस्पतालों को आत्मनिर्भर बनाता है, तो यह स्वागत योग्य कदम है, लेकिन अगर यह केवल एक और राजस्व संग्रहण की योजना बनकर रह गया, तो यह जनविरोध का कारण बन सकता है। किसी भी सरकारी नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक कितना प्रभावी और न्यायपूर्ण तरीके से पहुंचती है। हिमाचल में यह फैसला आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा तय करेगा। यह सुधार होगा या बोझ, यह पूरी तरह से सरकार की नीयत और कार्यप्रणाली पर निर्भर करेगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश राज्य के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। उनका मूल नाम 'अजय सिंह नेगी' है। उत्तर प्रदेश में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव, 2017 में भारतीय जनता पार्टी की विजय के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया। उनके साथ ही केशव प्रसाद मौर्य तथा दिनेश शर्मा को सूबे का उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। योगी आदित्यनाथ 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के टिकट पर गोरखपुर से लोक सभा सांसद चुने गए थे। वे 1998 से लगातार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आदित्यनाथ जी गोरखनाथ मंदिर के पूर्व महंत अवैद्यनाथ के उत्तराधिकारी हैं। कोटद्वार के गढ़वाल विश्वविद्यालय से उन्होंने गणित में बीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की। योगी आदित्यनाथ वर्ष 1993 में एमएससी की पढ़ाई के दौरान गुरु गोरखनाथ पर रिसर्च करने गोरखपुर आए। यहां गोरक्षनाथ पीठ के महंत अवैद्यनाथ की नजर अजय सिंह नेगी पर पड़ी। इसके बाद 1994 में सांसारिक मोहमाया त्यागकर वे पूर्ण संन्यासी बन गए और दीक्षा लेने के बाद उनका नाम अजय सिंह नेगी से योगी आदित्यानाथ हो गया। ■



योगी आदित्यनाथ
जन्म : 5 जून, 1972

## कविता



### पृथ्वी एक जननी

स्नेहा, कक्षा दसवीं, रावमावि लड्डा, जिला चंबा

*पृथ्वी को प्रदूषण से बचाएं, पर्यावरण मित्र का फर्ज निभाएं।*
*हो रही है ऑक्सीजन कम, आओ पेड़ लगाएं हम।*
*हरी-भरी जब रहे यह धरती, सबके मन खुशहाली भरती।*
*हमें पृथ्वी करे सब कुछ प्रदान, करती बदले में न कोई मांग।*
*प्लास्टिक प्रयोग पर अंकुश लगाओ,*
*प्रकृति से स्वस्थ नाता निभाओ।*
*यह पृथ्वी है हम सब की जननी,*
*हमें हर हाल में इसकी है रक्षा करनी।*
*धरती मां का कर सम्मान,*
*खनन की अपेक्षा हो दोहन पर ध्यान।*
*जब पृथ्वी पर हो चारों ओर हरियाली,*
*तो होगी सबके जीवन में खुशहाली।*
*धरती का प्रदूषण से मुक्त बनाना,*
*सुंदर वनस्पतियों से है इसे सजाना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आओ पर्यावरण की खातिर प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ें



विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

प्रकृति ने हमें जीवन जीने के लिए अनमोल उपहार नि:शुल्क प्रदान किए हैं जैसे कि सांस लेने के लिए प्राणवायु, पीने के लिए निर्मल जल, भोजन के लिए जंगल एवं फलदार वृक्ष, आश्रय के लिए जमीन और सहजीवन के लिए पशु-पक्षी, किंतु सबसे बड़ी विडंबना यही है कि जिन संसाधनों को हमें आदरपूर्वक संजोना चाहिए था, हमने उनकी ही अनदेखी और अत्यधिक दोहन किया। नतीजतन आज हम वहां पहुंच चुके हैं, जहां पानी बोतलों में खरीदना मजबूरी बन गई है और वह दिन दूर नहीं जब हमें ऑक्सीजन सिलेंडर भी साथ लेकर चलना पड़ेगा।



लेखिका : प्रो. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज

अपनी सुविधा और जीवन को आसान बनाने के चक्कर में हमने ऐसे आविष्कार किए, जिन्होंने मानवता के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया। प्लास्टिक इसका सबसे घातक उदाहरण है—तात्कालिक लाभ देने वाला, लेकिन पीढ़ियों तक जहरीला प्रभाव छोड़ने वाला। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय प्लास्टिक प्रदूषण से मुकाबला हमें एक बार फिर याद दिला रहा है कि अगर हमने प्लास्टिक के बढ़ते प्रकोप को अभी भी नहीं रोका, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु, पानी और मिट्टी केवल किताबों में मिलेंगे। हर साल की तरह इस बार भी विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह आत्ममंथन का अवसर दे रहा है— कि क्या हम अब भी प्रकृति के साथ संतुलन बना पाएंगे।

**हम कहां खड़े हैं? :** हर वर्ष दुनिया में लगभग 40 करोड़ टन प्लास्टिक उत्पादित होता है, जिसका बड़ा हिस्सा सिंगल यूज (एक बार इस्तेमाल होने वाला) होता है परिणामस्वरूप बहुत कम ही पुन:चक्रित होता है। यह प्लास्टिक नदियों और जंगलों में फेंका जाता है, जो या तो पशुओं द्वारा खा लिया जाता है या फिर खेतों में पहुंचकर यह पानी, मृदा, पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन जाता है। इसमें से सबसे घातक है सूक्ष्म प्लास्टिक तो आज हमारे भोजन और रक्त तक पहुंच चुका है। हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्र, जहां पर्यावरणीय संतुलन पहले से नाजुक है, वहां प्लास्टिक प्रदूषण का प्रभाव और भी घातक है। यहां के पवित्र स्थल, पर्यटन क्षेत्र और ग्रामीण हाट-बाजार अब धीरे-धीरे प्लास्टिक कचरे के ढेर में तब्दील होते जा रहे हैं।

हम सभी ने देखा है कि पहले जब कोई विवाह, भंडारा या पारिवारिक उत्सव होता था, तो पीने के लिए पानी गिलासों में, खाने के लिए भोजन पत्तलों में और उपयोग करने के लिए मिट्टी या कांच के बर्तनों का उपयोग आम बात थी, लेकिन आज हर आयोजन में-पानी की प्लास्टिक बोतलें, थर्मोकोल या प्लास्टिक की प्लेटें और खाद्य पदार्थों की प्लास्टिक रैपिंग आम बात हो गई है। सबसे दुखद बात यह है कि यह बदलाव सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं, अब दूरदराज के गांवों और स्कूलों में भी प्लास्टिक की उपस्थिति सामान्य हो गई है। यह न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से हानिकारक है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। गर्म भोजन जब प्लास्टिक प्लेटों में परोसा जाता है या पैक किया जाता है, तो रासायनिक तत्व भोजन में घुल सकते हैं, जिससे कैंसर जैसे रोगों का खतरा बढ़ता है।

**पर्यटन और पहाड़ों में बढ़ता प्लास्टिक प्रदूषण :** हिमाचल में पहाड़ों की गोद में बसी हरी-भरी वादियां, मंदिर परिसर एवं दूसरे धार्मिक पर्यटन सथल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और जैव विविधता के लिए विश्वविख्यात हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों में पर्यटन के अत्यधिक दबाव ने इन क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे की भरमार कर दी है। जिसमें मुख्यत: चिप्स के पैकेट, थर्मोकोल प्लेटें, पानी की बोतलें, प्लास्टिक के कप और रैपर अब नदियों के किनारों, ट्रैकिंग रूट्स और मंदिर परिसरों में आम दृश्य बन गए हैं। पर्यटक लौट जाते हैं, लेकिन उनका छोड़ा हुआ प्लास्टिक सदियों तक वहीं पड़ा रहता है, मिट्टी और जल को जहरीला बनाता है। चिंताजनक यह है कि कई पहाड़ी इलाकों में अब घरों तक में बोतलबंद पानी और पैक्ड फूड की संस्कृति बढ़ गई है, जो पहले कभी नहीं थी। पहाड़ी लोग बांस के बने किरडा, टोकरी मैट एवं अन्य कृषि उपकरण उपयोग में लाते थे, लेकिन अब इनका स्थान प्लास्टिक ने ले लिया है, नतीजतन लोगों की जीवनशैली, जो प्रकृति के साथ संतुलन में थी, अब बदल रही है। जो न केवल पर्यावरणीय संकट है, बल्कि संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली पर भी आघात है।

**क्या किया जा सकता है? :** 'यदि हम पहाड़ों की सुंदरता को बनाए रखना चाहते हैं, तो वहां प्लास्टिक की नहीं, प्रकृति की छाप छोड़नी होगी।

**परंपरा में समाधान छिपा है :** प्रकृति से जुड़ी हमारी परंपराएं जैसे कि सड़क और रास्तों के साथ फलदार पौधे लगाना, प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई करना, सामाजिक आयोजनों में पत्तल पर भोजन खाना, घड़े से पानी पीना, बांस के टोकरे या किरडे में भार उठाना, पेड़ पौधों से निकले फाइबर की रसियां उपयोग करना, मक्की, शोये या फिर खजरे की चटाईयां उपयोग करना, खजरे या घास के झाड़ू उपयोग में लाना, कपड़े का झोला लेकर चलना इत्यादि ये सब प्लास्टिक के विकल्प नहीं बल्कि जीवनशैली के पुनर्निर्माण की दिशा हैं। ये सब पत्तल, दोना, बांस, भूसे व मक्के की डंठल या अन्य स्थानीय पौधों से बने उत्पाद न केवल जैविक हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल देते हैं। इन सब परंपराओं को पुनर्जीवित तथा उनकी ब्रांडिंग करने की सख्त जरूरत है। इसके अलावा प्लास्टिक प्रदूषण कम करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने की जरूरत है इस विश्व पर्यावरण दिवस पर आइए, हम सिर्फ पौधा ही न लगाएं, सोच भी लगाएं, प्रकृति से जुड़ने की परंपरा को पुनर्जीवित करें और मिलकर कहें BeatPlasticPollution!

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन बेहद घातक

पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य यह है कि हम प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करें। पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है परि और आवरण। परि का अर्थ है हमारे चारों ओर तथा आवरण का अर्थ है परिवेश । अत: हम साधारण शब्दों में कह सकते हैं कि हमारे चारों ओर पृथ्वी पर फैली प्रत्येक वस्तु हमारे पर्यावरण का हिस्सा है। पर्यावरण में मनुष्य, पशु पक्षी तथा विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां, जलवायु, मिट्टी ,हवा, पानी इत्यादि कारक सम्मिलित होते हैं।



लेखक : लकेश चंदेल
अध्यापक, जिला बिलासपुर

आज के समय में पर्यावरण पूर्ण रूप से असंतुलित हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध इस्तेमाल, औद्योगिकरण, बढ़ती हुई आबादी तथा पर्यावरण प्रदूषण के कारण विश्व का तापमान लगातार बढ़ रहा है जो कि एक बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। इन सभी मुद्दों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण दिवस मनाना अति आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र सभा ने 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत की। पर्यावरण और मानव जीवन के बीच में एक अटूट रिश्ता है।

प्रकृति ने इंसानों को तो सब कुछ दिया है, परंतु मनुष्य को यह सोचना चाहिए कि वह प्रकृति को क्या देता है। प्रकृति के प्रति मनुष्य अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से भूल चुका है परिणामस्वरूप आज मानव प्रजाति पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं के प्रकोप को झेल रहा है। हमारे देश व विश्व में अनेक प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं इसी तरह विश्व पर्यावरण दिवस एक महापर्व व त्योहार के रूप में मनाना चाहिए, जिससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बनी रहे। इसी के लिए हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य विश्व के लोगों के अंदर पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा प्रकृति कर्तव्यों का निर्वहन करने की भावना पैदा करना है, अगर पर्यावरण प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग ऐसे ही बढ़ती रही तो इस पृथ्वी पर जीवन की परिकल्पना करना भी असंभव हो जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण लगातार ग्लेशियर पिघल रहे हैं परिणामस्वरूप पृथ्वी का समतल भू-भाग धीरे-धीरे समुद्र के जलस्तर में डूब रहा है। अगर यही हाल रहा तो कुछ समय पश्चात धरती के ज्यादातर शहर जल मग्न हो जाएंगे।

ओजोन परत जो कि सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण इस परत में एक छिद्र हुआ है अगर यह ओजोन परत इसी तरह से क्षतिग्रस्त होती रही तो यह पराबैंगनी किरणें



पृथ्वी पर जैव विविधता के लिए घातक सिद्ध होगी तथा विभिन्न प्रकार के रोग जैसे कि कैंसर इत्यादि उत्पन्न करेगी। विश्व के अधिकतर देश विकास और तकनीकी की होड़ में प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं जिससे पृथ्वी ग्रह पर एक जटिल पर्यावरणीय समस्या पैदा हो रही है।

जंगलों को उजाड़ना, अवैध शिकार, वायु, जल, मृदा प्रदूषणों को बढ़ावा देना यह सभी कारक पर्यावरण को असंतुलित करने के लिए जिम्मेदार है। पर्यावरण दिवस विश्व के हर नागरिक को पर्यावरणीय संरक्षण मुद्दों पर विचार विमर्श ,जनसभाएं इत्यादि करके मनाना चाहिए। विभिन्न स्कूलों , महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में पर्यावरण दिवस जागरूकता पर निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवारकर मनाना चाहिए। जिसका उद्देश्य बच्चों के अंदर छोटी सी उम्र में ही प्रकृति की महत्वता के प्रति जागरूकता व प्रेम पैदा करना है। अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस, जैव विविधता दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव सप्ताह इत्यादि अनेक कार्यक्रम है जिनको पर्यावरण जागरूकता व संरक्षण की दृष्टि से मनाना चाहिए।

वन महोत्सव जो की जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। इस महोत्सव में प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ तथा शुद्ध बना रहे। हमें खेती में जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए तथा प्लास्टिक की वस्तुओं का प्रयोग पूर्ण रूप से बंद करके पर्यावरण को सुरक्षित व साफ रखना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का दौर एक बार फिर शुरू होने से मौसम सुहाना हो गया है। गर्मियों के मौसम में देशभर के लोग हिमाचल की ओर रुख कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां तपती गर्मी से काफी राहत मिल रही है। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और ठंडे मौसम के कारण देश-विदेश के पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है। वर्तमान में, जब जम्मू-कश्मीर जैसे अन्य पहाड़ी राज्यों में सुरक्षा चिंताओं के चलते पर्यटक वहां जाने से हिचकिचा रहे हैं, हिमाचल के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वह पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाए। हिमाचल सरकार यदि उचित रणनीति और योजनाओं के साथ कार्य करे, तो न केवल पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी संभव है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार और राज्य की आय में भी उल्लेखनीय इजाफा हो सकता है।

**प्रमोध सिंह ठाकुर, भड़वाल**

# मानव को स्वयं से ही करनी होगी पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत

दुनियाभर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जन मानस के साथ-साथ विभिन्न स्तरों पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता की भावना पैदा करना है। इस दिन सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं, स्कूलों, महाविद्यालयों व सोसायटी समूहों द्वारा जागरूकता रैलियों, नुकड़ नाटकों तथा गहन चिंतनों का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ में अगर हम सरकारी प्रयासों की बात करें तो वे कम नहीं दिखते।



लेखक :डॉ. जगदीप वर्मा
वनस्पति विभाग विवि मंडी

पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता की सुरक्षा हेतु अलग अलग कार्यक्रम चलाए जाते हैं। साथ ही कई तरह के संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना भी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में त्सराप चू संरक्षण रिजर्व की स्थापना के साथ राज्य में संरक्षित क्षेत्र नेटवर्क लगभग दस हजार वर्ग किलोमीटर तक फैल गया है। यह सभी हिमाचल वासियों के लिए एक गर्व का क्षण है कि उनके राज्य में देश का सबसे बड़ा संरक्षण रिजर्व बना है। अब राज्य में संरक्षण रिजर्वों की संख्या पांच हो गई है, जो लगभग 1600 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले हैं।

इनके अलावा, प्रदेश में 31 और संरक्षित क्षेत्रों का एक मजबूत नेटवर्क है जिन में पांच राष्ट्रीय उद्यान (लगभग 2400 वर्ग किमी) और 26 वन्यजीव अभयारण्य (लगभग 6000 वर्ग किमी) हैं। ये सभी संरक्षित क्षेत्र राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 17 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाते हैं। इस छोटे से हिमालयी राज्य में संरक्षित क्षेत्रों का इस तरह का एक मजबूत नेटवर्क पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण के लिए केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अगर हम पूरे देश की बात करें, तो वर्तमान में हमारे पास 106 राष्ट्रीय उद्यान, 574 वन्यजीव अभयारण्य, 309 सामुदायिक रिजर्व और 145 संरक्षण रिजर्व हैं, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्र का 5.69 प्रतिशत हिस्सा है। ये सभी वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम (1972) और वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम (2002) के प्रावधानों के तहत स्थापित हैं।

संरक्षण का मुद्दा निश्चित तौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का है और दुनियाभर के विभिन्न देशों में संरक्षित क्षेत्रों का अपना अपना नेटवर्क है। पर्यावरण संबंधित मुद्दों को व्यापकता से उठाने के लिए रियो शिखर सम्मेलन, जैविक विविधता सम्मेलन, क्योटो प्रोटोकॉल, मॉन्ट्रियल प्रोटोकाॅल, नागोया प्रोटोकॉल, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, आदि कई समझौते और संधियां प्रभाव में हैं। वहीं पर्यावरण के प्रति जगरूकता फैलाने के मध्यनजर वर्ष 1973 से विश्व पर्यावरण दिवस भी 5 जून को हर साल मनाया जाता है। यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि क्या पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल सरकारों पर ही है? तो फिर इन सब



प्रयासों के बावजूद, परिणाम संतोषजनक क्यों नहीं हैं? क्यों पर्यावरण की गुणवत्ता इतनी तेजी से खराब हो रही है कि इसे हम अब बढ़ते तापमान, मौसमी चक्रों में अनियमितता और कई प्रजातियों के विलुप्तता के कगार पर पहुंचने के रूप में महसूस कर सकते हैं।

यहां तक कि जैव विविधता के हॉटस्पॉट, हिमालय में भी, हम अक्सर जंगलों में अतिक्रमण के कितने ही मामले देखते हैं। इसके अलावा, प्राकृतिक आवासों के विनाश और क्षरण, अवैध शिकार, लकड़ी और अन्य पौधों के उत्पादों की अत्यधिक निकासी व तस्करी तथा प्लास्टिक से मिट्टी और पानी के प्रदूषण के मामले भी अत्यधिक हैं।

इसका सर द्वारा केवल नियम और कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है; प्रभावी पर्यावरण संरक्षण के लिए आम जनता का भी ईमानदारी से सहयोग अति आवश्यक है। इसलिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, बेकार की चर्चाओं और धारणाओं में खुद को उलझाने के बजाय, पर्यावरण की रक्षा के संभावित समाधानों की तलाश करना बेहतर है। पर्यावरण और जैव विविधता की रक्षा से जुड़ी चर्चाएं नई नहीं हैं। इस पर बहुत कुछ लिखा भी गया है। इसलिए मैं सभी प्राणियों के प्रति विनम्र रहूंगा और जल, मिट्टी व वायु को दूषित करने वाली और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों से हमेशा दूर रहूंगा। मैं याद रखूंगा कि भारत के एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, 'वन, झीलों, नदियों और वन्यजीवों सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और सभी प्राणियों के प्रति दया रखना' मेरा मौलिक कर्तव्य है और मैं इसका ईमानदारी से निर्वाह करूंगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अपनी गलतियों से सांसों की बीमारियों से ग्रसित हो रहा इंसान

बेशक 5 जून 2025 को पूरे विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है, मगर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं। विश्व में 5 जून 1973 को पहला पर्यावरण दिवस मनाया गया था। केवल एक दिन पर्यावरण के संरक्षण के लिए संकल्प लिए जाते हैं। स्कूलों कॉलेजों व स्वयंसेवी सस्थाओं द्वारा रैलियां निकाली जाती हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
स्वतंत्र लेखक

सेमिनार लगाए जाते हैं। सरकारी विभागों व सरकारी संस्थाओं में अधिकारियों व स्कूली बच्चों को शपथ दिलाई जाती है। फिर पूरे साल पर्यावरण को प्रदूषित करके धज्जियां उड़ाई जाती हैं। पर्यावरण का संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य है। आज पर्यावरण असंतुलन एक विश्वव्यापी गंभीर समस्या बनती जा रही है। सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। लाखों रुपए खर्च किया जाता है। केवल मात्र खानापूर्ति करने से कुछ नहीं होगा। आज वायु प्रदूषण एक विकराल व लाइलाज समस्या बनती जा रही है। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण के कारण दुनिया में प्रतिवर्ष 20 लाख लोग जान गंवाते हैं। पराली जलाई जा रही है। कपड़ा जलाया जा रहा है। प्लास्टिक जलाया जा रहा है।

आज पूरे विश्व में वायु प्रदूषण जानलेवा साबित होता जा रहा है। चंद लोगों की जानबूझकर की गई गलतियों से आज वातावरण में प्रदूषण फैल रहा है। आज मानव अपनी ही गलतियों के कारण सांसों की बीमारियों व अन्य लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त हो रहा है। दमा का शिकार हो रहा है यह सब पर्यावरण प्रदूषण का ही नतीजा सामने आ रहा है। जब तक मानव सच्चे दिल से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा तब तक ऐसे आयोजन व्यर्थ है। एक दिन पर्यावरण को बचाने के लिए नारे लगाए जाते हैं फिर पूरी साल पर्यावरण की याद नहीं रहती। सभी की सहभागिता ही पर्यावरण को सुरक्षित कर सकती है। आज आपदाएं हो रही है पहाड़ दरक रहे है। बादल फट रहे हैं। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। पेड़-पौधों का अंधाधुंद कटान किया जा रहा है। जंगलों में आग लगाई जा रही है। सरकारों व समाज के बुद्धिजावीओं को पर्यावरण के संरक्षण हेतु मंथन करना होगा।



पर्यावरण के संरक्षण के लिए अभियान चलाने होगें। भाषणबाजी करने से कुछ नहीं होगा धरातल पर काम करना होगा। एक दिन चोचलेबाजी की जाती है फिर पूरी साल 365 दिन लोग पर्यावरण को प्रदूषित करते है। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर सही मायनों में पर्यावरण को बचाना है तो सभी को एकजुट होना होगा। तभी हम इसका संरक्षण कर सकते हैं। जलस्रोत सूख रहे हैं। जलस्तर घटता जा रहा है। खनन करके आज इंसान महल बना रहे हैं, मगर एक दिन पानी को तरसेगें।

खनन को रोकना होगा। नदियों व नालों का जलस्तर गिर रहा है। आज अधिकांश नदियों का पानी प्रदूषित हो चुका है। आज पर्यावरण को सुरक्षित रखनें के लिए स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। पर्यावरण की स्वच्छता ही हमारा धर्म है। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करना होगा। आज जहां पूरे भारतवर्ष में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छता अभियान चला हुआ है करोड़ों रुपए इस अभियान पर खर्च किया जा रहा है कि वातावरण शुद्ध रहे और हर नागरिक स्वस्थ रहे, क्योंकि कहते हैं कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है, मगर कुछ बीमार व नीच मानसिकता के लोग इस अभियान को बट्टा लगा रहे हैं यह गंदी सोच वाले लोग गांव व शहरों में गंदगी डालने व प्रदूषण फैलाने से बाज नहीं आ रहे है। दरअसल इन लोगों के दिमागों में गंदगी ही भरी पड़ी है, नजीजतन यह गंदगी ही फैलाएगें। गंदगी के कारण जब बीमारियों से ग्रस्त होगें तब इन लोगों के होश ठिकाने आएगें।

सड़कों व दुकानों के सामने घरों व दुकानों का गंदा कूड़ा-कचरा व कपड़ा जला रहे हैं जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है इस जहरीले धुएं के कारण लोग सांस की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं, मगर इन लोगों को इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनकी छोटी सी गलती के कारण कितना बड़ा नुक्सान हो रहा हैं। सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के धुएं के कारण भी जनमानस को नुकसान हो रहा है। ऐसे वाहन चालकों के लाईसेंस ररद करने चाहिए, जो ऐसे जानलेवा कार्यों को अंजाम देतें है जिनकी छोटी सी गलती कितने लोगों का अहित कर रही है। पर्यावरण को संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने होगें। जागरूकता शिविरों का आयोजन करना होगा। संचार के माध्यमों से पर्यावरण को बचाने के लिए अलख जगानी होगी। तभी ऐसे पर्यावरण दिवसों की सार्थकता होगी। पर्यावरण बचेगा तभी मानव जीवन भी बचेगा। आज पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को बचाने का एक संकल्प लेना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### देवीदढ़ में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बोले

# 73 करोड़ से चकाचक हो रही नाचन की सड़कें

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री का स्वागत करते हुए।

**मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बुधवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज ग्राम पंचायत जहल के देवीदढ़ में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण चार में प्रदेश के लिए लगभग 1500 किलोमीटर सड़कें शामिल की गई हैं और नाचन क्षेत्र की 48 सड़कें भी इनमें शामिल हैं। इसके लिए केंद्र से शीघ्र ही सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त होने की उम्मीद है। उन्होंने इन सड़कों के लिए एफसीए मामले और भूमि प्रदान करने की औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने का आह्वान स्थानीय जनता से किया। उन्होंने कहा कि देवीदढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यह क्षेत्र कश्मीर या स्विटजरलैंड की वादियों को टक्कर देता है।

उन्होंने चैलचौक से देवीदढ़ सड़क को सीआरएफ के तहत चौड़ा करने के लिए डीपीआर बनाने के मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि चैलचौक-गोहर-पंडोह सड़क के विस्तारीकरण एवं उन्नयन पर लगभग 9.50 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। नाबार्ड के माध्यम क्षेत्र में चार सड़कों की मेटलिंग टारिंग एवं स्तरोन्नयन पर लगभग 50 करोड़ की राशि व्यय की गई है। इसके अतिरिक्त नेहरा से फगोह सड़क पर 6.90 करोड़ रुपए तथा भलोठ से सरयाच सड़क पर 6.66 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 200 से 250 आबादी वाले सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। आगामी दो वर्षों में यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मंत्री ने मौके पर निपटाई अधिकांश शिकायतें

**लोक** निर्माण मंत्री ने विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत किरण कुमारी व तुलसी देवी को दो-दो लाख रुपए व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की लाभार्थी रोज चौहान सुपुत्री कुसुम लता को 51 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इसके अतिरिक्त वीर नारियों नीतू देवी पत्नी शहीद भूपेंद्र कुमार, निर्मला देवी पत्नी शहीद पूर्णचंद तथा इंद्रा देवी पत्नी शहीद सिपाही इंद्र सिंह को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आठ ग्राम पंचायतों जहल, कांढी कमरूनाग, धिश्ती, लोट, तुना, शाला, चयोट व नौण से 24 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 13 शिकायतें मौके पर तथा पूर्व गतिविधियों के दौरान 11 प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकतम सड़क, राजस्व, पेयजल व विद्युत आपूर्ति से संबंधित थीं। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया और अन्य मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए।

# एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### भूपेंद्र सहित कई प्रभावितों ने सरकाघाट थाने में जाकर दर्ज करवाई शिकायत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



एनएच कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाने के उपरांत प्रभावित।

**एनएच** प्रभावितों ने पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गावर कंपनी के खिलाफ बुधवार को सरकाघाट पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दर्ज करवा दी है जिसकी प्रतियां डीएसपी और एसपी को भी भेजी गई।

भूपेंद्र सिंह के अलावा हिमाचल किसान सभा के रणताज राणा, दिनेश काकू सरकाघाट नागरिक सभा के बीडी शर्मा एनएच प्रभावित संघर्ष समिति के पूर्ण चंद पराशर, अमृत लाल के अलावा प्रभावित अविनाश चंदेल, श्रवण कुमार, ओंकार सिंह परसदा पंचायत की प्रधान सलिता देवी व ठेकेदार रमेश ठाकुर द्वारा एडवोकेट सुरेश शर्मा के मार्गदर्शन में तैयार किये गए शिकायत पत्र के माध्यम से एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस थाना सरकाघाट में आवेदन कर दिया है। जिसमें गावर और कंसट्रक्शन कंपनी के साथ-साथ क्वालिटी कंट्रोल के लिए भारत सरकार की ओर से नियुक्त एलएन मालवीय कंपनी के अलावा भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग हमीरपुर के परियोजना निदेशक व अन्य अधिकारियों को भी एफआईआर पत्र में पार्टी बनाया गया है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सरौन-अवाहदेवी से सरकाघाट-पाड़छु तक यूनिट-1 का काम पिछले चार साल से चल रहा है, लेकिन अभी तक भी पूरा नहीं किया गया है और डेढ़ दर्जन मकानों के पास सुरक्षा दीवारें न लगाने से उनके गिरने का खतरा बढ़ गया है। शिकायत दर्ज करवाने वालों ने पुलिस प्रशासन से तुरंत एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई शुरू करने की मांग उठाई है और अगर इसमें कोई ढील अपनाई गई तो किसान सभा व अन्य संगठन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदी ओलंपियाड में चमके इंडस ग्लोबल के छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गिरीक मिन्हास, हर्षिता गोयल कक्षा चौथी, मानवी ठाकुर, सूर्याश, सार्थक जम्वाल कक्षा पांचवी, चंद्रेश ठाकुर कक्षा छठी ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस हासिल किया। प्रधानाचार्य सोनिया पवार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### प्रधान ने मृतक के परिजनों को दी सांत्वना



**अनंत ज्ञान, मंडी।** मझवाड़ पंचायत प्रधान अमर चंद ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले बंशी लाल पुत्र टोडर सिंह गांव सायरी मझवाड़ तहसील सदर मंडी के घर जाकर शोक व्यक्त कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर खेम सिंह, परमा राम, पवन ठाकुर, भूप ठाकुर व भारती देवी ने भी शोक व्यक्त कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। बता दें कि शहर के साथ खलियार में कटौला रोड चौक पर गत गुरुवार शाम को एक हादसे में ट्रक से कुचले जाने पर स्कूटी सवार 40 वर्षीय बंशी लाल की मौत हो गई थी। हादसा इतना भयंकर था कि दुपहिया सवार का सिर फट गया और लोथड़े बाहर आ गए। एक बाजू भी बुरी तरह से कुचला गया था। इस घटना से मंडीवासी आक्रोशित हैं। गौर हो कि कंप्यूटर और सीसीटीवी का काम करने वाले मझवाड़ निवासी बंसीलाल काम से वापस लौट रहे थे। मृतक अपने पीछे बुजुर्ग मां-बाप, पत्नी और 9 साल की बिटिया छोड़ गए हैं।

### पूनम ने ऑल इंडिया में झटका 102वां रैंक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की पंचायत भद्रवाड़ के कलेहड़ी गांव की पूनम शर्मा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से आयोजित नर्सिंग ऑफिसर भर्ती कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (नर्सिंग ऑफिसर भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा नोरसेट) में ऑल इंडिया 102वां रैंक हासिल किया। अब वे एम्स बठिंडा में बतौर नर्सिंग ऑफिसर सेवाएं देंगी। पूनम ने इससे पहले भी तीन बार परीक्षा पास की है। इस समय पूनम संधोल खंड धर्मपुर में बतौर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सेवाएं दे रही हैं। पूनम ने भद्रवाड़ स्कूल से बारहवीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई सुंदरनगर कॉलेज से पूरी की है। पूनम अपनी सफलता का श्रेय पिता कृष्ण चंद एवं माता कमला देवी तथा अपने अध्यापकों को देती हैं।

### अस्पताल में पर्ची पर शुल्क लगाना निंदनीय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 5 जून से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी पर्ची के लिए 10 रुपए का शुल्क और 133 जांचों पर मनमाना भुगतान थोपकर 'सुख' का ढोंग छोड़, प्रदेश की जनता को 'दुख' की सौगात दे रही है। यह कदम न केवल गरीब की जेब पर डाका है बल्कि मरीजों के साथ भद्दा मजाक भी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने बताया कि सुक्खू सरकार की इस लूट की जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां लोग दिहाड़ी मजदूरी और किसानी करके 300-400 रुपए की खून-पसीने की कमाई पर गुजारा करते हैं, वहां 10 रुपए की पर्ची और जांचों का शुल्क सीधे-सीधे उनकी जिंदगी और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

### ब्राह्मण सभा ने लगाई मीठे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश ब्राह्मण सभा मंडी खंड द्वारा बुधवार को शहर के सेरी मंच माता सिद्ध काली मंदिर के समीप ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। सभा के प्रधान हरीश शर्मा की देख रेख में लगाई गई इस छबील में उपप्रधान पुष्प राज कात्यायन, महासचिव प्रकाश चंद शर्मा, चंपा शर्मा, माया शर्मा, मंजूला शर्मा, दिले राम शर्मा व अश्वनी शर्मा ने भी सेवाएं दी। इसके अलावा नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, व्यापार मंडल मंडी के प्रधान अशोक शर्मा, महासचिव बॉबी ग्रोबर, समाज सेवक मदन लाल शर्मा, विपिन वालिया, परवेज राणा व सुखदेव आदि ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दी व जनमानस को ठंडा मीठा पानी पिलाने में सहयोग दिया। प्रधान हरीश शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण सभा द्वारा आने वाले दिनों में निर्जला एकादशी के मौके पर भी संस्कार भवन जेल रोड़ स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर के प्रांगण में छबील का आयोजन करेगी।

### स्वच्छ व हरित भारत का दिलवाया संकल्प

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत नगर निगम मंडी द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम मंडी की महापौर वीरेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में ग्रीन प्लेज (हरित संकल्प) दिलवाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मंडी सहित समस्त निगम अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। महापौर ने सभी उपस्थित सदस्यों को स्वच्छ भारत, हरित भारत के संकल्प दिलवाए। इस ग्रीन प्लेज का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करना है।

### आईआईटी मंडी में एमबीसीसी का आरंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में आज प्रतिष्ठित माइंड, ब्रेन एंड कॉन्शसनेस कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय सम्मेलन भारतीय ज्ञान प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य अनुप्रयोग केंद्र द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो चेतना अध्ययन, न्यूरोसाइंस, मानसिक स्वास्थ्य और भारतीय दर्शन के समावेशी दृष्टिकोण पर आधारित है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय के पाठ के साथ हुई, जो प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के संगम का प्रतीक रहा है। इस मौके पर प्रो. लक्ष्मिधर बेहरा निदेशक आईआईटी मंडी एवं एमबीसीसी के जनरल चेयर ने उद्घाटन भाषण में कहा कि चेतना के बिना शरीर कुछ भी नहीं है। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार और बहुविषयी अनुसंधान के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करता है। यह सम्मेलन 7 जून तक जारी रहेगा, जिसमें योग और मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान और न्यूरो-चिकित्सकीय विधियों, एआई और चेतना, तथा भारतीय दृष्टिकोण में चेतना की निरंतरता जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

### लाइफ स्किल एजुकेशन कैंप शुरू

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** आध्यात्मिक वातावरण में दीप प्रज्वलन के साथ चार दिवसीय लाइफ स्किल एजुकेशन कैंप का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्माकुमारी बहनों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप जलाकर की गई, जो ज्ञान, जागरूकता और आत्मिक उन्नति का प्रतीक रहा। बच्चों और अभिभावकों की उपस्थिति में शिव दर्शन भवन, रिवालसर का यह आयोजन प्रेरणादायक ऊर्जा से परिपूर्ण था। 'आज से शुरू इस कार्यक्रम में बच्चों को राजयोग मेडिटेशन और चित्रकला के साथ साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएगी।

# पुलिस टीम ने 845 ग्राम चरस सहित युवक को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**उपमंडल** सुंदरनगर में नशे के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान में पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। बुधवार को पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी टीम ने एक पंजाब रोडवेज की बस में सफर कर रहे चंबा के रहने वाले 25 वर्षीय चरस तस्कर को 845 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने मौके पर मंडी की ओर आ रही मणिकर्ण से जालंधर जा रही पंजाब रोडवेज की बस को चेकिंग के लिए रोका। जांच के दौरान बस में सफर कर रहे युवक ऋषि (25) निवासी गांव डंडोडी डाकघर आंदल तहसील सलूणी

**नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मिली सफलता**

जिला चंबा के साइड बैग की तलाशी ली गई। इसमें युवक के बैग में रखे दो प्लास्टिक पैकेटों से कुल 845 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर हिरासत में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा और क्षेत्र में नशे के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# बोलेरो पिकअप से देवदार के 29 अवैध स्लीपर जब्त

### वन विभाग की टीम को जयदेवी रेंज में मिली सफलता, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान



लकड़ी के साथ पकड़ा गया आरोपी सुरक्षा कर्मियों के साथ।

**सुंदरनगर।** सुकेत फॉरेस्ट डिविजन के वन विभाग ने जयदेवी रेंज में अवैध रूप से देवदार की लकड़ी ले जा रहे एक वाहन को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई मंगलवार देर रात की गई जब विभाग की टीम क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी।

जानकारी देते हुए सुकेत फॉरेस्ट डिवीजन के डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट आईएफएस राकेश कटोच ने बताया कि जयदेवी वन बीट के जंगल कुठाईं में डिप्टी रेंजर राम लाल के नेतृत्व में सीनियर वन रक्षक रितेश कुमार, वन रक्षक कुसुम कुमार, अवनीश सैनी, वन मित्र राहुल व फायर वॉचर गेरे राम की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप एचपी-30ए-2029 जो पूरी तरह तिरपाल से ढकी हुई थी, कुठाईं से पलौहटा लिंक रोड की ओर जाती दिखी। गाड़ी पर संदेह होने के चलते टीम ने उसका पीछा किया और नेहरा गांव के समीप उसे रोककर चेक किया। जांच में पिकअप से 29 स्लीपर देवदार की लकड़ी बरामद की गई। वाहन चालक तस्करी से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।

गाड़ी चालक की पहचान तारा चंद पुत्र रूप लाल निवासी गांव छडयारा डाकघर एवं उप तहसील पांगणा जिला मंडी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में एफआईआर दर्ज की गई है।

### संवेदनशील वन क्षेत्रों में की जा रही नियमित गश्त: राकेश कटोच

**डिप्टी** कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट राकेश कटोच ने बताया कि विभाग वन अपराधों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील वन क्षेत्रों में नियमित गश्त और निगरानी को और अधिक सघन किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आरटीआई एक्ट लोगों के सशक्तिकरण को है समर्पित: गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य सूचना आयुक्त एसएस गुलेरिया ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई एक्ट) 2005 आम नागरिकों के सशक्तिकरण को समर्पित है। इसका मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही तय करना व भ्रष्टाचार पर रोक लगाना है। एसएस गुलेरिया धर्मपुर में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारियों के ज्ञानवर्धन के लिए आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को उन सभी निर्णयों की जानकारी होनी चाहिए जिनसे उनका जीवन प्रभावित होता है।

# स्नेहा-अमन ने बनाया सबसे अच्छा साइंस मॉडल

### राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में सीएम ने किया दोनों को सम्मानित

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में सीएम सुक्खू सम्मानित करते हुए।

**सरकाघाट।** सरकाघाट स्कूल की छात्रा स्नेहा और अमन ठाकुर ने प्रवक्ता बायोलॉजी विजय कुमार के निर्देशन में कार्बन जीरो-सेव यूनिवर्स सेव अर्थ नामक मॉडल 32वें राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस, जिसका आयोजन राजकीय डिग्री कॉलेज ढलियारा जिला कांगड़ा में हुआ, इसमें पूरे हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

इस मौके पर सीएम सुक्खू ने इन्हें सम्मानित किया। इन्होंने बताया कि इन्होंने ऑर्गेनिक फाइबर फिल्टर के द्वारा कार्बन और कार्बन डाइऑक्साइड को काम करने की युक्ति सुझाई है। स्नेहा और अमन ने बताया कि उन्होंने केले का फाइबर, कोकोनट हसक और उसी से बनाई गई एक्टीवेटेड कार्बन से एक ऐसा ऑर्गेनिक फिल्टर बनाया है जो भारत ही नहीं समूचे विश्व में अनूठा है और अपनी किस्म का पहला फिल्टर है। यह फिल्टर पंचायती स्तर पर घरों में, मोक्ष धाम पर लगाया जाएगा जिससे यहां पर होने वाले कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन पॉल्यूशन को शून्य के बराबर करने की कोशिश की जाएगी, जो की इनके मॉडल का थीम है कार्बन जीरो सेव यूनिवर्स सेव अर्थ। इन्होंने बताया कि इनका ऑर्गेनिक फिल्टर फैक्ट्री में भी लगाया जाएगा। विजय कुमार ने बताया कि यह दोनों ही विद्यार्थी ने बहुत कड़ी मेहनत की है और आज इस मुकाम को हासिल किया है कि वह प्रदेश में नंबर एक हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य अनिता आजाद और समूचे स्कूल ने विजय कुमार, स्नेहा पटियाल और अमन ठाकुर को बधाई दी है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत तकनीकों की दी जानकारी

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत उपमंडल मुख्यालय पधर मे दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देना और उन्हें वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने के लिए प्रेरित करना रहा। जानकारी देते हुए कृषि विषयवाद विशेषज्ञ सोनम ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के सौजन्य से किया जा रहा है। जिसमें कृषि, बागवानी व पशुपालन तीनों विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिसके तहत विशेषज्ञों की तीन टीमों का गठन कर उपमंडल के विभिन्न गांवों में भेजा गया। प्रत्येक टिम द्वारा तीन गांव में जाकर किसानों को नई कृषि विधियों, पशुपालन तकनीकों, और जैविक खाद के

**पधर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित**

उपयोग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिलहन, बरधान, बरोट, धमचयान, बड़ी बजगान, पंजोड, ग्रामण, खारियांन, लपास गांवों का दौराकर किसानों को जागरूक किया। दुसरे दिन डलाह, ग्वाली, समखेतर, कुफरी, बड़वाहन, पाली, चेली, बावली गांव में जाकर किसानों को आधुनिक खेती की तरीकों व अन्य कृषि संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र मंडी के वैज्ञानिक डॉ. शकुंतला राही, डॉ बृज, डॉ. बनीता, डॉ. एल.के. शर्मा, डॉ. डी.एस. यादव, डॉ. कल्पना आर्या, डॉ. नेहा और डॉ. कविता ने भाग लिया।

### सेवा भारती विवेकानंद छात्रावास में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# हमेशा अमर रहते हैं बलिदानी: खेमचंद शास्त्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



सेवा भारती विवेकानंद छात्रावास में बलिदानी सैनिकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के उपरांत पठन पाठन सामग्री बांटते हुए।

**हिमाचल** डिफेंस वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन ने सदर विधानसभा क्षेत्र के बाड़ी में स्थित सेवा भारती विवेकानंद छात्रावास में 4 जून को मणिपुर के चंदेल जिले में उग्रवादी हमले में वीरगति को प्राप्त हुए बलिदानी सैनिकों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम में हिमाचल डिफेंस वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष आशा ठाकुर ने कहा कि 4 जून 2015 को मणिपुर के चंदेल में सेना की एक टुकड़ी पर हुए हमले में 20 जवान वतन पर कुर्बान हुए थे। जिसमें हिमाचल के 7 सपूतों ने शहादत दी थी। इस उग्रवादी हमले में मंडी जिला के पधर उपमंडल की सियून पंचायत के शहीद हवलदार प्रकाश चंद, द्रंग मसेरन गांव के सिपाही मनोज कुमार व जोगिंद्रनगर के पटनू गांव के विकास भारद्वाज शहीद हुए थे।

सेवा भारती विवेकानंद छात्रावास बाड़ी के अध्यक्ष खेमचंद शास्त्री ने कहा कि बलिदानी कभी भी नहीं मरते हमेशा अमर रहते हैं। मगर एक बलिदानी की मौत तब होती है जब देशवासी व सरकारें उनके बलिदान को भूला देती हैं। इस मौके पर छात्रावास के बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बलिदानी प्रकाश चंद की पत्नी व्यास देवी, बलिदानी मनोज कुमार की पत्नी पुष्पा देवी सहित अन्य गणमान्य महिलाएं भी उपस्थित थी।

# 16 साल पहले मिला था सड़क का क्लेम, रिकवरी के आदेश मिलने पर भड़के हवाणी के किसान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



सड़क क्लेम के पैसे की रिकवरी नोटिस मिलने पर भड़के किसान।

**उपमंडल** सरकाघाट की भांबला पंचायत के हवाणी वार्ड के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल किसान संगठन के अध्यक्ष केके ठाकुर की अध्यक्षता में एडीएम मंडी रोहित राठौर से मिला।

हवाणी के किसानों को 2009 में कुल्लू जालंधर सड़क अपर भांबला में जमीन के पैसे मंडी से गठित कमेटी द्वारा दिए गए थे। लेकिन 16 वर्ष के बाद तहसीलदार रिकवरी मंडी द्वारा पैसे के रिकवरी नोटिस जारी किए गए हैं। कुछ किसान स्वर्ग सिधार चुके हैं और मिली धन राशि को वे उस समय अपने बच्चों और लड़कियों को बांट गए थे और कुछ ने मकान आदि और बीमारी पर खर्च कर दिए। अब इस समय किसानों के पास वापस करने के लिए कुछ नहीं बचा है। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश से मांग की है कि इस मामले में किसानों के हित में पुन: सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए और रिकवरी को बंद किया जाए। केके ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल को उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। इस

**एडीएम मंडी से मिलकर की आदेश वापस लेने की मांग**

प्रतिनिधिमंडल में हेम सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर, चेत सिंह ठाकुर, नरेश कुमार, विनोद कुमार शामिल थे। आगामी पेशी 11 अगस्त के लिए प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग की गई।

**कार्यक्रम** अभिलाषी विश्वविद्यालय में 6वें दीक्षांत समारोह का आयोजन, 8 होनहारों को पहनाए गोल्ड मेडल

# शिक्षा मंत्री ने 320 विद्यार्थियों को बांटी डिग्रियां

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान





दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करते हुए शिक्षा मंत्री व आयोजक।

**मंडी।** अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक मंडी में 6वें दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव ठाकुर सोहन लाल, लाल सिंह कौशल, चमन राही, महेंद्र सिंह, निखिल ठाकुर, एसडीएम बल्ह, उपशिक्षा निदेशक भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए अभिलाषी विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्ट पहचान बना ली है। देवभूमि हिमाचल की गोद में स्थित यह विश्वविद्यालय अब गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है।

इस दीक्षांत समारोह में 320 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई, जिसमें पीएचडी. के 12 छात्र, यूजी के 161 विद्यार्थी, पीजी के 147 विद्यार्थियों ने डिग्रियां प्राप्त की। इसके अतिरिक्त 8 विद्यार्थियों को श्रीतुलसी राम अभिलाषी मेमोरियल गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया। इस समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, डॉ आरके अभिलाषी ने की। उन्होंने डिग्रीधारक छात्रों के साथ अपने व्याख्यान में कहा कि अब उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। साथ में ही उन्होंने विश्वविद्यालय की अनेकों उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने बताया की अभिलाषी विश्वविद्यालय में बहुत सारे ऐसे कोर्सेज हैं जिनको हिमाचल प्रदेश में पहली बार चलाने की पहल यहीं से हुई है इस कार्यक्रम में अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी कुलपति प्रोफेसर एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, फाइनेंस अधिकारी नरेंद्र कुमार, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्षा डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, विभिन्न विभागों के डीन, डॉयरेक्टर, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### इन छात्रों को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

**एमएससी** जूलोजी की गुंजन, एमबीए की शिल्पा देवी, एमए एजुकेशन से विजय भारती, एमटेक सिविल इंजीनियरिंग से रोजिना सुब्बा, एम फार्मा से अनीता कुमारी, बी फार्मा से अंबिका सूद, बीएससी एग्रीकल्चर की करिश्मा गुलेरिया, बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी से बबीता ठाकुर को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

### शिक्षकों के भरे गए 6 हजार से अधिक पद : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के राजकीय स्कूलों में विभिन्न शिक्षकों के 6 हजार से अधिक पद भरे जा चुके हैं तथा निकट भविष्य में राज्य चयन आयोग के माध्यम से 3100 व पद भरे जाएंगे, जिसकी चयन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यह जानकारी उन्होंने बुधवार को अभिलाषी विवि चैलचौक के छठे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में दी। इस मौके पर रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों को डिग्रियां भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद भी इस वित्तीय वर्ष में शिक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 8950 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराज ने अस्पताल में रात्रि लंगर सेवा की शुरू



अनंत ज्ञान, ऊना। कन्या पूजन के साथ ऊना अस्पताल में डेरा बाबा रुद्रू जी की रात्रि लंगर सेवा शुरू करते स्वामी हेमानंद महाराज।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने लगाई छबील

विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। माता श्री शक्तिपीठ चिंतपूर्णी से 10 किलोमीटर पहले गांव अलोह में समुदाय विशेष के लोगों ने छबील का आयोजन कर सद्भावना का संदेश दिया। इस मौके पर मुस्ताक मोहम्मद, रज्जाक मोहम्मद, सादिक अली, यूसुफ अली, साजल अली, रफान, कमाल दीन, और ब जान मोहम्मद मौजूद रहे।

### जालंधर राक्षस का अहंकार बना विनाश का कारण : डोगरा

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब। चौकीमन्यार में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के मुख्य वाचक आचार्य तरुण डोगरा ने जालंधर राक्षस की कथा का मार्मिक और विस्तारपूर्वक वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आचार्य डोगरा ने बताया कि जालंधर राक्षस ने अपनी तपस्या और शक्ति के बल पर देवताओं को भी पराजित कर दिया था, किंतु अंततः उसका अहंकार ही उसके विनाश का कारण बना। भगवान शिव ने उसकी पत्नी तुलसी के पतिव्रता धर्म की आड़ में उसका वध किया। कथा का यह प्रसंग श्रोताओं को जीवन में संयम, श्रद्धा और सच्चे धर्म के महत्व का संदेश देता है। कथा के समापन उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बंगाणा से धनेटा वाया तूतड़ होकर जाएंगे हैवी वाहन : डीसी

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला स्तरीय पिपलू मेला 2025 के मद्देनजर बंगाणा से धनेटा वाया पीपलू होकर जाने वाले हैवी वाहन/बसें 5 से 7 जून तक बंगाणा से धनेटा वाया तूतड़-भियांबी-किटपल होकर चलेंगी। यह आदेश जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 116 के तहत जारी किए हैं ताकि मेले में भारी वाहनों की भीड़ से बचा जा सके।

### भागवत से बढ़कर कुछ नहीं है : देवकीनंदन

सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान, घनारी। घनारी गांव के सिद्ध बाबा मोनी जी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक देवकीनंदन (गोकुल वाले) ने कहा कि भागवत से बढ़कर कुछ नहीं है। इसका श्रवण करने से मनुष्य जन्म जन्मांतर के बंधन से छूट जाता है। कथा वाचक ने अजामिल कथा और कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग बड़े ही विस्तार से सुनाया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े आंनद और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। कथा उपरांत श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

### उद्यमिता विकास को लेकर प्रशिक्षण शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, ऊना। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण शुरू किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक संजीव सक्सेना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसबीआई/एसटी कॉरपोरेशन के सब रीजनल एंप्लॉयमेंट अधिकारी विजय सखियां ने प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

### भारद्वाज गोत्र परिवारों ने लगाई छबील

संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर। क्षेत्र के कुठेड़ा जसवालां में बुधवार को जेठेरा भारद्वाज स्थान में धार्मिक आयोजन किया गया। प्रजावर से संबंध रखने वाले इस गोत्र के बहुत से परिवार यहां पर पहुंचे हुए थे। हर साल सैकड़ों की संख्या में भारद्वाज गोत्र के लोग यहां पहुंचते हैं और जून मके पहले बुधवार को सालाना धार्मिक समागम करते हैं। उन्होंने छबील भी लगाई जिसमें कमेटी प्रधान राम प्रसाद, चतर सिंह, जागीर सिंह आदि बहुत से श्रद्धालुओं ने श्रमदान किया।

### भगवान की लीलाओं का किया गुणगान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। कटराईं स्थित शुभम होटल में पिछले एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का बुधवार को विधिवत समापन हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित विष्णु दत्त मिश्र सरस महाराज ने अपने मुखारबिंद से भगवान की लीलाओं का गुणगान किया तथा आदर्श महिला मंडल कटराईं की कीर्तन मंडली ने मनमोहक गीत-संगीत से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्य किया। उपरोक्त कार्यक्रम के व्यवस्थापक नीरज उपाध्याय ने बताया कि इन सात दिनों तक वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और श्रद्धापूर्वक कथा के श्रवण का आनंद उठाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी उचित व्यवस्था की गई थी।

### मिशन अस्पताल के चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। मिशन अस्पताल मनाली ने काजा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में भारी भीड़ उमड़ी। चिकित्सा कैंप के पहले दिन 196 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा गया। यह निशुल्क चिकित्सा कैंप छह जून को संपन्न होगा। इस कैंप में सामान्य बीमारियों की जांच, महिला रोग से संबंधित जांच, अल्ट्रासाउंड की सुविधा, जोड़ों के दर्द से संबंधित जांच, आंखों की जांच, खून की जांच की जा रही है। मरीजों को कैंप में निशुल्क दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं। मिशन अस्पताल मनाली के सामुदायिक सलाहकार डॉ. बिशन ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अस्पताल हर साल ऐसे शिविरों का आयोजन करता है।

### बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया


अनंत ज्ञान, सैंज। सैंज घाटी के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री विद्यालय शैंशर व उच्च विद्यालय सिंहाण में वन विभाग की टीम ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। इसमें विद्यार्थियों को एकल प्लास्टिक उपयोग को न कहें व बर्बादी कम करें, जैसे विषयों से फॉरेस्ट गार्ड उषा ठाकुर व वन मित्र तनुज कुमार ने अवगत करवाया। फॉरेस्ट गार्ड उषा ठाकुर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें वन विभाग की टीम संस्थानों में जाकर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को व जनता को जागरूक कर रही है। प्रधानाचार्य सुभाष भारद्वाज व कार्यवाहिका मुख्य अध्यापिका प्रभा ठाकुर ने विद्यालय परिवार की ओर से वन विभाग का धन्यवाद किया।

## अस्पतालों में डॉक्टर और दवाइयों के लाले पर्ची शुल्क कर दिया दस रुपए : अमित सूद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार द्वारा 5 जून से अस्पतालों में जाने वाले सभी मरीजों से 10 रुपए पर्ची शुल्क लेने का जो निर्णय लिया है, उसका भाजपा कुल्लू जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कड़ा विरोध किया है।

जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार ने गरीबों को स्वास्थ्य का अधिकार देते हुए अनेक कदम उठाए थे और अस्पतालों में मुफ्त पर्ची और सभी टेस्ट बिलकुल मुफ्त किए थे, जिससे गरीब व वंचित लोग सुरक्षित महसूस करते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने एक के बाद एक जनविरोधी निर्णयों से गरीबों और उनकी सुविधाओं को एक-एक कर छिनने का कार्य शुरू कर दिया है। कांग्रेस सरकार ने गरीब मरीजों को अस्पताल में जो विभिन्न टेस्ट की फ्री सुविधा मिलती थी, उसका भी अब शुल्क लेना शुरू कर दिया है।



ऐसे में कांग्रेस सरकार अपनी आर्थिक स्थिति का रोना रोकर अब गरीबों को भी प्रताड़ित करने में जुटी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूरे देश को फ्री ड्रग पॉलिसी के तहत निशुल्क उपचार और फ्री डायग्नोस्टिक इनिशिएटिव सर्विसेज के तहत निशुल्क जांच की सुविधा दी गई है, जो देशवासियों का संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार है। यह दुखद है कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार हिमाचल के लोगों के मौलिक अधिकार को अब छीन रही है, अब प्रदेशवासी बीमारी से ग्रस्त होकर अगर अस्पताल भी जाएं, तो वहां भी सरकार शुल्क वसूल रही है। सुख की सरकार शुल्क लगाने में यकीन रखती है, लेकिन मरीजों को सुविधाएं देने में नहीं। प्रदेश के कई अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं और एक्स-रे मशीन खराब हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में लैब टेक्नीशियन नहीं हैं और सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है।


# खेतों में काम कर रहे किसान और दो बैलों की करंट से मौत

## त्यार गांव में हुआ हादसा, ग्रामीणों में शोक और आक्रोश की लहर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की कठोह पंचायत के त्यार गांव में एक अत्यंत दुखद और चौंकाने वाली घटना घटी है। खेत में काम करते समय करंट लगने से किसान और दो बैलों की मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद ग्रामवासी कर्म चंद को ऊना चिकित्सालय में ले गए] जहां पर कर्म चंद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पंचायत के उपप्रधान जोगिंदर कुमार ने बताया कि कर्म चंद बहुत ही मेहनती था। वह बैलों के साथ लोगों के खेतों में कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

कर्म चंद की पांच लड़कियां और एक लड़का है। लड़कियों की शादी कर दी है, जबकि बेटा बैडमिंटन के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देता है। उपप्रधान ने बताया कि कर्म चंद प्रतिदिन की तरह अपने खेतों में बैलों के साथ कार्य कर रहा था। इसी दौरान खेत में बिजली की तार अचानक टूट कर ऊपर पड़ गई और कर्म चंद एवं दोनों बैल इसकी चपेट में आ गए। जोगिंदर कुमार ने बताया कि बिजली के तारों और उपकरणों की स्थिति सही होती तो इस प्रकार की घटना नहीं होती।



### मुआवजा व सहायता की मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि कर्म चंद के परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। स्थानीय विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया है और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

इस लापरवाही के चलते अब एक किसान की जान चली गई, जिससे पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है।

कर्म चंद की असमय मृत्यु से त्यार गांव में गहरा शोक है। गांव के लोग उन्हें एक मेहनती, सज्जन और खेतीबाड़ी के प्रति समर्पित किसान के रूप में जानते थे। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि खेतों में उपयोग हो रहे बिजली उपकरणों की समुचित जांच कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें। विभाग को आदेश दिए जाएं कि किसानों को बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक किया जाए।

### घटना चिंता का विषय

यह घटना न केवल एक दर्दनाक हादसा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपकरणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी भी है। वर्तमान दौर में बहुत ही कम किसान बैलों के साथ खेतीबाड़ी करते हैं और यदि इस प्रकार की घटनाएं बिजली बोर्ड की तारें इसी प्रकार टूटती रहीं तो न जाने तो कई प्रकार की घटनाएं घटती रहेंगी, तो पारंपरिक कृषि प्रणाली और पशुपालन पूरी तरह से संकट में पड़ सकता है। किसानों की सुरक्षा के लिए बिजली बोर्ड को अत्यंत आवश्यक है कि बिजली उपकरणों की समय-समय पर जांच की जाए। लचर और जर्जर उपकरणों को तुरंत बदला जाए। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है। इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू होंगे 7 जून को होने वाले कुटलैहड़ उत्सव के मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान, बंगाणा

जिले में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के अपने-अपने उत्सव हो रहे हैं और इसी तरह अब कुटलैहड़ उत्सव भी होगा। कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों के लिए यह सप्ताह ऐतिहासिक होने जा रहा है। लंबे समय से चली आ रही मांग और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार पहली बार बंगाणा मुख्यालय पर कुटलैहड़ उत्सव का आयोजन 7 जून को बंगाणा में होने जा रहा है। यह उत्सव न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए भी एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला स्तरीय पीपलू मेले को जिला स्तरीय दर्जा मिलने के 16 वर्ष बाद अब कुटलैहड़ क्षेत्र को भी अपना एक स्वतंत्र और भव्य उत्सव मिलने जा रहा है। जब ऊना जिला में हरोली उत्सव, चिंतपूर्णी उत्सव और ऊना उत्सव जैसे बड़े आयोजन हो सकते हैं, तो कुटलैहड़ को क्यों न मिले यह गौरव? जनता की इसी आवाज को समझते हुए स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ उत्सव की नींव रख दी है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र एवं बंगाणा और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि कुटलैहड़ को भी एक स्वतंत्र



पहचान दी जाए और यहां की सांस्कृतिक धरोहर को मंच मिले। विधायक विवेक शर्मा ने जनता की इस भावना को समझते हुए लोहड़ी उत्सव के समय ही कुटलैहड़ उत्सव की घोषणा कर दी थी। अब इस घोषणा को जमीन पर उतारते हुए 7 जून को बंगाणा में पहली बार इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

कुटलैहड़ उत्सव के दौरान स्टार नाइट का आयोजन होगा। लोकप्रिय गायकों और कलाकारों की प्रस्तुतियां इस उत्सव को यादगार बनाने वाली हैं। यह स्टार नाइट न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगी, बल्कि यह पूरे क्षेत्र को एक नई पहचान देने का कार्य भी करेगी।

## उपायुक्त ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल ने रक्कड़ कॉलोनी में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित योग शिविर में भाग लिया। इस शिविर में शिक्षा सुधार समिति के शिक्षकगण भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त ने वर्तमान समय की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग और शारीरिक फिटनेस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कल्याणकारी गतिविधियां न केवल मानसिक तनाव और अवसाद को दूर करने में सहायक हैं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से भी बचाने में प्रभावी भूमिका निभाती हैं। डीसी जतिन लाल जी ने इस अवसर पर लोगों को नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी, ताकि एक स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन शैली को अपनाया जा सके। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित शिक्षा सुधार समिति से सुच्चा सिंह कांग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जालंधर राक्षस का अहंकार बना विनाश का कारण : डोगरा

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब। चौकीमन्यार में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के आठवें दिन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के मुख्य वाचक आचार्य तरुण डोगरा ने जालंधर राक्षस की कथा का वर्णन किया।



आचार्य ने बताया कि जालंधर राक्षस ने अपनी तपस्या और शक्ति के बल पर देवताओं को भी पराजित कर दिया था, किंतु अंततः उसका अहंकार ही उसके विनाश का कारण बना। कथा का यह प्रसंग श्रोताओं को जीवन में संयम, श्रद्धा और सच्चे धर्म के महत्व का संदेश देता है। कथा के समापन उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## लेक्चरर संघ जिला ऊना का प्रतिनिधिमंडल मांगों को लेकर विधायक कालिया से मिला



विधायक राकेश कालिया ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का मुंह मीठा करवाया।

आशीष शर्मा, अनंत ज्ञान

गोंदपुर बनेहड़ा। लेक्चरर संघ के जिला ऊना का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान शशि सैनी की अगुवाई में विधायक राकेश कालिया से उनके निवास स्थान पर मिला। लेक्चरर संघ कीनवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी वर्ग ने विधायक राकेश कालिया से शिष्टाचार भेंट की और विधायक को अपनी मांगों के बारे में भी अवगत करवाया।

विधायक ने लेक्चरर संघ के नेताओं को सहयोग देने के लिए आश्वासन दिया और लेक्चरर संघ के पदाधिकारी वर्ग का मिष्ठान्न से मुंह मीठा करवाया।

इस अवसर पर महासचिव संजीव कुमार, संजीव बग्गा, नीरज सैनी,बिहारी लाल, सतीश कालिया, अटल कुमार, विकास रतन, मनोज कालिया, मुकेश सलारिया, जसविंदर मिन्हास, राकेश मल्होत्रा और काफी संख्या में लेक्चरर उपस्थित थे। लेक्चरर संघ के प्रांतीय प्रवक्ता राजन शर्मा ने कहा विधायक राकेश कालिया सदैव कर्मचारी वर्ग की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उन्हें हल करने का प्रयास करते हैं।

## पीपलू मेले का आज शोभायात्रा से होगा शुभारंभ

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के ऐतिहासिक पीपलू के नर सिंह नारायण मंदिर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेले का आज वीरवार कोपूरे जोश और पारंपरिक रूप शोभायात्रा के साथ रंगारंग आगाज होगा। मेले का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बतौर मुख्यतिथि शिरकत करके करेंगे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक विवेक शर्मा मौजूद रहेंगे। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि आज सुबह 9 बजे होटल आशीर्वाद से शुरू होकर शोभायात्रा बंगाणा बाजार होते हुए रेस्ट हाउस मैदान तक पहुंचेगी।

इस शोभायात्रा में स्कूली बच्चे, महिला मंडल, एनएसएस स्वयंसेवक और लोक कलाकार भाग लेंगे, जिनका लोग पुष्पवर्षा कर स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाणा रेस्ट हाउस से पीपलू मेले में पर पहुंचते ही मुख्यातिथि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला स्तरीय पीपलू मेले के उद्घाटन सत्र में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स और





### मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री करेंगे मेले का उद्घाटन

प्रदर्शनियों का भी उद्घाटन किया जाएगा। इनमें कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

पीपलू मेले के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हिमाचली लोक गायक अनुज शर्मा और सुनील मस्ती की प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीतमय बनाएंगे। पीपलू मेले में तीन दिन तक चलने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी डिप्टी सीएम उद्घाटन करेंगे। इन प्रतियोगिताओं में वॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी, दौड़ जैसे पारंपरिक व आधुनिक खेलों को शामिल किया गया है। ग्रामीण अंचलों के युवाओं में इन खेलों को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

बंगाणा एसडीएम सोनू गोयल ने बताया कि पीपलू मेले के तीन दिन में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां दर्शकों को लुभाएंगी। मेले के अंतिम दिन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मेले को सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय जनता का हमें भरपूर सहयोग चाहिए। तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेला न केवल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है, बल्कि लोक कला और जनसंपर्क को सशक्त करने वाला एक सशक्त मंच भी है।

## कुल्लू से तांदला के लिए शुरू हो निगम की बस सेवा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। उझी घाटी की ग्राम पंचायत कराड़सू के तांदला गांव में लंबे समय से निगम की बस सेवा नहीं चल रही है, ऐसे में निगम की बस सेवा न होने से निजी वाहन चालक स्थानीय लोगों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। इतना ही नहीं कराड़सू पंचायत के तांदला गांव की ओर जाने वाला रास्ता भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है, ऐसे में निगम की बस सेवा को शुरू करने की मांग को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ढालपुर में एडीएम कार्यालय पहुंचा और उन्होंने एक मांग पत्र भी प्रशासन को सौंपा। गंगा ठाकुर उप प्रधान ग्राम पंचायत सोयल 2, परमा नंद पूर्व उपप्रधान कराड़सू, हाकमी देवी, तेजी देवी आदि का कहना है कि अगर प्रशासन के द्वारा निगम की बस सेवा को शुरू किया जाए, तो इससे स्कूल व कॉलेज जाने वाले आने जाने वाले छात्रों को भी काफी फायदा होगा।

## निरमंड कॉलेज के कैडेट्स ने चमकाया नाम

अनंत ज्ञान, आनी

एनसीसी की 8 एचपी बटालियन रामपुर बुशहर द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 15 से 24 मई तक पीजीडीसी, सरस्वती नगर, रोहड़ू में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दस दिवसीय शिविर में 402 कैडेट्स ने भाग लिया। इनमें राजकीय महाविद्यालय, निरमंड के 30 कैडेट्स (15 एसडी, 15 एसडब्ल्यू) शामिल थे। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल निर्मल जीत सिंह सिद्धू के उद्घाटन भाषण से शुरू हुए इस शिविर में कैडेट्स ने ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग, स्वच्छता अभियान, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं व्याख्यानों में भाग लेकर अनुशासन, नेतृत्व व राष्ट्रीय भावना को मजबूती दी। इस शिविर में निरमंड कॉलेज के कैडेट्स की कई प्रमुख उपलब्धियां रहीं। 100 मीटर दौड़ में अशोक ने प्रथम स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में लव प्रथम, अशोक द्वितीय रहा। रस्साकशी में बालक दल



प्रथम, बालिका दल द्वितीय स्थान पर रहे। टेंट पिचिंग निरमंड ने द्वितीय स्थान पाया। ड्रिल में कुश प्रथम, अजय और स्नेहलता द्वितीय रहे। वाद-विवाद में संजीता प्रथम, पितांबर द्वितीय रहा। फायरिंग में निरमंड कॉलेज की सोनिका, लव, अशोक का चयन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी निरमंड की टीम का दबदबा रहा। एकल गीत में संजीता प्रथम, अजय द्वितीय रहे। समूह गीत में निरमंड प्रथम, समूह नृत्य में द्वितीय रहा। एकल नृत्य में पितांबर और स्नेहलता द्वितीय रहे। शिविर में एनडीआरएफ, फायर पिकेटिंग, साइबर सुरक्षा और पर्यावरणीय जागरूकता जैसे विषयों पर व्याख्यान आयोजित किए गए। संचालन के लिए अजय, सुनील, संजीता, सुरेंद्र, लव, स्नेहलता व ओमलता को नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिन्हें उन्होंने सफलतापूर्वक निभाया। रैंक सेरेमनी में भी निरमंड कॉलेज एनसीसी कैडेट्स को सम्मान मिला, जिसमें सुनील कुमार को यूओ, संजीता, सुरेंद्र को एसजीटी, जतिन, कुश, स्नेहलता, ओमलता को सीपीएल, लव, अशोक, पितांबर, सोनिका, काकी, पल्लवी को एलसीपीएल की रैंक से सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर कर्नल सिद्धू ने सभी कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व की सराहना की।

## शिंकुला दर्रे में 13 लाख से बना ट्रैक हट खंडहर में बदला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जंस्कार आने जाने वालों सहित शिंकुला में आपात स्थिति में फंसने वाले पर्यटकों व ट्रेकरों के लिए बनाया गया ट्रैक हट खंडहर बन गया है।



एक साल पहले ही वन विभाग ने 13 लाख की लागत से सुंदर व भव्य ट्रैक हट का निर्माण किया था, अब यह बेजान ढांचे में तब्दील हो चुका है। क्षेत्र के लोग इसके रखरखाब पर सवाल उठा रहे हैं। यह हट साडा के बजट से तैयार किया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से इसका कोई रखरखाव नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि मौसम की मार और लापरवाही ने इस संरचना को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया। स्थानीय निवासियों टशी, पलजोर व दोरजे का कहना है कि यदि इस हट की उचित देखभाल की जाती, तो यह आज पर्यटकों के लिए एक सशक्त सहारा बन सकता था। उन्होंने कहा कि सरकार ने तो करोड़ों की योजनाएं बना रखी हैं, लेकिन जमीन पर अमल करने वालों की लापरवाही से सब बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की जांच हो और भविष्य में इस प्रकार की योजनाएं ठोस योजना और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित की जाएं। डीएफओ केलांग अनिकेत वानवे ने बताया कि वन विभाग ने अज्ञात लोगों पर ट्रैक हट को नुकसान पहुंचाने बारे एफआईआर दर्ज करवाई है।

**आयोजन** कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त ने आपदा के संबंध में आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के संबंध में की बैठक

# आपदा से बचाव के लिए 6 जून को काजा में मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने बुधवार को उपमंडल काजा में 6 जून को आपदा के संबंध में आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के संबंध में बैठक की।

उन्होंने संभावित आपदा जैसे भूस्खलन और भूकंप आदि से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने कहा कि आपदा से पूर्व तैयारी ही आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि टेबल टॉप और मॉक ड्रिल अभ्यास के माध्यम से सभी स्तरों पर आपदा से पहले, आपदा के समय और आपदा के उपरांत किए जाने वाले कार्यों की तैयारी का परीक्षण किया जाता है और नियमित व समय-समय पर अभ्यास एवं तैयारियों में से ही आपदा के संभावित नुकसान को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि काजा उपमंडल में विभिन्न



शिखा आयोजित होने वाली मेगा मॉक ड्रिल को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

आपदाओं का खतरा बना रहता है। भूकंप, बाढ़, भूस्खलन और मानव निर्मित आपदाएं आदि कुछ ऐसी आपदाएं हैं, जिनके लिए सदैव तैयारी आवश्यक हैं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के लिए तैयार इंसीडेंट रिस्पोंस सिस्टम के तहत दिए गए निर्देशों का पालन आवश्यक है। उन्होंने भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि उपमंडल काजा में तीन स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसमें काजा में भूकंप के कारण भूस्खलन होना, कीह में भूकंप के कारण भवन को नुकसान तथा रंगरिक में भूकंप और भूस्खलन से भवन के गिर जाने का परिदृश्य रहेगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आनी में भी की जाएगी मॉक ड्रिल

अनंत ज्ञान, आनी

आपदा प्रबंधन पर 6 जून को प्रातः मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के चलते आनी में भी इसका आयोजन किया जा रहा है, ताकि आपदा आने के पश्चात राहत और बचाव कार्यों के लिए प्रशासन मुस्तैद और तैयार रहे। साथ ही प्रशासन के संबंधित विभाग मामले पर पूर्वाभ्यास भी कर सकें।

मामले पर आयोजित बैठक में आनी के कार्यकारी एसडीएम रत्नेश्वर शर्मा ने यह जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आपदा, चाहे प्राकृतिक हो या मानव-निर्मित, जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। हमारा दायित्व है कि ऐसी परिस्थितियों के लिए हमेशा तैयार रहें। आपदा प्रबंधन हमें न केवल बचाव, बल्कि निवारक उपायों के लिए भी प्रेरित करता है। हमें जागरूकता फैलानी होगी, ताकि आपदा के समय में लोग घबराए नहीं और समझदारी से कदम उठाएं। प्रशिक्षित टीमें, जैसे कि आपदा प्रबंधन कर्मचारी, बाढ़, भूकंप या आग जैसी आपदाओं में लोगों को सुरक्षित निकालने में सक्षम हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के लिए प्रभावित क्षेत्र के तौर पर खंड विकास कार्यालय के आसपास का आवासीय क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है।

इसके लिए सभी संबंधित पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग आपसी सामंजस्य से आपदा के बाद राहत और बचाव का पूर्वाभ्यास करेंगे। सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत विभिन्न मॉक ड्रिल को आयोजित किया जाएगा और आम लोगों को भी इसके तहत जागरूक किया जाएगा। विभिन्न स्वंयसेवियों और संगठनों के सहयोग से इसका सफल आयोजन करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्राओं को दिया जा रहा कराटे का परीक्षण

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। समग्र शिक्षा के अंतर्गत नग्गर खंड के कटराईं विद्यालय की 350 से अधिक छात्राओं को संसेई सुरेश नेगी ने आत्म रक्षा के गुर सिखाए। इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा और कठिन परिस्थिति से कैसे बचा जाए, उसके गुर सीखे। सुरेश नेगी ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में सभी छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान बताया कि इसका गलत प्रयोग न करें और उचित समय व आत्मरक्षा पर ही इसका प्रयोग करें। छात्राओं को कराटे की कई जरूरी तकनीक का अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि छात्राएं आत्मरक्षा में निपुण हों, इसलिए छात्राओं को कराटे का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसका मकसद किसी से लड़ना नहीं, बल्कि मुश्किल घड़ी में खुद का बचाव करना है। सुरेश नेगी गोजू रयूयू कराटे दू फैडरेशन ऑफ इंडिया थर्ड डैन ब्लैक बेल्टर हैं, उन्होंने बताया कि नग्गर खंड के पलचान, सोलंग नाला, बांग, वशिष्ट अन्य स्कूलों में छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाए जाएंगे।

# कूल-कूल हुआ मौसम, जून में सर्दी का एहसास

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**



**कुल्लू/केलांग।** कुल्लू-मनाली सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मौसम कूल-कूल हो गया है। दो-तीन दिनों से निचले क्षेत्रों में रुक-रुक कर हो रही बारिश और पहाड़ों में बर्फबारी से तापमान में काफी गिरावट आई है। ऐसे में जून माह में जहां गर्मी होती है।

वहीं, कुल्लू-मनाली व लाहौल में सर्दी का एहसास हो रहा है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही प्रचंड गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं और सभी पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लगा हुआ है। पर्यटक यहां आकर बारिश और बर्फबारी का खूब मजा ले रहे हैं। बुधवार को मनाली सहित सोलंगनाला व अटल टनल के साउथ व नॉर्थ पोर्टल के अलावा सिस्सू, कोकसर, तांदी पुल में पर्यटकों का खूब जमावड़ा लगा रहा और पर्यटकों ने बारिश में खूब मस्ती की। वहीं, रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में तीन इंच बर्फबारी हुई है। कुल्लू मनाली आ रहे सैलानी कूल-कूल मौसम के दीवाने हो गए हैं। बुधवार को रोहतांग, शिंकुला व बारालाचा की ओर गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। रोहतांग के लिए सभी 1200 परमिट बुक हो गए, जबकि 500 से अधिक वाहन शिंकुला व बारालाचा पहुंचे। शाम के समय उंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला व बारालाचा में पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया।

रोहतांग में स्नो स्कूटर सहित स्नो स्लेज, माउंटेन बाइक, स्कीइंग, घुड़सवारी व फोटोग्राफी का आनंद लिया। रोहतांग की महिला पर्यटन कारोबारी के अनुसार बुधवार को भी रोहतांग में पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबार भी ठीक रहा। दर्रों में रुक-रुक कर बर्फ के फाहों का दौर जारी रहा। राजस्थान से कुल्लू-मनाली व लाहौल घूमने पहुंचे पर्यटकों मेहुल जैन व उनके अन्य दोस्तों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता था कि यहां पर मौसम इतना सुहावना होगा। पहली बार कुल्लू, मनाली व लाहौल घूमने आए हैं और यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने रोहतांग में जहां आसमान से गिर रहे बर्फ के सफेद फाहों के बीच अठखेलियां की व सोलंगनाला, अटल टनल व सिस्सू में भी खूब मस्ती की। उन्होंने बताया कि राजस्थान में इन दिनों बहुत गर्मी पड़ रही है, ऐसे में उन्हें यहां आकर गर्मी से राहत मिली है और सही मायने में उनके पैसे वसूल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह दोबारा यहां घूमने आएंगे। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक सभी पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद ले रहे हैं।

# जाओं-तराला सड़क की खस्ताहालत को लेकर किया प्रदर्शन

**जितेंद गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** जाओं-बुछैर-तराला सड़क मार्ग की खस्ताहालत से खफा लढागी बुछैर क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपमंडल मुख्यालय निरमंड स्थित लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता के मंडल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने की अगुवाई सीटू नेता पदम प्रभाकर ने की, जबकि इस धरने में उनके साथ लफाली पंचायत के उपप्रधान चुनी लाल, लफाली, लढागी वार्ड के पंच के अलावा ग्रामीण देश राज, प्रकाश चंद, ब्रिज लाल, युवक मंडल के प्रधान भाग चंद, सचिव सुंदर सहित कई अन्य युवा मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों और समस्याओं पर जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं हो जाता, तब तक क्रमिक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों का रोष है कि उनकी सड़क की हालत बेहद खराब है। इसकी स्थिति को सुधारने को लेकर दो बार पहले भी दिसंबर-2024 में, इस वर्ष अप्रैल माह भी धरना-प्रदर्शन आनी में किया गया और विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जहां से कोरे आश्वासन दिए गए, जबकि जमीनी स्तर पर काम नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि जाओं से लढागी के बीच टारिंग का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसे अप्रैल, मई माह में पूरा करने की पहले भी मांग की गई थी। इसके अलावा सड़क के कार्य की बची हुई धनराशि को सड़क की मरम्मत पर खर्च करने की मांग की गई थी, जो बरसों से लंबित पड़ी है।

उनका कहना है कि सड़क में सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक स्थानों को चिन्हित कर रेलिंग लगाई जानी चाहिए थी, क्योंकि यहां 3 दुर्घटनाओं में 4 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि दर्जन भर घायल हुए हैं। मांग की गई कि सड़क निर्माण के दौरान लोगों ने इस शर्त पर अपनी जमीन दान की थी कि जहां सड़क की कटिंग से उनकी जमीन को खतरा बना हुआ है, वहां डंगे लगाए जाएं, जो आज तक नहीं लग पाए। प्रतिनिधिमंडल ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता से मांग की कि उनकी इन समस्याओं और मांगों पर जब तक जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं होता, तब तक उनका क्रमिक धरना जारी रहेगा।



जाओं-बुछैर-तराला सड़क की खस्ताहालत को लेकर ग्रामीण रोष व्यक्त करते हुए।

## क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता

**इस** बारे में लोक निर्माण विभाग के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज का कहना है कि जाओं-बुछैर सड़क की मुरम्मत का कार्य ठेकेदार को दिया गया है, जिसने काम अधूरा छोड़ दिया है, जिसे री असाइन करने और सिक्योरिटी जब्त करने के लिए केस उच्चाधिकारियों को भेज दिया है, जबकि इस सड़क की मरम्मत के लिए अतिरिक्त धनराशि की भी सरकार से मांग की है, जैसे ही धनराशि का प्रावधान होगा, मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

























# राजकीय सम्मान के साथ शहीद मनीष का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिक्किम में शहीद हुए हिमाचल के लांस नायक मनीष ठाकुर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। छोटे भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान हजारों लोग शहीद के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। इससे पहले जब पार्थिव देह पैतृक गांव बड़ावन में पहुंची, तो शहीद की पत्नी के साथ उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

शहीद को यहीं पर कुछ देर के लिए अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने एक बाइक रैली निकाली, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। इसी साल 6 मार्च को मनीष की शादी हुई थी। 10 अप्रैल को छुट्टी खत्म होने के बाद वह ड्यूटी पर लौटे थे। इसके बाद 2 जून को सिक्किम के मिलिट्री कैंप में भूस्खलन की चपेट में आने से वह शहीद हो गए। 15 जनवरी, 1998 को हिमाचल में एक गरीब परिवार में जन्मे मनीष 2016 में सेना में भर्ती हुए थे। इस दौरान उन्होंने 12वीं पास कर ली थी। 12वीं के रिजल्ट के तुरंत बाद ही उन्होंने भर्ती की तैयारी शुरू कर दी। इसके बाद वह सिपाही के पद पर सेना में भर्ती हो गए। गांव के प्रधान कमल शर्मा ने बताया कि जब भी मनीष गांव आते, तो हर किसी से मिलते-जुलते थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



## तीन माह पहले हुई थी शादी

**ग्रामीणों** के अनुसार मनीष को उनकी मां बार-बार शादी के लिए कहती थी। मां मनीष को कहती थी कि हमें बहू चाहिए। मां की बातों से ही मनीष ने शादी के लिए हां कर दी। 6 मार्च, 2025 को मनीष की शादी तनु से हो गई।

## पिता मजदूरी करते हैं घर में एक छोटा भाई

**मनीष** घर में बड़े बेटे थे। उनके पिता जोगिंद्र सिंह मजदूरी करते हैं, जबकि मां किरण बाला गृहिणी हैं। मनीष का एक छोटा भाई है, जो अभी पढ़ाई कर रहा है। परिवार को चलाने की जिम्मेदारी कुछ सालों से मनीष पर ही थी, धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो रहा था।

## बारिश के कारण हुआ लैंडस्लाइड

**सिक्किम** में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया था। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई। सेना ने इसकी जानकारी सोमवार को देते हुए सभी शहीद जवानों के नाम बताए। इसमें ही लांस नायक मनीष का भी नाम शामिल था।

## जानकारी मिलते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

**सेना** ने जब परिजनों को इसके बारे में बताया, तो उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, तो पत्नी को गहरा सदमा लगा। परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे गांव में शोक की लहर है। मनीष को याद करते हुए हर किसी की आंखों से आंसू टपक रहे हैं।

## पर्यावरण दिवस: सोलन के 1078 सरकारी स्कूलों को 70-70 पौधे लगाने का लक्ष्य

# पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपेंगे 75 हजार पौधे

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध आवोहवा मिलने के साथ हमारे आसपास का पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर रहे इसके लिए इस उद्देश्य में शिक्षा विभाग ने सरकार के निर्देशानुसार जिला के प्रत्येक स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला सोलन में इसकी शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर की जाएगी और यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। जिला सोलन के सरकारी स्कूलों में पौधरोपण को लेकर चलने वाले विशेष अभियान के तहत सभी 1078 सरकारी स्कूलों में 70-70 (करीब 75 हजार) पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर उच्च शिक्षा विभाग सोलन की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं और स्कूल प्रबंधकों को पौधों के लिए वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से संपर्क करने के लिए कहा गया है।



> **पर्यावरण** दिवस के मौके पर जिले के सभी सरकारी स्कूलों में विशेष पौधरोपणअभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत 5 जून से होगी और यह अभियान 30 सितंबर तक चलेगा। सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वह इस दौरान 70 पौधे अवश्य रोपें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
> **गोपाल सिंह चौहान, उपनिदेशक, उच्च शिक्षा विभाग सोलन।**

## 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' रहेगी थीम

**प्रत्येक** वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण का अंत' रखा गया है। इसके साथ ही पौधरोपण अभियान की भी शुरूआत की जाएगी। इसको लेकर जिला शिक्षा विभाग ने योजना को अंतिम रूप दे दिया है। शिक्षा विभाग सोलन ने इस वर्ष जिले के सभी 1078 सरकारी स्कूलों (प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी) को अपने प्रांगण सहित आसपास के क्षेत्रों में 70 पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान 5 जून से आरंभ होकर 30 सितंबर तक चलेगा। सभी स्कूल अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार इस समय अवधि में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

## वन विभाग देगा पौधे

**उल्लेखनीय** है कि जिले में कुल 1078 सरकारी स्कूल हैं, जिनमें 739 प्राइमरी स्कूल, 136 मिडिल स्कूल, 59 हाई स्कूल व 144 सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों में 70-70 पौधे रोपे जाने हैं, ऐसे में अभियान के तहत कुल 75 हजार 460 पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि इन पौधों के लिए वे वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से संपर्क करें और संबंधित क्षेत्र के फॉरेस्ट गार्ड के माध्यम से पौधों को कलेक्ट करें। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे इन पौधों की खरीद के लिए इको क्लब की ग्रांट का उपयोग करें।

# भाजपा के आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयार की

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल पदाधिकारी की बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में विशेष तौर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमौरी उपस्थित रहे।

इस बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजना तैयार की गई। मोदी सरकार के 11 वर्ष बेमिसाल, पर्यावरण दिवस, योग दिवस, श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल के 50 वर्ष। इस बैठक में तीन शोक प्रस्ताव पारित किए गए। मंडल सचिव कृष्ण ठाकुर के भाई जोगिंद्र मेहता, पूर्व मंडल अध्यक्ष लखनवेश्वर शर्मा की बहन सुमित्रा शर्मा और विक्रम शर्मा की माता सीता देवी के देहांत पर शोक व्यक्त किया गया। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर राज्य स्तरीय शूलिनी मेले को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय भ्रष्टाचार में संयुक्त होकर आस्था और श्रद्धा के प्रतीक इस ऐतिहासिक मेले को व्यवसायिक धंधे में बदलने की कोशिश कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आंदोलन को भूख हड़ताल में कर देंगे तब्दील

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान, बद्दी।** बरोटीवाला स्थित हुतामाकी इंडिया के कामगार कंपनी प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को कंपनी प्रबंधन व कामगारों के बीच समझौता करवाने को लेकर श्रम कार्यालय में वार्ता रखी गई थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ। प्रदेश सचिव राजू भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को वार्ता रखी गई थी, लेकिन मैनेजमेंट का रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी प्रबंधन ने कामगारों की डिमांड पूरी नहीं की, तो आंदोलन को भूख हड़ताल में तब्दील कर देंगे। इस बीच में अगर किसी भी कर्मचारी को कुछ होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी मैनेजमेंट की होगी, अगर फिर भी मैनेजमेंट नहीं मानी, तो भूख हड़ताल को आमरण अनशन में तब्दील कर दिया जाएगा।

### नाहन में आया कोविड का पहला मामला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देश भर में कोरोना के मामले आने के बाद अब हिमाचल में भी कोरोना ने दस्तक दे दी है। प्रदेश में पहला मामला जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन स्थित डॉक्टर वाइएस परमार मेडिकल कॉलेज में आया है, जहां 82 वर्षीय एक महिला कोरोना संक्रमित पाई गई है। जानकारी के मुताबिक पच्छाद की रहने वाली 82 वर्षीय महिला कुछ दिनों से सर्दी, जुकाम, बीपी और बुखार से पीड़ित थी। इसके चलते परिजन उसे हॉस्पिटल नाहन ले आए, जहां टेस्ट करने के बाद कोविड की पहचान हुई। स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने और मास्क का उपयोग करने की सलाह दी है।

### पर्यावरण दिवस पर जौणाजी में शिविर आज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जौणाजी में एक शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि यह शिविर दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत जौणाजी में आयोजित किया जाएगा।

### सरकारी कृषि योजनाओं के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र सोलन द्वारा जौणाजी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान को और गति देने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में जौणाजी तथा आसपास के गांवों के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को इफको के सहयोग से आयोजित किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कृषि में वैज्ञानिकों व किसानों के बीच दूरी को पाटने के प्रयासों को बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने इस अवसर पर किसानों को आगे बढ़कर वैज्ञानिकों व राज्य के कृषि, औद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों से संपर्क बढ़ाने तथा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। चर्चा के दौरान प्रोफेसर चंदेल ने खेती में कम लागत वाली तकनीकें अपनाने का आह्वान किया। प्राकृतिक कृषि के राष्ट्रीय मिशन के बारे में भी उन्होंने विस्तृत चर्चा की तथा आसपास के प्राकृतिक कृषि कर रहे प्रगतिशील किसानों शैलेंद्र शर्मा व बुध राम के द्वारा प्रयोग की जा रही तकनीकों का अध्ययन कर अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि में स्वतंत्रता के बाद बहुत विकास हुआ है तथा देश अपनी खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में सफल रहा है।



किसानों को संबोधित करते नौणी यूनिवर्सिटी के वीसी राजेश्वर सिंह चंदेल।

# कालाअंब में युवक की हत्या का 48 घंटे में खुलासा, दोस्त अमृतसर से दबोचा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** 30 मई को कालाअंब क्षेत्र के पालियों में एक युवक घायल अवस्था में पाया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए नाहन अस्पताल भेजा गया।

गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से खून से सने ग्लव्स, बेसबॉल डंडा और अन्य भौतिक साक्ष्य एकत्र किए। पास के सीसीटीवी फुटेज की जांच में पता चला कि पीड़ित की डस्टर गाड़ी मारपीट के बाद घटनास्थल से जाती दिखी। उज्जल माजरी फॉरेस्ट चैक पोस्ट के कैमरों में गाड़ी की मूवमेंट सुबह 4 बजकर 12 मिनट पर घटनास्थल की ओर और 5 बजकर 2 मिनट पर वापसी करते हुए रिकॉर्ड हुई। इससे पुलिस को दिशा मिली और जांच की दिशा तय हुई। इलाज के दौरान 2 जून को चंडीगढ़ के ओजस अस्पताल में घायल युवक जितेंद्र की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में अब हत्या की धारा 103 बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस की टीम ने अमृतसर से आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है और उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। एसपी निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि सिरमौर पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर केस को 48 घंटे में सुलझा लिया है। उन्होंने जांच टीम की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की।



# आयुर्वेद पद्धति से असाध्य रोगों का उपचार संभव: उमेश

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सोलन के लोगों को आयुर्वेद पद्धति के लाभ बारे जानकारी देने के उद्देश्य से भारत सरकार के आयुष विभाग मंत्रालय से पंजीकृत एसलिपियस वेलनेस संस्था दिल्ली ने राजगढ़ में अपना कार्यालय खोला। इसका शुभारंभ संस्था के आयुर्वेद सलाहकार उमेश कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि इस संस्था के संस्थापक डॉ. संजीव कुमार हैं। उमेश ने बताया कि एसलिपियस वेलनेस संस्था का उद्देश्य समाज में विभिन्न रोगों से पीड़ित व्यक्तियों का आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से उपचार करना है। इसके लिए संस्था द्वारा राजगढ़ क्षेत्र के गांव-गांव में आयुर्वेद का प्रचार व प्रसार किया जाएगा और लोगों को विभिन्न रोगों के आयुर्वेद पद्धति से निदान करने बारे जानकारी दी जाएगी। संस्था द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार के लिए जड़ी-बूटियों का काढ़ा बनाया गया है। इसके सेवन से कितनी भी पुरानी बिमारी क्यों न हो उसका उपचार संभव है।

# आपदा से निपटने की तैयारियों पर हुआ टेबल टॉप पूर्वाभ्यास

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पूरे प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिले में 6 जून को भूकंप आपदा के संबंध में आयोजित होने वाली 9वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के संबंध में पूर्वाभ्यास के तहत वर्चुअल माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।

टेबल टॉप एक्सरसाइज में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सलाहकार सेवानिवृत्त मेजर जनरल सुधीर बहल ने सभी जिले के साथ-साथ सोलन जिले को भी भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल के समय की जाने वाली तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। टेबल टॉप एक्सरसाइज के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि आपदा से पूर्व तैयारी ही आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान को कम कर सकती है। उन्होंने कहा कि टेबल टॉप मॉक ड्रिल के माध्यम से सभी स्तरों पर आपदा के समय और आपदा के उपरांत किए जाने वाले कार्यों की तैयारियां की जाती हैं और आपदा के संभावित नुकसान को न्यून किया जा सकता है। प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिला भी भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि 6 जून को सोलन जिले में सोलन में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन, सेंट ल्यूक्स स्कूल, सब्जी मंडी के समीप, पेट्रोल पंप तथा आनंद कांप्लेक्स में मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। नालागढ़ में औद्योगिक स्थलों एवं नागरिक अस्पताल, कसौली में चक्की मोड़, अर्की में ग्राम पंचायत चमयाल के शारदा पुल पर तथा नागरिक अस्पताल में मॉक ड्रिल की जाएगी। उन्होंने मॉक ड्रिल के समय राहत और बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी दिए।



## सिरमौर जिले में कल होगी मेगा मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से 9वीं राज्यव्यापी आपदा प्रबंधन मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन सिरमौर जिले के सभी उपमंडलों में 6 जून को किया जाएगा। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि मॉकड्रिल उपमंडल नाहन के रूचिरा पेपर मिल कालाअंब, त्रिलोकपुर कालाअंब को जोड़ने वाले त्रिलोकपुर पुल, नाहन स्कूल, डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन, उपमंडल पच्छाद के अंतर्गत सराहां बाजार, उपमंडल कफोटा के अंतर्गत सतौन स्कूल, उपमंडल राजगढ़ के अंतर्गत नेहरू ग्राउंड के समीप राजगढ़ बाजार, उपमंडल शिलाई के गांव चयाना में आयोजित होंगी।

# मेरा गांव, मेरा देश संस्था ने स्कूलों को पॉलीब्रिक बनाने को किया प्रेरित



पॉलीब्रिक से बनाया गया बैंच।

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पावंटा साहिब।** पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था एक अनोखी मुहिम चला रही है। इस मुहिम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के बच्चों को शामिल कर प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

गर्मी की छुट्टियों में सभी बच्चे घरों में फैले प्लास्टिक रैपर्स को इकट्ठा करें और उन्हें खाली प्लास्टिक की बोतलों में भरकर पॉलीब्रिक तैयार करें। पॉलीब्रिक का उपयोग स्कूल में बेंच बनाने के लिए, हर्बल गार्डन के सौंदर्यीकरण में ईंटों के विकल्प के रूप में किया जाएगा। यह एक टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी उपाय है। छात्र तैयार किए गए पॉलीब्रिक्स अपने स्कूल में जमा करवाएं। मेरा गांव, मेरा देश एक सहारा संस्था का यह एक छोटा सा कदम पूरे समाज के लिए बड़ा परिवर्तन ला सकता है। हम सब मिलकर इस पर्यावरण संरक्षण अभियान को सफल बनाएं।

# बिशू मेले में ठोडा खेल ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

श्री शिरगुल देवता की जन्मस्थली शाया छबरोण में बीते तीन दिनों से चल रहे बिशू मेले का बुधवार को समापन हो गया।

इसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने मेले में ठोडा खेल का भरपूर आनंद लिया। मेले में ठोडा खेल की दो टीमें अर्थात खूंदो ने भाग लिया। इसमें शलेच गांव के छमराल गौत्र के शाठड़ तथा नारकंडा के पांषड़ गौत्र की टीम ने भाग लिया। शिरगुल मंदिर समिति के मिडिया प्रभारी शेरजंग चौहान ने बताया कि शिलगुल देवता की प्रसन्नता तथा क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए यह बीशू मेला कालांतर से मनाया जा रहा है। इस मेले का आयोजन हर तीसरे साल किया जाता है। इसमें एक साल शिरगुल देवता की जातर चूड़धार जाती है, जहां शिरगुल देवता अपनी तपस्थली में जाकर स्नान करते हैं और उससे अगले वर्ष शाया में बीशू मेले का आयोजन किया जाता है। शेरजंग चौहान ने बताया कि बीशू मेला आरंभ होने से करीब तीन दिन पहले शिरगुल मंदिर से नगाड़ा को पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ मेला स्थली अर्थात जुबड़ी को लाया जाता है। मेले से पहले कुल पांच नगाड़े मंदिर जुबड़ी को लाए जाते हैं, जिनमें से तीन नगाड़े जुबड़ी में रखे जाते हैं, जिन्हें मेला संपन्न होने के उपरांत वापस मंदिर छोड़ दिए जाते हैं। महाभारत कालीन ठोडा खेल धनुर्धर विद्या का प्रतीक है, जिसे विशेषकर सिरमौर और जिला शिमला में बीशू अथवा उत्सव पर खेला जाता है। इसमें दो खिलाड़ी एक दूसरे को तीर मारते हैं, जिसमें घुटने से ऊपर तीर मारना फाऊल माना जाता है। कालांतर में दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होता था, जिससे कई बार झगड़े भी हो जाते थे, लेकिन अब लोग इसे शौक से खेलते हैं।



श्री शिरगुल देवता की जन्मस्थली शाया छबरोण में मेले का आनंद लेने पहुंचे लोग।

# क्रीड़ा व कुश्ती प्रतियोगिताएं हुईं

**अनंत ज्ञान, अर्की।** ग्राम पंचायत घणागुघाट का दो दिवसीय मेला हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंग में सराबोर होकर संपन्न हुआ। मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताएं तथा कुश्ती का आयोजन रहा। मेले में महिलाओं की लोक नृत्य प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें स्वयं सहायता समूह महिला मंडल छिब्बर गांव की महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस नृत्य में कृष्ण का किरदार ललिता ने और राधा का किरदार कौशल्या तथा कुसुम ने यशोदा मैया का किरदार निभाया। शेष सभी महिलाओं ने सखियों का किरदार निभाया। महिला मंडल प्रधान सरला ने पंचायत प्रधान मधुबाला, उपप्रधान प्रवीण तथा सभी सदस्यों का मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया।

**अवलोकन** डीसी सिरमौर ने जारी की अधिसूचना, संबंधी आक्षेप एवं सुझाव 9 जून तक दें

# नगर पंचायत राजगढ़ के वार्डों के परिसीमन तय

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने वर्ष 2025-26 में होने वाले शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नगरपंचात राजगढ़ के वार्डों का परिसीमन निर्धारण कर सूची जन साधारण के लिए अवलोकन के लिए अधिसूचित की है। अधिसूचना के अनुसार यदि जन साधारण को इन नगरपंचायतों के वार्डों के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव हो तो वह 9 जून सायं 5 बजे तक अपना आक्षेप एवं सुझाव लिखित रूप में डीसी सिरमौर को प्रस्तुत कर सकते हैं।

डीसी ने बताया कि नगरपंचायत राजगढ़ में कुल 7 वार्ड हैं, जिसमें नं-1, कलोनी वार्ड की सीमा राजगढ़-हरिपुरधार-हाब्बन सडक की क्रोसिंग पर, पेट्रोल पंप से आरंभ होकर पेट्रोल पंप को घेरते हुए दक्षिण की ओर शलाणा पंचायत की सीमा तक पहुंचकर फिर इस पंचायत की सीमा के साथ-2 पूर्व की ओर चलते हुए चंदेल निवास लोनिवि विश्राम गृह अधिशाषी अभियंता कार्यालय डीएवी स्कूल को घेरते हुए आदि। 2 बस स्टैंड वार्ड-इस वार्ड की सीमा राजगढ़-हरिपुरधार-हाब्बन सड़क की क्रॉसिंग पर पेट्रोल पंप को छोड़ते हुए आरंभ होती है, इस स्थान से दक्षिण की ओर चलते हुए शलाणा पंचायत की सीमा पर पहुंचकर फिर पश्चिम की ओर चलते हुए गैस गोदाम को घेरते हुए राजगढ़ खैरी सड़क पर पहुंचकर उसके आगे नगर पंचायत राजगढ़ की सीमा के साथ-2 चलते हुए कृष्ण ठाकुर के निवास को घेरते हुए उसके आगे उत्तर की ओर चलते हुए आदि। 3 राधा कृष्ण मंदिर इस वार्ड की सीमा आर्य समाज मंदिर से आरंभ होती है यह सीमा आर्य समाज मंदिर से उत्तर की ओर नगर पंचायत राजगढ़ की सीमा के साथ-2 चलकर शिरगुल देवता मंदिर तक पहुंचती है, जहां से सीमा पूर्व की ओर नगर पंचायत राजगढ़ के पक्के रास्ते के साथ-2 चलकर राजगढ़ सोलन सड़क पर पहुंचती है, जहाँ से दक्षिण की ओर चलते हुए स्कूल हास्टल निरंकारी भवन ओम आदि। चार नेहरू मैदान वार्ड इस वार्ड की सीमा राजगढ़-सोलन सड़क पर राधिका निवास को घेरते हुए आगे सवांगी राम के मकान को सम्मिलित करते हुए आगे चलकर आदि है। पांच स्कूल वार्ड इस वार्ड की सीमा हाब्बन सडक से निकलने वाले खाले पर नेहरू मैदान के सामने गीता राम के भवन को छोड़ते हुए आरंभ होती है, जहां से उत्तर की ओर जाते हुए इस खाले के साथ-साथ चलकर नगर पंचायत राजगढ़ की उत्तरी सीमा तक पहुंचती है आदि।

## परवाणू के वार्डों का प्रस्ताव सीमांकन प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर परिषद परवाणू के सभी वार्डों के सीमांकन के संबंध में प्रारूप प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी निवासी को प्रस्ताव में निहित अधिसूचना से संबंधित कोई आपात्ति या सुझाव हो, तो वह अधिसूचना के प्रकाशन से 7 दिन के भीतर फार्म 2 भरकर सुझाव अथवा आपत्ति डीसी कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि प्रारूप सीमाकंन के अनुसार नगर परिषद परवाणू के सभी 9 वार्डों की परिधि दर्शाई गई है। वार्ड नंबर 1 कामकाजी महिला छात्रावास वार्ड की परिधि में कसौली चौक से कामकाजी महिला छात्रावास तक, कामकाजी महिला छात्रावास से गांव कामली की सीमा तक, कामली गांव की सीमा से हिमफेड कंपनी तक तथा हिमफेड कंपनी से कसौली चौक तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर 2 एचआरटीसी वर्कशॉप वार्ड की परिधि में चानन कांता से गांव गुम्मा की सीमा तक, गांव गुम्मा की सीमा से उच्चा परवाणू तक, उच्चा परवाणू से सागर फूड कंपनी तक तथा सागर फूड कंपनी से चानन कांता छात्रावास तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर-3 आईशर वार्ड की परिधि में आईशर कंपनी से शिवाथिन कंपनी तक, शिवाथिन कंपनी से एक्सपेरिमेंट हाउस तक, एक्सपेरिमेंटल हाउस से सिरमौर कंपनी तक और सिरमौर कंपनी आईशर फैक्टरी तक का क्षेत्र सम्मिलित है। वार्ड नंबर-4 गैबरियल वार्ड की परिधि में रेलवे लाइन से विडसमौर होटल तक, विडसमौर होटल से कालका फिलिंग स्टेशन तक आद है। वार्ड नंबर-5 हाउसिंग बोर्ड विश्राम गृह वार्ड की परिधि में एचआईजी ब्लॉक से गांव गुम्मा की सीमा तक, गांव गुम्मा की सीमा से आईशर स्कूल तक, आईशर स्कूल से क्लीयर लाइन कंपनी तक आदि है। वार्ड नंबर-6 शॉपिंग सेंटर वार्ड की परिधि में पानी भंडारण टैंक से शॉपिंग सेंटर तक, शॉपिंग सेंटर से रेलवे पुल तक, रेलवे पुल से स्लम एरिया तक आदि है।



## न्यूज ब्रीफ

### क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर होगी मरम्मत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की सड़क समिति की एक बैठक आज यहां समिति अध्यक्ष दिलीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य पार्षद सरबजीत कौर, महेशिंद्र सिंह सिधू, सुमन देवी, निर्मला देवी, मानौर, नरेश पांचाल तथा नगर निगम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विभिन्न सेक्टरों और गांवों में सड़कों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई और तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जो सड़कें अत्यधिक खराब स्थिति में पाई गई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा और वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही पुनः मरम्मत (रिसर्फेसिंग) की जाएगी। समिति ने ऐसे मार्गों की पहचान कर उनकी सूची शीघ्र तैयार करने और बिना किसी देरी के टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का सुझाव दिया। सदस्यों ने यह भी जोर दिया कि कार्य की गुणवत्ता उच्च स्तर की हो और समय पर पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। समिति ने चंडीगढ़ की सड़क अवसंरचना को बेहतर बनाने और नगर निगम की निधियों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### खराब मौसम को लेकर एमसी चंडीगढ़ ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में संभावित वर्षा और आंधी-तूफान की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर के सभी निवासियों और आगंतुकों के लिए एहतियाती परामर्श जारी किया है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने बुधवार को कहा कि जनसुरक्षा सुनिश्चित करने और जन-धन की क्षति से बचाव के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के दौरान भारी, पुराने या अधिक पत्तों वाले पेड़ों के नीचे वाहन पार्क न करें। बारिश या तेज हवाओं के समय पुराने या कमजोर दिखने वाले पेड़ों के नीचे खड़े होने या आश्रय लेने से बचें। बारिश के दौरान या उसके बाद बिजली के खंभों, स्ट्रीट लाइट्स या पार्क की लाइट फिटिंग को न छुएं, इससे करंट लगने का खतरा हो सकता है। आयुक्त ने सभी नागरिकों से सतर्कता बरतने और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण सहयोग की अपील की। ये उपाय जनहित और शहर के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू किए जा रहे हैं। नगर निगम चंडीगढ़ स्वच्छ, हरित और सुरक्षित 'सिटी ब्यूटीफुल' बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रयास में नागरिकों से निरंतर सहयोग की अपेक्षा करता है।

### रोहतक के गांवों में सरपंच पदों के उपचुनाव 15 को

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा पंचायतीराज चुनाव नियमावली के तहत जिला के सांपला व कलानौर खंडों के गांवों अटायल व बनियानी में सरपंच पदों के लिए 15 जून को उपचुनाव होंगे। इसके लिए मतदान केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। सांपला व कलानौर के तहसीलदारों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं कि वे संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी करवाए कर सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस भी चस्पा करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि अटायल गांव में सरपंच पद के उपचुनाव के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। बनियानी गांव में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच मतदान केंद्र स्थापित किए गए है। गांव बनियानी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का पैतृक गांव है।

### पलवल में 10 लाख का गांजा पकड़ा

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को धर दबोचा। आरोपी के पास से 30.382 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये है। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी रविंद्र कुमार की अगुवाई में टीम ने यह कार्रवाई नशा रोकथाम अभियान के तहत की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी जसीम बाइक पर गांजा लेकर हसनपुर से होडल की ओर जा रहा है। रिवालबी-नंगलगढ़ रोड पर अगवानपुर नहर के पास पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी गांजा को कट्टों में छिपाकर बाइक पर ले जा रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता के आगे उसकी एक न चली।नोडल अधिकारी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि मंगलसी में तलाशी के दौरान गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत हसनपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम के काम को तय समयसीमा में करें पूरा: सैनी

## श्रद्धा से मनाया जाएगा श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुओं की विरासत को संरक्षित करने तथा उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुरुक्षेत्र में बनाए जा रहे सिख म्यूजियम तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां गुरुओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सकें।

सैनी बुधवार को कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख म्यूजियम और गुरु रविदास म्यूजियम के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में सिख म्यूजियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि वह सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान की संपूर्ण झलक प्रस्तुत करे। म्यूजियम में हरियाणा राज्य के उन सभी स्थलों की जानकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जाए, जहां-जहां सिख गुरुओं ने अपने चरण कमल रखे हैं, ताकि जनता को गुरुओं के आध्यात्मिक, सामाजिक और ऐतिहासिक योगदान की जानकारी प्राप्त हो सके।

इसी प्रकार, मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि गुरु रविदास म्यूजियम के भव्य निर्माण पर कहा कि इस म्यूजियम को न केवल स्थापत्य की दृष्टि से भव्य बनाया जाए, बल्कि इसकी विषयवस्तु भी संत रविदास जी के जीवन दर्शन, आध्यात्मिक विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने वाली होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस का 350वां वर्ष आगामी नवंबर माह में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर को बड़े स्तर पर भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए अभी से योजनाबद्ध तैयारियां आरंभ की जानी चाहिए, ताकि यह कार्यक्रम न केवल ऐतिहासिक रूप से यादगार बने बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सिख गुरुओं की अमर गाथा, त्याग और बलिदान का संदेश प्रभावशाली ढंग से पहुंच सके। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अपूर्व कुमार सिंह, डॉ. अमित अग्रवाल तथा महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव यशपाल यादव, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के महानिदेशक अमित खत्री, एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक चंद्रशेखर खरे, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती, ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह आदि भी उपस्थित थे।

# शहरी निकायों को सशक्त बनाने के लिए सेतु आयोग ने सीएम को सौंपी रिपोर्ट



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को सचिवालय में सेतु आयोग ने नगर निकायों के सशक्तिकरण की दिशा में गहन विश्लेषण आधारित रिपोर्ट सौंपी। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि नगर निगम और निकायों को स्वावलंबी और सशक्त बनाने, प्रदेश के शहरी विकास और नगरों की समस्याओं को सुधारने की दिशा में सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट के प्रमुख बिंदु निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय स्वायत्तता और राजस्व जुटाने की क्षमता बढ़ाना और भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में शामिल 18 कार्यों (जैसे जल आपूर्ति, सार्वजनिक स्वास्थ्य, शहरी नियोजन) को निकायों को हस्तांतरित करना है।

रिपोर्ट में तकनीकी नवाचार के लिए स्मार्ट गवर्नेंस, जीआईएस मैपिंग और डाटा-आधारित निर्णय लेने को बढ़ावा देना है।

निकायों के कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यों में इस दिशा में किए गए सुधारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई है। देश के सफल शहरी निकायों के मॉडलों को उत्तराखंड की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी रूप से ढ़ाले जाने के लिए भी सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट में आपदा-रोधी योजना, भू-स्खलन प्रबंध नियोजन में आम लोगों की राय को प्राथमिकता देने का भी जिक्र किया गया है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्धन, सेतु आयोग सीईओ शत्रुघ्न सिंह, सचिव शहरी विकास सचिव नितेश झा, राधिका झा, श्री चंद्रेश यादव,सेतु आयोग से डॉ. भावना शिंदे, डॉ. प्रिया भारद्वाज, श्री अंकित कुमार एवं शहजाद अहमद मलिक उपस्थित थे।

# हरियाणा में एडीए व डीडीए के तबादले होंगे ऑनलाइन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने बुधवार को सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए ) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) के लिए ऑनलाइन स्थानांतरण नीति शुरू की। इस पहल का औपचारिक उद्घाटन हरियाणा की गृह, जेल,आपराधिक जांच और न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से इन रिक्तियों को व्यवस्थित रूप से भरने के लिए डिजाइन किया गया है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण नीति में विशेष रूप से सहायक जिला अटॉर्नी (एडीए) और उप जिला अटॉर्नी (डीडीए) कैडर के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में 185 एडीए कर्मचारी हैं, जिनमें से 117 को 'डीम्ड' स्थानांतरण के लिए और 68 ने वॉलंटरी (स्वैच्छिक) स्थानांतरण का विकल्प चुना है। डीडीए कैडर के लिए 31 कर्मचारी हैं, जिनमें से 15 'डीम्ड' स्थानांतरण और 16 वॉलंटरी (स्वैच्छिक) आवेदक हैं। उन्होंने बताया कि डीडीए कैडर के 84 प्रतिशत कर्मियों और एडीए कैडर के 76 प्रतिशत कर्मचारियों को उनके द्वारा चुने गए पहले पांच पसंदीदा स्टेशनों में से अपना स्टेशन मिल गया है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्थानांतरण नीति की यह पहल सुशासन और कर्मचारी-केंद्रित प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रशासनिक आधुनिकीकरण के व्यापक उद्देश्य को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर अभियोजन विभाग के अतिरिक्त निदेशक मदन लाल शर्मा, गुरप्रीत सिंह और संदीप आदि उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ में कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर भड़के राहुल गांधी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज यानी बुधवार को हरियाणा दौरे पर थे। उन्होंने चंडीगढ़ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में 'संगठन सृजन कार्यक्रम' के तहत करीब 3 घंटे तक प्रदेश नेताओं और पर्यवेक्षकों की बैठक ली। करीब 8 महीने पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद राहुल गांधी पहली बार प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे।

राहुल गांधी ने सबसे पहले पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सिरसा सांसद कुमारी शैलजा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला समेत 17 वरिष्ठ नेताओं की बैठक ली। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक के बाद उन्होंने प्रदेश में पार्टी का संगठन खड़ा करने के लिए हाईकमान की ओर से नियुक्त 22 जिला पर्यवेक्षकों से मुलाकात की और उनका फीडबैक लिया। इसके बाद दोपहर करीब 2.30 बजे वे कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। अब बैठक में क्या चर्चा हुई, इसे लेकर प्रदेश प्रभारी बीके हरि प्रसाद शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, लेकिन अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक राहुल ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया है।

सूत्रों के अनुसार हरियाणा में कांग्रेस का 11 साल से कोई संगठन नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण गुटबाजी है। वरिष्ठ नेताओं में आपसी कलह के कारण ही कांग्रेस को 2024 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इस हार पर राहुल गांधी ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की और इसे खत्म करने को लेकर स्पष्ट संदेश दिया है।

### चंडीगढ़ में राहुल गांधी का किया गर्मजोशी से स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को राहुल गांधी का चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह का नेतृत्व चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने किया, जिन्होंने राहुल गांधी का अभिनंदन किया और उन्हें चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से परिचित कराया, जिनमें हाल ही में निर्वाचित वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर भी शामिल थे। यह दौरा उस समय हुआ है जब केंद्रशासित प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक नई ऊर्जा और पुनरुत्थान का दौर शुरू हुआ है। लक्की ने राहुल गांधी को बताया कि चंडीगढ़ कांग्रेस ने दस वर्षों के बाद संसदीय सीट जीतकर एक ऐतिहासिक वापसी की है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम चुनावों में पार्टी ने लगभग 12 वर्षों के अंतराल के बाद वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पदों पर जीत हासिल की।

### मस्क के पिता-बहन ने किए रामलला के दर्शन




**एजेंसी, अयोध्या।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क के पिता एरोल मस्क और उनकी बेटी एलेक्जेंड्रा के साथ भारत दौरे पर हैं। बुधवार को दोनों दिल्ली से अयोध्या पहुंचे। एरोल मस्क राम मंदिर पहुंचे और राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। जानकारी के मुताबिक रामलला के दर्शन के बाद उन्होंने हनुमानगढ़ी पर भी दर्शन पूजन किया। बता दें 3 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर चार्टर प्लेन से एरोल मस्क अयोध्या पहुंचे। एरोल मस्क ने कहा कि भारत और यहां के लोगों को व्यवहार बहुत अच्छा है और वह भारतीय संस्कृति को जानते-समझते हैं। साथ ही कहा कि आने वाले समय में भारत और अमेरिका के रिश्ते काफी अच्छे होंगे। दोनों ही देश के राजनेता काफी अच्छे हैं। (अनंत ज्ञान)

### ओवैसी ने गल्फ देशों में खोली पाकिस्तान की पोल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गल्फ देशों के सामने पड़ोसी पाकिस्तान को बेनकाब किया। चार देशों के दौरे पर गए ओवैसी ने गल्फ देशों को बताया कि पड़ोसी मुल्क कई वर्षों से भारत में आतंकवाद फैला रहा है। अपने संबोधन में ओवैसी ने पहलगाम आतंकी हमले से पहले 15 अप्रैल को पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर की ओर से दिए गए भड़काऊ भाषण का भी जिक्र किया। एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने बुधवार को कहा कि हम चार देशों के दौरे पर गए थे। वहां हमने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि ये सभी देश इस्लामिक सहयोग संगठन के सदस्य हैं, और इनमें से तीन देश खाड़ी सहयोग परिषद के भी सदस्य हैं। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 260 अंक उछला, निफ्टी 24620 पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद बुधवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी तीन दिनों की गिरावट के बाद बुधवार को हरे निशान पर बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी बड़ी कंपनियों में खरीदारी से भी बाजार को मजबूती मिली। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक या 0.32 प्रतिशत चढ़कर 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 349.78 अंक या 0.43 प्रतिशत चढ़कर 81,087.29 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 77.70 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 24,620.20 पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# कांग्रेस और भाजपा में पोस्टर वार

- कांग्रेस ने मोदी और ट्रंप का फोटो किया जारी, लिखा- नरेंद्र सरेंडर नहीं होना था
- भाजपा ने राहुल-मुनीर को एक साथ दिखाया, कहा- वन एजेंडा, वन ड्रीम

एजेंसी, नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार जारी है। कांग्रेस ने मंगलवार देर रात पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत का पोस्टर जारी किया। इसमें ट्रंप मोदी को सरेंडर होने को कहते हैं, जवाब में मोदी जी हजूर कह रहे हैं। कांग्रेस ने लिखा, 'नरेंद्र सरेंडर नहीं होना था।'

वहीं, इसके जवाब में भाजपा की ओर से असम सरकार में मंत्री अशोक सिंघल ने भी देर रात 11 बजे राहुल गांधी का एक्स पर पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में राहुल गांधी की फोटो को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ लगाया गया है। मुनीर राहुल के गले में निशान-ए-पाकिस्तान पहना रहे हैं। इसके साथ ही वन एजेंडा, वन ड्रीम यानी एक एजेंडा, एक सपना लिखा है। इससे पहले 20 मई को भी भाजपा नेता अमित मालवीय ने राहुल का चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया था। (अनंत ज्ञान)







### बाहरी दबाव से मुक्त हों जज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना हो सकती है, लेकिन किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। न्यायाधीशों को किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहना चाहिए। सीजेआई ने कहा, '1993 से पहले भारत में जजों की नियुक्ति का अंतिम फैसला सरकार के पास होता था और इस दौरान दो बार ऐसा हुआ जब सरकार ने सीनियर जजों को नजरअंदाज कर किसी और को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। उन्होंने रिटायर जजों के चुनाव लड़ने पर भी सवाल किया। देश के मुख्य न्यायाधीश गवई लंदन में यूके के सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित राउंड-टेबल में बोल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# मस्क ने ट्रंप के फंडिंग बिल को बताया बेतुका और फिजूलखर्ची

## कहा- संसद देश को दिवालिया बना रही, यह असहनीय

एजेंसी, वॉशिंगटन



टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए फंडिंग बिल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे घिनौना और शर्मनाक बताया है। मस्क ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं अब और सहन नहीं कर सकता। यह बिल बहुत बड़ा, बेतुका और फिजूल खर्चों से भरा है। जिन लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया, उन्हें शर्म आनी चाहिए।'

मस्क ने कहा कि इस बिल से अमेरिका का बजट घाटा 2.5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस (संसद) देश को दिवालिया बना रही है। एक दूसरे पोस्ट में मस्क ने कहा कि अगले साल नवंबर में हम उन सभी राजनेताओं को हटाएंगे, जिन्होंने जनता को धोखा दिया है। व्हाइट हाउस के कई अधिकारी मस्क की इतनी तेज आलोचना से हैरान हैं। हालांकि उन्हें मस्क की राय पता थी, लेकिन उन्होंने इतनी सख्त सार्वजनिक प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं की थी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप अपने फैसले पर कायम

**ट्रंप** अपने फैसले पर कायम हैं। बिल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह अविश्वसनीय है और बजट घाटा कम करता है। उन्होंने संकेत दिया कि वह और बड़े टैक्स कट्स चाहते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने कहा कि राष्ट्रपति को मस्क की राय पहले से पता है और वह बिल को सही मानते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' को सम्मान देने के लिए भुज में बनेगा सिंदूर वन

**एजेंसी, भुज।** कच्छ जिले में गुजरात सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सम्मान देने के लिए अहम घोषणा की है। भुज शहर के पास 20 एकड़ में सिंदूर वन बनाया जाएगा। यह वन पीएम मोदी की हाल ही में हुई सभा वाली जगह पर बनाया जाएगा। इस वन में पर्यटक एस-400, आईएनएस विक्रांत, राफेल की प्रतिकृतियां देख सकेंगे। गुजरात सरकार से मिली जानकारी के अनुसार यह 'सिंदूर वन' वर्ष 2027 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस बारे में कच्छ कलेक्टर आनंद पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेना, सरकार और समाज ने मिलकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। (अनंत ज्ञान)

### ईरान में बंधक बनाए तीन भारतीय रिहा

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान पुलिस ने तीन भारतीयों को बंधकों से मुक्त करवा लिया है। तीनों भारतीयों के अपहरण की सूचना तेहरान पुलिस को 1 मई को दी गई थी। भारत में ईरानी दूतावास ने 29 मई को कहा था कि वह लापता हुए तीनों भारतीय नागरिकों को खोजने के लिए ईरानी सरकार के संपर्क में है। हुशनप्रीत सिंह, जसपाल सिंह और अमृतपाल सिंह पंजाब के रहने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में स्टील-एल्युमीनियम पर 50 % टैरिफ लागू

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका में बुधवार से स्टील और एल्युमिनियम के आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे जुड़े आदेश पर साइन कर दिए हैं। हालांकि उन्होंने इस टैरिफ से ब्रिटेन को बाहर रखा है।

उस पर पहले की तरह 25 प्रतिशत टैरिफ ही लागू होगा, क्योंकि अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पहले से ट्रेड समझौते पर बातचीत जारी है। ट्रंप ने 30 मई को स्टील और एल्यूमीनियम इंपोर्ट पर मौजूदा टैरिफ को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

### भारत के 39 हजार करोड़ के निर्यात पर असर

**50** प्रतिशत टैरिफ लगाने से 39 हजार करोड़ रुपए के भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर असर पड़ने की संभावना है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने अपने एक नई एनालिसिस रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इन कैटेगरी पर टैरिफ में बढ़ोतरी से अमेरिका में भारत की मार्केट हिस्सेदारी और प्रॉफिटेबिलिटी को चुनौती मिलेगी।

# मिजोरम में 11 दिन में 626 लैंडस्लाइड, 5 मौतें

## सिक्किम के लाचेन में अभी भी 83 टूरिस्ट फंसे, छह लापता; तलाश जारी

एजेंसी, नई दिल्ली



नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में पिछले दो हफ्तों से भारी बारिश लगातार जारी है। बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण लाखों लोग प्रभावित हैं। सिक्किम के लाचेन में मंगलवार को भारतीय सेना ने विदेशी नागरिकों सहित 30 टूरिस्ट को एयरलिफ्ट करके रेस्क्यू किया। 83 लोग अब भी फंसे हैं। 6 लोग लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। मिजोरम में सरकार ने टूरिस्ट्स के लिए एडवाइजरी जारी की है।

लोगों से 13 जून तक राज्य में आने से बचने की अपील की गई है। राज्य में 24 मई से तेज बारिश जारी है। तब से 3 जून तक, 11 दिनों में मिजोरम में 626 लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। असम में मंगलवार को बाढ़ से 6 और लोगों की मौत हो गई। यहां लैंडस्लाइड-बाढ़ में मरने वालों आंकड़ा 17 पहुंच गया है। राज्य के 21 जिले के 6.5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 7 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में 1.64 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 35 हजार से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है। करीब 4 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। बीते 4 दिन में 100 से ज्यादा लैंडस्लाइड की घटनाएं हुई हैं।

नगालैंड को मणिपुर से जोड़ने वाले राष्ट्रीय मार्ग-2 का 50 मीटर का हिस्सा धंस गया है। मध्य प्रदेश और बिहार में भी आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज दोनों राज्यों में 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है। एमपी के 17 और बिहार के 29 जिलों में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

## कोरोना

## देशभर में कोरोना के 4302 एक्टिव केस, अब तक 44 मरीजों की हो चुकी मौत

# भारत के 27 राज्यों में फैल चुका कोरोना का नया वैरिएंट

एजेंसी, नई दिल्ली



देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को ही 300 नए केस मिले। सबसे ज्यादा गुजरात में 108 और महाराष्ट्र में 86 मामले सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केसों की संख्या 4302 पहुंच गई है। कोरोना 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से फैल चुका है। हालांकि 9 राज्यों में अब तक एक भी मामला नहीं है। सबसे ज्यादा 1373 एक्टिव केस केरल में हैं। वहीं महाराष्ट्र 510 केसों के साथ दूसरे नंबर है। कोरोना के नए वैरिएंट्स से देश में जनवरी से अब तक 44 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 37 मरीजों की मौत बीते 5 दिन में हुई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को 4 मरीजों ने जान गई है। राज्य में मरने वाला की संख्या 14 पहुंच गई है। इसके अलावा बीते दिन मंगलवार को दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु में भी 1-1 मौत हुई है। (अनंत ज्ञान)

### केरल में सर्दी-जुकाम और बुखार होने पर कोविड टेस्ट करवाना अनिवार्य

**देश** में कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस केरल राज्य में हैं। इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने बुधवार को हॉस्पिटल और हेल्थ वर्कर्स के लिए गाइडलाइंस जारी की है। इसके तहत राज्य के सभी हॉस्पिटल्स में मॉक ड्रिल होगी। इस दौरान कोरोना से बचाव के तरीकों को बताया जाएगा। साथ ही सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। हॉस्पिटल में मास्क लगाने के बाद ही एंट्री मिलेगी।

### कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी

**केंद्रीय** स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू बेड जैसी चीजों की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### इंग्लैंड के गेंदबाज एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट के कारण भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, ''एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है, क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है।'' 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती सीरीज में नहीं खेल सके थे। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं। (अनंत ज्ञान)



### कोहली ने आईपीएल जीतने के बाद भी टेस्ट क्रिकेट को बताया सर्वोपरि

**एजेंसी, अहमदाबाद।** आईपीएल खिताब जीतने के लिए 18 साल का इंतजार खत्म होने पर विराट कोहली अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके, लेकिन टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि पारंपरिक क्रिकेट को अभी भी वह टी20 से पांच पायदान ऊपर रखते हैं। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके कोहली ने युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि अगर सम्मान पाना है तो पारंपरिक प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने आरसीबी के खिताब जीतने के बाद मैथ्यू हेडन से कहा,''मेरे कैरियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है, लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है।'' उन्होंने कहा,''मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगो तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे।'' उन्होंने कहा ,''अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।'' (अनंत ज्ञान)

### नीलामी में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण हासिल करना खिताब की ओर पहला बड़ा कदम था: एंडी

**एजेंसी, अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पिछले साल बड़ी नीलामी में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण हासिल करना और अनुभवी खिलाड़ियों को चुनना इस फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले आईपीएल खिताब के सपने को पूरा करने की ओर 'पहला बड़ा कदम' था। आरसीबी ने मंगलवार को यहां फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र में खिताब का अपना लंबा इंतजार खत्म किया। फ्लावर ने कहा कि यह सब पिछले साल नीलामी में फ्रेंचाइजी द्वारा सही कदम उठाने से शुरू हुआ। फ्लावर ने कहा, '' नीलामी पहला बड़ा कदम होता है, जिसमें आपको अपनी रणनीति को यथासंभव सही रखना होता है। यह (टीम निदेशक) मो (बोबट) की सोच थी की रकम को थोड़ा अधिक संतुलित रूप से वितरित किया जाए। बड़े बल्लेबाजों के साथ बेहतर प्रतिभाओं को भी जोड़ा जाए, बड़े बल्लेबाज बेशक बेहतरीन खिलाड़ी हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमने नीलामी से पहले एक अच्छी गेंदबाजी आक्रमण की अहमियत को स्वीकार किया गया था और हमने उसी दिशा में काम किया।'' (अनंत ज्ञान)

### थिलाक्षी गमागे का ग्लैमरस अंदाज

**श्रीलंका।** क्रिकेटर सदीरा समरविक्रमा की पत्नी का थिलाक्षी गमागे है, जो बला की खूबसूरत और ग्लैमरस हैं। गमागे के इंस्टाग्राम पर हजारों फॉलोअर्स हैं। सदीरा अकसर अपनी पत्नी की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं।



## पंजाब किंग्स को श्रेयस के रूप में मिला एक समझदार और जज्बे वाला कप्तान

# भारतीय क्रिकेट के नए 'कैप्टन कूल' के तौर पर उभरे अय्यर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को पिछले साल खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में आवश्यकता हो सकती है।


महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद ही खास है, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए काफी बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।

केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया, क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस (टीम में बनाए रखने की रकम) की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को 30 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में एक समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला। ऐसा कप्तान जो करियर के उतार-चढ़ाव को शालीनता से संभालना जानता हो। शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन तीन जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए।

> **आईपीएल के फाइनल में हारने के बाद अय्यर के आत्मविश्वास में नहीं दिखी कोई कमी**

अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह एक 'बिंदास मुंबईकर' के मिश्रण का पुट दिखा। आईपीएल के फाइनल में मंगलवार को आरसीबी के खिलाफ छह रन की हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, ''अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है।'' इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा।

पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले 'आईसीसी रिव्यू' में कहा था, ''मैं वास्तव में बहुत दुखी था, लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है।'' उन्होंने कहा, ''उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है।'' दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ अपने फ्रेंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। इन दोनों के बीच काफी पुराना रिश्ता है। साल 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर ही अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रेंचाइजी के कप्तान बने।



### अय्यर की रणनीति पर थी बेजोड़ पकड़

**अय्यर** को आखिरकार इस सत्र में उसका हक मिल गया। इससे यह भी साफ हो गया कि मैच की परिस्थितियों की समझ और रणनीति पर उसकी पकड़ बेजोड़ थी। उन्हें पता था कि जिन पिचों पर उछाल की कमी है, वहां काइल जैमीसन की 'बैक ऑफ द लेंथ' गेंदें कारगर साबित होंगी और यह मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने विजयकुमार विशाख से बार-बार वाइड यॉर्कर डालने को कहा और यह कारगर साबित हुआ। क्वालीफायर दो में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने उनसे नकल बॉल से अपनी गेंदों की गति कम करने को कहा और यह कारगर भी रहा।

दिल्ली की फ्रेंचाइजी 2020 में आईपीएल फाइनल में पहुंची जो इस टीम की इस लीग की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। चोट के कारण ब्रेक लेने के बाद कैपिटल्स ने फैसला किया कि वे उन्हें टीम में बरकरार रख ऋषभ पंत को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। पंत उस समय के उभरते सितारे थे और कप्तानी की महत्वाकांक्षा रखते थे।

अय्यर इसके बाद केकेआर के कप्तान बने और टीम 2024 में चैंपियन बनी। अय्यर को हालांकि, इस खिताब का ज्यादा श्रेय नहीं मिला, क्योंकि उन्होंने टीम की जरूरतों के हिसाब से निचले क्रम में बल्लेबाजी की। टीम के तत्कालीन मेंटॉर और भारतीय टीम के मौजूदा कोच गंभीर को रणनीतिक सूझ-बूझ के लिए ज्यादा श्रेय मिला। कप्तान के सहज निर्णय और समझदारी की गयी तैयारियों पर किसी का ज्यादा ध्यान नहीं गया। कोई खिलाड़ी हालांकि, दो अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों का नेतृत्व करते हुए अलग-अलग प्रबंधन, अलग-अलग विचारधारा और खिलाड़ियों की बदलती सूची के साथ लगातार दो सत्र में फाइनल तक पहुंचता है तो उसकी रणनीतिक प्रतिभा को लंबे समय तक अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने दिखाया है कि रोहित शर्मा के वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें टीम की कप्तानी के लिए मजबूत उम्मीदवार माना जा सकता है। वह 50 ओवर के प्रारूप में बेहतरीन बल्लेबाज हैं और जब टी20 या टेस्ट की बात आती है तो वह जल्द ही दोनों प्रारूपों की टीम में जगह बनाने का माद्दा रखते है।'' (अनंत ज्ञान)

#### सर्वाधिक फिफ्टी
**विराट कोहली**
(आठ)
आरसीबी



#### सर्वोच्च पारी
**अभिषेक शर्मा**
(141)
पंजाब के खिलाफ



#### सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी
**मिशेल स्टार्क**
(5/35)
बनाम हैदराबाद



#### ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
(759 रन)
गुजरात



#### पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
(25 विकेट)
गुजरात



#### सर्वाधिक छक्के
**निकोलस पूरन**
(40)
लखनऊ



### आईपीएल में किसे क्या मिला

| | | |
|---|---|---|
| आरसीबी | : | 20 करोड़ रुपए |
| पंजाब | : | 13.5 करोड़ रुपए |
| मुंबई | : | 7 करोड़ रुपए |
| गुजरात | : | 6.5 करोड़ रुपए |

### कोच आमरे बोले-अय्यर ने खेल में सुधार करने पर की काफी मेहनत

**अय्यर** के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि भारतीय टीम से दूर रहने के दौरान उनके खेल में सुधार करने पर काफी मेहनत की है। अय्यर को मैच में अपना शत प्रतिशत नहीं देने वाले खिलाड़ी (क्वालीफायर 2 में शशांक सिंह का रन आउट) के खिलाफ भड़कते हुए देखा गया तो वहीं वह प्रियांश आर्य जैसे युवा के कंधे पर हाथ रखकर उसे अपना स्वाभाविक स्ट्रोक खेलने के प्रेरित करते भी दिखे। पंजाब किंग्स जब पहले क्वालीफायर में आरसीबी से हार गया था तो उन्होंने कहा था, 'हम लड़ाई हारे हैं, युद्ध नहीं।'' उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उन्होंने क्वालीफायर दो में मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 87 रन की पारी खेल कर इसे सही भी साबित किया। अय्यर के करीबी ने कहा, ''सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात विचारों की स्पष्टता है। वह प्रक्रिया का गंभीरता से पालन करने वाला खिलाड़ी है। वह शारीरिक फिटनेस से संबंधित अपनी दिनचर्या और अभ्यास को कभी नहीं छोड़ता। उसके लिए 'चिट मिल' जैसे कोई चीज नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने पिछले कुछ वर्षों में अपने दोस्तों के समूह को सीमित कर दिया है। वह इस बात को सुनिश्चित करना चाहता है कि उसके आस पास कोई नकारात्मकता न आए।''

## एशिया कप: भारतीय महिला हॉकी टीम थाईलैंड से करेगी आगाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल-ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को छह सितंबर को जापान से खेलना है, जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा।

### 5 सितंबर को होगा पहला मैच



भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा,''पूल-बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है।'' हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी, जहां सभी को एक-दूसरे से एक बार खेलना है। यहां से शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल चैंपियन आरसीबी का बेंगलुरु में जोरदार स्वागत

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब बेंगलुरु पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया।



विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर एकत्रित प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे।

बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। शहर में बारिश के मौसम ने भी अधिकारियों को ऐसा निर्णय लेने के लिए मजबूर किया होगा। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद कल रात भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री अगर विशेष अनुमति देते हैं तो अब भी परेड हो सकती हैं, क्योंकि खुली बस उनके कार्यालय के पास खड़ी है। (अनंत ज्ञान)

## गुकेश नॉर्वे शतरंज में नाकामुरा से हारे

**एजेंसी, स्टवांगेर।** अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश की क्लासिकल प्रारूप में लगातार जीत के सिलसिले को तोड़ते हुए पूरे तीन अंक हासिल किये, जबकि अर्जुन एरिगैसी ने नॉर्वे शतरंज में फैबियानो कारुआना को हराकर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी की। शुरुआती मुकाबलों में पिछड़ने के बाद गुकेश ने इस प्रतियोगिता में लय हासिल कर शानदार वापसी की थी। उन्होंने छठे और सातवें दौर में मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी पर जीत दर्ज की थी। वह हालांकि, नाकामुरा को चार घंटे तक चले मैच में ज्यादा परेशान नहीं कर सके और अमेरिका के खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारूप में जीत के साथ पूरे तीन अंक हासिल किये। भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी ने आठवें दौर के अहम मुकाबले में सफेद मोहरों से खेल रहे नॉर्वे शतरंज के पूर्व चैंपियन कारुआना को 'टाइम' प्रारूप में हराकर शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में अब दो और दो बचे हुए है और गुकेश 11.5 अंकों के साथ नाकामुरा के साथ तीसरे स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)



## टियाफो को हराकर मुसेटी फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, पेरिस।** लोरेंजो मुसेटी ने अपने बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल करते हुए फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह पक्की की। इटली के 23 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्टेडियम में ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुसेटी सामने अब गत चैंपियन कार्लोस अलकराज की चुनौती होगी। अल्काराज को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-0 6-1 6-4 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। महिलाओं के मुकाबलों में तीन बार की गत विजेता इगा स्वियातेक और आर्यना सबालेंका दोनों ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इन दोनों के बीच होने वाले अंतिम चार का मुकाबला बृहस्पतिवार को खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर जीती वनडे सीरीज

**एजेंसी, लंदन**

आदील राशिद की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की के वनडे करियर की पहली अर्द्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज के बारिश से प्रभावित आखिरी एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को सात विकेट से शिकस्त दी।

इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें अब शुक्रवार से तीन मैचों की टी20 सीरीज में भिड़ेंगी। स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और तीन छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी के कारण काफी देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच। इसके बार बारिश के कारण 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ।



यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराये की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने यहां गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक सात विकेट गंवा दिए। टीम हालांकि, नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही।(अनंत ज्ञान)

**जीत का जश्न** | विराट कोहली बोले-हमने पिछले अढ़ाई महीने में इस सफर का लिया पूरा मजा

## 18 साल करवाया इंतजार, लेकिन यह पल इंतजार के था लायक

**एजेंसी, अहमदाबाद**

18 साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने का जश्न मैदान पर उमड़े आंसुओं और अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मनाने के बाद विराट कोहली ने अपना हाल ए दिल सोशल मीडिया पर भी साझा करते हुए लिखा कि यह पल इंतजार के लायक था। कोहली ने पंजाब किंग्स पर फाइनल में छह रन से मिली जीत के बाद इंस्टाग्राम पर लिखा,''इस टीम ने यह सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। हमने पिछले अढ़ाई महीने में इस सफर का पूरा मजा लिया।''

उन्होंने कहा ,'' यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह वर्षों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिये खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिये है।'' कोहली ने कहा ,''जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो.. तुमने मुझे तुम्हें थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था।'' वहीं, उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। इस तस्वीर पर कैप्शन में उन्होंने लिखा,''समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं)। वहीं, दूसरे स्टेट्स में आरसीबी के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है,''शानदार प्रदर्शन पार्टनर। अब जाओ और असली काम करो और डाइपर्स बदलने के लिए तैयार हो जाओ।''



इंग्लैंड के क्रिकेटर साल्ट हाल ही में पिता बने हैं। आरसीबी के 29 मई को पहला क्वालीफायर जीतने के बाद वह अपनी पत्नी के पास रहने के लिए स्वदेश लौट गए थे और फाइनल मैच की सुबह ही लौटे। कोहली और साल्ट ने आईपीएल के इस सत्र में 664 रन की साझेदारी की। साल्ट ने इस सत्र में 387 रन बनाए, जबकि कोहली के नाम 657 रन रहे। (अनंत ज्ञान)